सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 14 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 190, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**10 कंपनियों की पूंजी 2.07 लाख करोड़ घटी**

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ की गिरावट आई। } 14

**शाह ने राज्यसभा के मनोनीत व्यक्तियों को दी बधाई**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा के लिए मनोनीत हुए चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों को बधाई दी और कहा कि उनका व्यापक ज्ञान, अनुभव एवं कौशल संसद में राष्ट्रीय विमर्श को और समृद्ध बनायेगा। } 16



## देश के सबसे साफ शहरों में तीसरे स्थान पर लखनऊ

### लखनऊ नगर निगम को दिल्ली में राष्ट्रपति से मिलेगा प्रेसिडेंशियल अवॉर्ड

विशेष संवाददाता

लखनऊ। केंद्र सरकार ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उत्तर प्रदेश के पांच शहरों लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर आगरा और नोएडा को स्थान दिया है। लखनऊ ने देश के टॉप तीन शहरों में स्थान प्राप्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 जुलाई को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में सम्मानित करेंगी।

इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय मिशन निदेशक और संयुक्त सचिव स्वच्छ भारत मिशन रूपा मिश्रा



ने इस संबंध में नगर विकास विभाग को पत्र भेज दिया है। केंद्र सरकार की ओर से भेजे गए पत्र के मुताबिक टॉप थ्री में स्थान प्राप्त करने पर लखनऊ को राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। विशेष कटेगरी में प्रयागराज और गोरखपुर को पुरस्कार दिया जाएगा। प्रयागराज... शेष पृष्ठ 14 पर

## पूर्व विदेश सचिव श्रृंगला, वकील निकम समेत चार राज्यसभा के लिए मनोनीत

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, केरल से भारतीय जनता पार्टी के नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने इन चार व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है।

अधिसूचना में कहा गया, भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उप-खंड (ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के साथ-साथ उस अनुच्छेद के खंड (3) के तहत राष्ट्रपति मनोनीत सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण उत्पन्न रिक्तियों को भरने के लिए उज्ज्वल देवराव निकम, सी. सदानंदन मास्टर, हर्षवर्धन श्रृंगला और डॉ. मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा के लिए मनोनीत चारों सदस्यों के योगदान की सराहना की है। मोदी



ने निकम की सराहना करते हुए कहा कि उज्ज्वल निकम का कानूनी क्षेत्र और हमारे संविधान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। वह न केवल एक सफल वकील रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय के प्रयासों में भी सबसे आगे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने पूरे कानूनी करियर के दौरान निकम ने हमेशा संवैधानिक मूल्यों को मज़बूत करने और आम नागरिकों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए काम किया है। निकम एक प्रसिद्ध वकील हैं और मुंबई आतंकवादी हमलों ... शेष पृष्ठ 14 पर

### पीएम मोदी ने दी बधाई



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमला मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, केरल से भारतीय जनता पार्टी के नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन के योगदान की रविवार को सराहना की। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति ने इन चारों व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि उज्ज्वल निकम का कानूनी क्षेत्र ... शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### तीन बसों में टक्कर 10 अमरनाथ यात्री घायल

जम्मू। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में आधार शिविर लौटते समय रविवार को अमरनाथ यात्रियों के काफिले की तीन बसें आपस में टकरा गईं, जिससे कम से कम 10 तीर्थयात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घायल तीर्थयात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। ये सभी तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन करने के बाद काफिले में लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में तीनों बसें क्षतिग्रस्त हो गईं।

### इमरान की जेल से रिहाई के लिए आंदोलन

लाहौर। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री की रिहाई की मांग को लेकर इमरान खान को आजाद करो आंदोलन शुरू किया है। पार्टी ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि, पुलिस ने अनौपचारिक रूप से शुरू किए गए इस आंदोलन में पार्टी कार्यकर्ताओं को शामिल होने से रोकने के लिए कई गिरफ्तारियां की हैं। अनौपचारिक शुरुआत पार्टी की पूर्व घोषित तिथि पांच अगस्त से एक महीने से भी कम समय पहले हुई है।

### कुशीनगर में सड़क हादसा, चार की मौत

कुशीनगर (उप्र)। कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़त की वजह से कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, कार सवार श्रद्धालु बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित थावे दुर्गा मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे और कार चालक की आंख लगने की वजह से गाड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से पीछे से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि कार सवार श्रद्धालुओं ने झारखंड के बाबा धाम की आध्यात्मिक यात्रा की थी और उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थनगर लौटते समय थावे मंदिर में दर्शन-पूजन किया। तमकुहीराज के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राकेश प्रताप

## यूपी में तेजी से बढ़ा निवेश

### लखनऊ में नयी ब्रह्मोस परीक्षण सुविधा भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी: राजनाथ सिंह

विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस की नवनिर्मित एकीकरण और परीक्षण सुविधा रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी। सिंह ने यह बात लखनऊ में एक कार्यक्रम में कही जहां उन्होंने नेशनल पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त की प्रतिमा का अनावरण किया और एक डाक टिकट जारी किया। सिंह ने कहा कि कुछ दिन पहले ही, मैंने लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस की एकीकरण और परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। यह सुविधा रक्षा क्षेत्र में हमारे देश की आत्मनिर्भरता को मज़बूत करेगी। इससे रोज़गार भी पैदा होगा। उन्होंने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति की सराहना की जिसके कारण राज्य में तेजी से निवेश बढ़ रहा है और उद्योग फल-फूल रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, बुनियादी ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव हो रहे हैं। एक्सप्रेसवे, हवाई अड्डा, मेट्रो,



मेडिकल कॉलेज... ये सभी विकास की नई तस्वीर पेश कर रहे हैं। लखनऊ से लोकसभा सदस्य सिंह ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभानु गुप्त की भी प्रशंसा की। गुप्त चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। सिंह ने कहा, चंद्रभानु गुप्त जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में शुरुआत की और अपने त्याग, प्रतिबद्धता और नेतृत्व से लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाई। चंद्रभानु गुप्त का जीवन हमें बताता है कि सत्ता का मतलब केवल पद या अधिकार नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी, त्याग और जनता के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, उनका जीवन हमें यह संदेश भी देता है कि राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन दुश्मनी नहीं होनी चाहिए। सिंह ने यह भी कहा कि गुप्त एक नेता से ज़्यादा एक जनसेवक थे। उन्होंने कहा, जब हम उत्तर प्रदेश के गौरवशाली अतीत की चर्चा करते हैं तो स्वाभाविक रूप से चंद्रभानु गुप्त जी का नाम सामने आता है। सिंह ने गुप्त के संघर्षों की चर्चा करते हुए कहा कि देश के आजाद होने के बाद जब संविधान लागू हुआ और आधुनिक ... शेष पृष्ठ 14 पर

## 10 हजार महिला पुलिसकर्मी करेंगी कांवड़ियों की सुरक्षा



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने सावन माह में शिवभक्तों की आस्था की प्रतीक कांवड़ यात्रा में खासकर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए करीब 10 हजार महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कांवड़ यात्रा के मार्ग पर महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए करीब 10 हजार महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस विभाग ने प्रदेशभर में कांवड़ यात्रा के लिए 66 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। मुख्यमंत्री को हाल में कांवड़ यात्रा की उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों से करीब छह करोड़ श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में शामिल हो सकते हैं, जो प्रदेश से होकर अपनी यात्रा पूरी करेंगे और इसमें 60 से 70 लाख महिला श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। योगी ने अधिकारियों को महिला केंद्रित सुरक्षा मॉडल लागू करने के निर्देश दिये। बयान के अनुसार, महिलाओं कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात महिला पुलिसकर्मियों में 8,541 मुख्य आरक्षी और।,486 उपनिरीक्षक शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा योगी के निर्देश पर इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क पर महिला आरक्षी तैनात की गई हैं, जो न केवल सहायता देंगी बल्कि संवेदनशील मामलों में परामर्श भी उपलब्ध कराएंगी। इसके अलावा कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों की मदद से शक्ति हेल्प बूथ की भी स्थापना की जा रही है। प्रदेश की सभी क्यूआरटी (त्वरित प्रतिक्रिया दल) में महिला पुलिसकर्मियों की उपस्थिति को अनिवार्य किया गया है। इसमें भी रात के समय सभी क्यूआरटी में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती अनिवार्य की गयी है। साथ ही कांवड़ यात्रा मार्ग पर क्यूआरटी के गश्त को बढ़ाने के निर्देश दिये गये हैं।

## भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड अभियान के लिए धामी का सम्मान

### सीएम ने जनता से मांगा सहयोग 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड' की दिलायी शपथ

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लिए किए जा रहे प्रयासों पर बल्लीवाला, देहरादून में रविवार को धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने सम्मान समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी और जनता के समर्थन को इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि यह अभिनंदन समारोह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के सपने को साकार करने का



उत्सव है। यह सम्मान उत्तराखंड की सवा करोड़ जनता का है, जो ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों के साथ राज्य के विकास की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि यह जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत है। राज्य सरकार ने ह्यजीरो टॉलरेंसह्न की नीति के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया है, जिसमें ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली की निगरानी और जन शिकायत निवारण के लिए सीएम हेल्पलाइन 1905 और भ्रष्टाचार की शिकायतों के लिए 1064 जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता, ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार और योजनाओं में कमीशनखोरी जैसे मामलों में कठोर कार्रवाई की गई। पिछले तीन वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया है। पिछले चार वर्षों में राज्य में 24 हजार से अधिक लोगों ... शेष पृष्ठ 14 पर

## ठाकुरगंज हादसे पर सीएम योगी सख्त, जेई निलंबित

### एई को नोटिस, ठेकेदार पर एफआईआर, पीड़ित परिवार को 9 लाख की मदद

विशेष संवाददाता

लखनऊ। शनिवार की सुबह जोरदार बारिश से ठाकुरगंज की राधा ग्राम कालोनी में खुले नाले में बहे 45 वर्षीय सुरेश का शव करीब 28 घंटे बाद आईआईएम रोड पर बंधे के पास

- भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, जिलाधिकारी विशाख जी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे व परिजनों को चेक दिया

से बरामद हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर पीड़ित परिवार के साथ संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मामले का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए जूनियर इंजीनियर को तत्काल निलंबित, सहायक अभियंता को कारण बताओ



नोटिस जारी करने और पीड़ित परिवार को कुल 9 लाख रुपये की आर्थिक सहायता (5 लाख रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष तथा 4 लाख रुपये आपदा राहत कोष) से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जनता की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, विधायक नीरज बोरा, मेयर सुषमा खर्कवाल, जिलाधिकारी विशाख जी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिजनों को चेक दिया। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को पूरे मामले की जवाबदेही सुनिश्चित करने और संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों की भूमिका की गहराई से जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने संबंधित एजेंसी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश भी दिया, ताकि लापरवाही के लिए दंडित करना सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक प्रणाली की गंभीर चूक है, जिसे तत्काल सुधारा जाना आवश्यक है। प्रदेश सरकार ऐसी घटनाओं को अत्यंत गंभीरता से ले रही है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण पुनरावृत्तियां भविष्य में न हों। मुख्यमंत्री ने लखनऊ प्रशासन को निर्देशित किया है कि पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाए और इस प्रकार की लापरवाहियों ... शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- रंग लायी मेहनत, अभ्युदय योजना ने रचा इतिहास (पृष्ठ-02)
- संवरेंगे बरेली के प्राचीन मंदिर और पर्यटन स्थल (पृष्ठ-02)
- तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद उच्चस्तर पर (पृष्ठ-14)
- मौसम की मांग से तेल की कीमतों में सुधार (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** छांगुर बाबा पर अब तक का सबसे बड़ा खुलासा, जांच एजेंसी पहुंच चुकी है आईएसआई कनेक्शन और राष्ट्रविरोधी साजिश तक

## ...मुस्लिम युवकों की फौज, लव जिहाद, धर्मांतरण और आईएसआई कनेक्शन

विशेष संवाददाता

लखनऊ/बलरामपुर। उत्तर प्रदेश एटीएस और ईडी की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, छांगुर बाबा की सच्चाई परत-दर-परत बेनकाब होती जा रही है। धर्मांतरण के एक संगठित रैकेट से शुरू हुआ खुलासा अब आईएसआई कनेक्शन और राष्ट्रविरोधी साजिश तक पहुंच चुका है। छांगुर बाबा सिर्फ धर्म बदलवाने का खेल नहीं खेल रहा था, बल्कि हिंदुस्तान में सांप्रदायिकता का जहर खोलकर तोड़ने की साजिश भी रच रहा था।

जानकारी के मुताबिक, छांगुर बाबा ने धर्मांतरण के नाम पर जो नेटवर्क खड़ा किया था, उसी का इस्तेमाल कर वो पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से सीधा संपर्क साधने की कोशिश कर रहा था। सूत्रों से पता चला है कि नेपाल की राजधानी काठमांडू में पाकिस्तानी




दूतावास में आईएसआई एजेंटों की एक गोपनीय बैठक हुई थी। इसमें छांगुर के नेपाल कनेक्शन के जरिए संपर्क की कोशिश की गई। छांगुर बाबा की योजना थी कि आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू परिवारों की महिलाओं को फंसाकर उनका धर्मांतरण कराया जाए। फिर इनका निकाह नेपाल में आईएसआई के एजेंटों और स्लीपर सेल से करवा दिया जाए। ये महिलाएं बाद में जासूसी के नेटवर्क का हिस्सा बन सकें, इसके लिए बाकायदा कोडवर्ड सिस्टम भी विकसित किया गया था। छांगुर बाबा का नेटवर्क सिर्फ उत्तर प्रदेश तक सीमित नहीं था। छांगुर बाबा का जाल महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैला हुआ था। इस पूरे नेटवर्क को वो विदेशी फंडिंग के जरिए मजबूत करता रहा। एटीएस की पूछताछ में खुलासा हुआ है कि उसने लव जिहाद के लिए मुस्लिम युवकों की फौज तैयार की थी। बीते तीन वर्षों में 1000 से ज्यादा मुस्लिमों को इस काम के लिए कैश पेमेंट दी गई। नेपाल सीमा से सटे सात जिलों को टारगेट किया गया। बाबा का नेटवर्क लड़कियों को फंसाता, ब्रेनवॉश करता और फिर उनका धर्मांतरण कर निकाह करवा देता था। इसके लिए विदेशों से भारी मात्रा में फंड आता था। एटीएस की ... शेष पृष्ठ 14 पर

## मालगाड़ी के 18 डीजल भरे डिब्बे में लगी आग



चेन्नई। उत्तरी तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में रविवार को डीजल ले जा रही एक मालगाड़ी में आग लग गई जिससे 18 डिब्बे जलकर खाक हो गए, जबकि चेन्नई-अरक्कोनम खंड पर ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं।

दक्षिणी रेलवे ने यह जानकारी दी। हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन यात्रियों को काफी असुविधा हुई। स्थिति को देखते हुए राज्य परिवहन निगम ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष बसें चलाईं। दक्षिणी रेलवे की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, डीजल ले जा को आरक्षित बसों में ले जाया गया तथा काफिला रवाना ... शेष पृष्ठ 14 पर

# रंग लायी मेहनत, अभ्युदय योजना ने रचा इतिहास

## UPSC CAPF 2024 में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के 14 अभ्यर्थियों का चयन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना एक बार फिर बड़ी सफलता का प्रतीक बनी है। संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ) द्वारा आयोजित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (उअढक्र) की 2024 की परीक्षा में योजना से जुड़े 14 अभ्यर्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। इन अभ्यर्थियों में श्याम यादव ने ऑल इंडिया 2ल्ल रैंक प्राप्त कर प्रदेश और योजना दोनों का मान बढ़ाया है।इस उपलब्धि पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी और कहा, ₹मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार अभ्युदय योजना आज प्रदेश के युवाओं के सपनों को पंख दे रही है।₹ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ह्लसशक्त उत्तर प्रदेश, सक्षम युवाह्व की सोच को साकार करती मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आज युवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी पहल बन चुकी है।

- **श्याम यादव ने हासिल की ऑल इंडिया सेकेंड रैंक, प्रदेश और योजना दोनों का बढ़ाया मान**
- **प्रदेश के 75 जिलों में 166 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से संचालित की जा रही है योजना**
- **समाज के हर वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग देना है उद्देश्य, हुए हैं चयनित**

**राज्यभर से आये अभ्यर्थियों ने बढ़ाया नाम :** समाज कल्याण अधिकारी पवन यादव ने बताया कि श्याम यादव के साथ-साथ अन्य सफल अभ्यर्थियों में प्रतीक वर्मा (रैंक 61), अभिषेक मिश्रा (77), अनूप कुमार (106), सत्यपाल सिंह यादव (133), दिव्या सिंह परिहार (166), हिमांशु मौर्या (197), मितेंद्र श्रीवास्तव (208), रोहित वर्मा (224), ललित सिंह (225), हिमांशु सिंह (297), मंगलदीप पाल (313), रुपाली सिंह (365) और शिवम आनंद (379) शामिल हैं।

**अभ्युदय योजना ने मेरी राह आसान की: श्याम यादव :** ऑल इंडिया सेकंड रैंक प्राप्त करने वाले श्याम यादव ने कहा, ₹मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़ने के बाद मुझे विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, मॉक इंटरव्यू और उत्तम स्टडी मटीरियल मिला। योजना ने मेरी दिशा भी तय की और आत्मविश्वास भी बढ़ाया।₹

**सीएम योगी की दूरदृष्टि का परिणाम है योजना की सफलता :** वर्ष 2021 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू की गई यह योजना आज प्रदेश के 75 जिलों में 166 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से संचालित की जा रही है।इसका उद्देश्य क्अर, ढउर, ठएएळ, खएए, ठऊअ, उऊ, उवएळ, उअढक्र जैसी परीक्षाओं के लिए समाज के हर वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग देना है।

**87,000 से अधिक युवा लाभान्वित :** ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से चल रही इस योजना से अब तक 87,000 से अधिक युवा लाभान्वित हो चुके हैं। इनमें से 1,100 से ज्यादा अभ्यर्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हुए हैं। योजना को सफल बनाने में संयुक्त निदेशक सुनील कुमार विशेन, पी.के. त्रिपाठी और उपनिदेशक सुनीता यादव की भूमिका सराहनीय रही है।

# डबल इंजन सरकार जा रही जनता के द्वार

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या - गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

- **ग्राम चौपालों में 05 लाख से अधिक समस्याओं का निस्तारण**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निदेर्शों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। उन्होंने निर्देश दिये है कि ग्राम चौपालो मे स्वयं सहायता समूहो की सदस्य महिलाये और सोशल आडिट कर्मचारी भी मौजूद रहें।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1264ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 2851प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया।इन ग्राम चौपालों मे 2949ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5334ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 62 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

# संवरेंगे बरेली के प्राचीन मंदिर और पर्यटन स्थल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले को श्मंदिरों का शहरश भी कहा जाता है। सदियों पुराने प्राचीन मंदिर और पर्यटन स्थल आगंतुकों को आकर्षित करते हैं।उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग जिले के अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों और प्राचीन मंदिरों को विकसित करने की योजना बनाई है। इसका उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करना है, बल्कि स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा भी देना है।इसी कड़ी में शहर के बड़ा बाग हनुमान मंदिर, श्री सीता राम मंदिर, आनन्द आश्रम मंदिर सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार के लिए 9 करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहन देने एवं कार्यों को जल्द जमीन पर उतारने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

- **09 करोड़ रुपये की धनराशि से होगा सुंदरीकरण : जयवीर**

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया, श्पर्यटन विभाग परियोजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। बरेली में कई प्राचीन मंदिर हैं, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना होता है। इन परियोजनाओं के तहत मंदिर परिसरों का सौंदर्यीकरण, बेहतर सड़क संपर्क, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।



बरेली में धार्मिक पर्यटन को विस्तार दिया जा रहा है। जनपद के कैंट क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध आनंद आश्रम मंदिर का पर्यटन विकास कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। इस परियोजना के लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इस धनराशि से मंदिर परिसर में अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, मार्ग निर्माण तथा अन्य सौंदर्यीकरण कार्य शामिल हैं।इसी प्रकार, बरेली शहर स्थित बड़ा बाग हनुमान मंदिर का भी पर्यटन विकास किया जाएगा।इस परियोजना पर कुल 3 करोड़ रुपए खर्च होंगे।बड़ा बाग हनुमान मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की विशेष आस्था है। यहां हर मंगलवार और शनिवार भक्तों का तांता लगा रहता है।यह मंदिर अपनी मान्यता के लिए प्रसिद्ध है। ऐसा माना जाता है कि हनुमान जी स्वयं यहां आते हैं। इस मंदिर में नीम करौली महाराज जैसे बड़े-बड़े संत भी आ चुके हैं। इसी के मद्देनजर मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, मार्ग निर्माण एवं बैठने की सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक विकास कार्य किए जाएंगे।बरेली शहर के ऐतिहासिक श्री सीता राम मंदिर का भी पर्यटन विकास होगा, जिस पर 3 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। यह मंदिर करीब 300 वर्ष पुराना है। मंदिर में भगवान राम, माता सीता, जगन्नाथ, हनुमान और शंकर जी की मूर्तियां स्थापित हैं। यह मंदिर श्श्री सीताराम का झरोखाश कहलाता है। प्रत्येक वर्ष राम नवमी के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा और उत्सव आयोजित किए जाते हैं। यह विकास कार्य श्रद्धालुओं की सुविधाओं में सुधार और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।जनपद के प्रेम नगर में त्रिवटी नाथ मंदिर है। यह पवित्र स्थल भगवान शिव को समर्पित है। मान्यता है कि भगवान शिव स्वयं प्रकट होकर इस मंदिर में स्थापित हुए थे। क्षेत्र में मंदिर से जुड़ी चरवाहे और तीन वट वृक्षों की कहानी चर्चित है। इस प्राचीन मंदिर पर फसाड लाइटिंग कार्य पर दो करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी, जो मंदिर की भव्यता बढ़ाने में सहायक होगा।उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, श्बरेली के धार्मिक स्थलों से जुड़ी इन परियोजनाओं के माध्यम से धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण, संपर्क मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति के साथ बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण मिले।

# जन समस्याओं के समाधान के लिए तय होगी जवाबदेही

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस प्रयागराज मे आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# कैसे हो क्षेत्र का और बेहतर विकास, जनप्रतिनिधियों के संग मंत्री ने की चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ क्षेत्र का विकास कैसे किया जाए...और जनोपयोगी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक सुलभता से कैसे पहुंचे, ऐसे तमाम मुद्दों पर सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने रविवार को कन्नौज के जनप्रतिनिधियों के साथ गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सरकार की रोजगारपरक योजनाओं का लाभ युवाओं को अधिक से अधिक मिले, इसके लिए युवाओं को योजनाओं के प्रति जागरूक किया जाए।

- **सरकार की जनोपयोगी योजनाओं को पात्र परिवारों तक सुलभता से पहुंचाया जाये**

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि अपने अपने क्षेत्र की दो-दो विकास योजनाओं को चिन्हित करें। जिसका सीधा लाभ नागरिकों को मिल सके। ऐसी योजनाओं को सभी मिल कर पूरा होने में सहयोग करेंगे। कुछ ऐसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी चिन्हित किए जाएं जो किसी कारणवश रुक गए हों या शासन स्तर से उसमें किसी सहयोग की आवश्यकता हो। नागरिकों खास कर युवाओं और महिलाओं को रोजगारपरक योजनाओं से जोड़ा जाए। रोजगार के लिए प्रशिक्षण, बैंक से लोन आदि आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए उनकी मदद की जाए।

कार्यक्रम में बीजेपी जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमकार शाक्य, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह, क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता, निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला महामंत्री हरिबक्श सिंह, शैलेंद्र द्विवेदी, रामवीर कठेरिया, सौरभ कटियार, ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया, अजय वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश बॉथम, पुष्पेंद्र शाक्य, पुच्ची ठाकुर, बादाम पाल, अवनीश दोहरे, संदीप चतुर्वेदी, चेयरमैन मनोज दुबे उपस्थित रहे।

# भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार पूरी तरह फेल

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार और लापरवाही जनता के लिए जानलेवा साबित हो रही है। बरसात का मौसम शुरू होते ही नगरों और शहरों का बुरा हाल हो गया है। नाले उफना रहे है। सड़कों में गड्ढे हो रहे हैं। नालियां जाम हो रही हैं, बरसात का पानी जगह-जगह जमा हो रहा है। जल निकासी की व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। शहरों में गंदगी और कूड़े का अम्बार लगा है। भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है।

- **भाजपा सरकार का भ्रष्टाचार और लापरवाही जनता के लिए जानलेवा साबित हो रही है**
- **बारिश से जलभराव और उफना रहे हैं नाले**

अखिलेश यादव ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकार के साथ ही नगर निकायों में, जहां भाजपा वर्षों से काबिज है, वहां बुरा हाल है। काशी, गोरखपुर, लखनऊ से लेकर कानपुर, झांसी तक हर जगह एक जैसी स्थिति है। वर्षों से नगर निगमों पर काबिज भाजपा लोगों को मूलभूत सुविधाएं और साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं दे पा रही है। नालों और नालियों की सफाई के बजट का बंदरबांट हो रहा है। सफाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। लखनऊ समेत कई शहर स्मार्ट सिटी के नाम पर जगह-जगह खोद दिए गये है। लोगों का चलना मुश्किल हो रहा है। कचड़ा और जलभराव से जनजीवन प्रभावित है। ट्रिपल इंजन की सरकार की लापरवाही से अब तो लोगों की जान जा रही है।



अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार बारिश को गंभीरता से ले। शासनिक और प्रशासनिक प्रयासों से हादसों को टाला जा सकता है। सरकार की बदइंतजामी का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार के स्मार्टसिटी, गड्ढ़ा मुक्त सड़कें और जनता की मूलभूत सुविधाओं को लेकर किए जा रहे सारे दावे फेल हो चुके है। लोग नालों में बह जायें, गड्ढों में गिरकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाये, जल जमाव और कीचड़ के कारण घरों से निकल न पावें, क्या इसी से विकसित भारत बनेगा। भाजपा सरकार ने नौ साल में जमीन पर कोई काम नहीं किया। इनका विकास जमीन पर नहीं है सिर्फ कागजों पर हैं। भाजपा सरकार ने समाज में नफरत फैलाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। जनता के बीच भाजपा की सच्चाई सामने आ चुकी है।

# अहमदाबाद विमान घटना की जांच जरूरी : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने हाल ही में अहमदाबाद में हुई विमान घटना ने गंभीर प्रश्न पर सवाल खड़ा कर दिए हैं। विशेष रूप से यह सवाल चिंताजनक है कि एक प्रशिक्षित पायलट इतनी गंभीर भूल कैसे कर सकता है। यह केवल मानवीय गलती नहीं है, इससे पहले आवश्यक है कि घटना की निष्पक्ष और बहुआयामी जांच हो। घटना को साधारण तकनीकी त्रुटि या व्यक्तिगत लापरवाही मानकर अनदेखा करना न्यायोचित नहीं होगा, क्योंकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विमान में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी भी सवार थे। ऐसे में सुनील सिंह ने यह सवाल उठाया है कि कहीं यह दुर्घटना किसी संभावित साजिश, राजनीतिक दबाव, या प्रणालीगत चूक का परिणाम तो नहीं ?हमारी मांग है कि इस घटना की उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच कराई जाए।

# भाषा को लेकर विवाद घातक प्रवृत्ति : मायावती

**लखनऊ।** बसपा की अध्यक्ष मायावती ने कुछ राज्यों में भाषा को लेकर विवाद और हिंसा पर चिंता जाहिर करते हुए रविवार को इसे घातक प्रवृत्ति बताया और कहा कि धर्म, क्षेत्र, जाति व भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति पर हावी होने का प्रयास करती है।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हर भारतीय को भारतीयता पर गर्व करके कार्य करना चाहिए। पार्टी मुख्यालय से जारी एक बयान के मुताबिक, मायावती ने यहां केंद्रीय कैंप कार्यालय में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल की संगठनात्मक तैयारी और जनाधार बढ़ाने समेत कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर गहन समीक्षा बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। संकीर्ण उद्देश्यों के लिए भाषा और जातीय हिंसा आदि मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए मायावती ने केंद्र और राज्य की सरकारों से कानून-व्यवस्था के साथ-साथ महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा तथा स्वास्थ्य आदि जैसे जनहित के जरूरी मुद्दों पर खास ध्यान देने की मांग की। मायावती ने खासतौर से महाराष्ट्र और तमिलनाडु आदि राज्यों में भाषाई विवाद व उसको लेकर हिंसा पर चिंता जाहिर की। उन्होंने



कहा, ऐसी प्रवृत्ति घातक है और यह सब तब होता है जब धर्म, क्षेत्र, जाति व भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने का प्रयास करती है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, जहां से सभी राज्यों के लोगों का सीधा वास्ता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से अपेक्षा की कि मुंबई में रहने वाले लोगों की जान माल और मजहब की सुरक्षा की गारंटी सरकार को जरूर सुनिश्चित करनी चाहिए। बसपा प्रमुख ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार के भीतर राजनीतिक गुटबाजी टकराव से उत्पन्न अस्थिरता के माहौल की ओर संकेत करते हुए कहा कि इससे कानून का राज प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु व केरल में हालांकि अलग-अलग पार्टी व गठबंधन की सरकार हैं लेकिन वहां भी सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की स्थिति कोई अलग और बेहतर नहीं है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, (वे) हर मुसीबत के समय पूरी निष्ठा के साथ अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की मदद जरूर करें, क्योंकि मजलूम ही मजलूम का सही मददगार हो सकता है, वरना राजनीतिक स्वार्थ के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोगों की कोई कमी नहीं है।

# सुरेश लोधी के दुर्घटनावश निधन पर आनंद द्विवेदी ने शोक संवेदना व्यक्त की

**लखनऊ।** मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में मंजू टंडन ढाल के पास खुले नाले में सुरेश लोधी के गिर कर डूबने से असमय मृत्यु हो गयी है। जानकारी मिलने पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेश लोधी का दुर्घटनावश निधन अत्यंत पीड़ादायक व हृदयविदारक है। इस दुःखद घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ मेरी पूरी संवेदना है। मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता कोष से ?5 लाख की राशि प्रदान की गई है। साथ ही दैवीय आपदा राहत कोष से ?4 लाख की अतिरिक्त राशि पीड़ित परिवार को दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मृतक के परिजनों को आवास भी उपलब्ध कराया जाएगा।आनंद द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर पीड़ित परिवार के साथ है और परिवार को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी।

# मत्स्य पालन से आधी आबादी को भी आत्मनिर्भर बना रही डबल इंजन सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डबल इंजन सरकार (मोदी-योगी) के नेतृत्व में आधी आबादी मत्स्य पालन करके भी आत्मनिर्भर बन रही है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने स्वरोजगार कर जीवन में नई रोशनी जलाई है। इसका उदाहरण फिरोजाबाद के ग्राम नगला हिम्मत की पियूशिखा यादव भी हैं, जिन्होंने कोरोना काल (2021/22) में 1.909 हेक्टेयर भूमि में तालाब का निर्माण कराया। इसमें 20.99 लाख रुपये का खर्च आया। सरकार की तरफ से 12.59 लाख रुपये की अनुदान राशि मिली। इससे अपने पैरों पर खड़ी हुईं पियूशिखा आज सैकड़ों टन मछली उत्पादन कर प्रतिवर्ष 25 से 30 लाख रुपये कमा रही हैं।

उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार की नई रोशनी जलाई है। इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण हैं फिरोजाबाद की ग्राम नगला हिम्मत की निवासी पियूशिखा यादव, जिन्होंने कोविड-19 जैसी कठिन परिस्थिति में स्वरोजगार को अवसर के रूप में मानते हुए मत्स्य पालन को अपनाया। मोदी सरकार की योजना और यूपी में योगी सरकार के सफल क्रियान्वयन से वे मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत बन चुकी हैं।कोविड काल में पारंपरिक आय के साधन बंद हो गए। ऐसे समय में पियूशिखा ने मत्स्य विभाग के मार्गदर्शन में मत्स्य पालन को अपनाया। इस काम में उनके पति मधुकर यादव ने सहयोग किया और फिरोजाबाद के मत्स्य अधिकारियों से बात कर योजनाओं की जानकारी ली। उन्हें मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की पूरी जानकारी दी गई। पता चला कि अगर आपके पास जमीन है तो सरकार तालाब खुदवाने, बीज देने, तकनीकी प्रशिक्षण और अनुदान देने तक हर स्तर पर मदद करती है। इस तरह सरकार द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया और वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने वर्ष 2020/21 में अपनी 1.909 हेक्टेयर निजी भूमि पर 20.99 लाख रुपये से तालाब का निर्माण कराया, जिसमें उन्हें सरकार से 12.59 लाख रुपये की अनुदान राशि भी प्राप्त हुई। पियूशिखा ने मत्स्य पालन के पारंपरिक तरीकों से हटकर वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाया। उन्होंने मिश्रित मत्स्य पालन किया।

- **फिरोजाबाद के ग्राम नगला हिम्मत की पियूशिखा यादव ने लिखी सफलता की नई कहानी**
- **कोरोना काल में 2021/22 में 1.909 हेक्टेयर भूमि में कराया तालाब का निर्माण**
- **20.99 लाख का आया खर्च, 12.59 लाख मिली अनुदान राशि**
- **12 टन मेजर कार्प, 10 टन पंगेसियस, 5 टन साल मछली का हो रहा उत्पादन**
- **20 लाख मत्स्य बीजों की बिक्री करके प्रतिवर्ष कमा रहीं 25-30 लाख रुपये**



जल गुणवत्ता नियंत्रण एयरटर का उपयोग किया, जिससे मछलियां स्वस्थ और उत्पादन ठीक रहे। उन्होंने समय-समय पर बायोमास सैंपलिंग, प्रोटीनयुक्त कृत्रिम आहार, मल्टीपल स्टॉकिंग और हार्वेस्टिंग की। वह मत्स्य पालन में उन्नत मत्स्य प्रजातियों के बीज का प्रयोग कर रही हैं, जिससे उत्पादन में निरंतर वृद्धि हो रही है। वह अपने तालाबों में 12 टन मेजर कार्प, 10 टन पंगेसियस, 5 टन सॉल मछली का उत्पादन कर रही हैं।

साथ ही वे 20 लाख मत्स्य बीजों की बिक्री करके 25 से 30 लाख रुपये तक की वार्षिक आय प्राप्त कर रही हैं। सरकार के सहयोग से पियूशिखा मत्स्य पालन में और आगे बढ़ाने के लिए बहुत आशावान और उत्साहित हैं। वह आज अतिरिक्त भूमि पर चार बायोफ्लॉक टैंकों की स्थापना और अन्य जिलों/प्रदेशों में किसानों को बीज आपूर्ति की दिशा में कार्य कर रही हैं। उनका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करना है। वह राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे विभागीय प्रशिक्षण, वित्तीय अनुदान और तकनीकी मार्गदर्शन से अब अन्य ग्रामीण महिलाओं और युवाओं को जोड़ने का कार्य कर रही हैं।

# उप्र के 11 विरासत भवनों और किलों को पर्यटन स्थलों में बदलने की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के ऐतिहासिक धरोहरों को नया जीवन देने के लिए 11 पुराने किलों और भवनों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने की पहल शुरू की है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार, पर्यटन विभाग ने एजेंसियों के माध्यम से इसके लिए अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) आमंत्रित किया है। यह कार्य सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) के तहत होगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू होने जा रही इस पहल से न सिर्फ विरासत किलों और भवनों का इतिहास बचेगा, बल्कि स्थानीय पर्यटन बढ़ेगा और हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा। बयान के मुताबिक, इन 11 विरासत स्थलों में ललितपुर का तालभेहट किला, बांदा का रनगढ़ और भूरागढ़ किला, गोण्डा की वज़ीरगंज बारादरी, लखनऊ का आलमबाग भवन, गुलिस्तान-ए-इरम और दर्शन विलास, कानपुर की टिकैत राय बारादरी, महोबा का मस्तानी महल और सेनापति महल, झांसी का तहरौली किला और मथुरा का सीताराम महल (कोटवान किला) शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि ये सभी स्थान अपनी खास वास्तुकला और इतिहास की कहानियों के लिए मशहूर हैं। इनका पुनरोद्धार करके इन्हें होटल, सांस्कृतिक केंद्र या संग्रहालय में बदला जाएगा, ताकि पर्यटक यहां ठहर सकें और इतिहास को करीब से महसूस कर सकें। इसके अनुसार, बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में यह योजना खास तौर पर फायदेमंद होगी, जहां पर्यटन बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

# ठेकेदार व पार्षद के खिलाफ एफआईआर, बड़े अफसरों को बचाया

## अवर अभियंता निलंबित, सहायक अभियंता को नोटिस, मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में खुले नाले में गिरने से युवक की मौत का प्रकरण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ठाकुरगंज में खुले नाले गिरकर युवक की मौत के प्रकरण में नाराज होने के बाद नगर निगम प्रशासन हरकत में आ गया। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव, नगर विकास को इस घटना पर जवाबदेही तय करने के साथ ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई के आदेश दिए थे। प्रमुख सचिव, नगर विकास ने मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में खुले नाले में गिरने से युवक की मौत के प्रकरण में नगर आयुक्त गौरव कुमार को कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद थाना ठाकुरगंज स्थानीय पुलिस की ओर से बताया गया कि नगर निगम के अधिशासी अभियंता झिल्लूराम की ओर से प्राप्त तहरीर के आधार पर सफाई फर्म अनिका इंटरप्राइजेज के ठेकेदार अंकित कुमार के विरूद्ध व मृतक की पत्नी की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर स्थानीय भाजपा पार्षद सीवी सिंह के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। वहीं नगर निगम प्रशासन ने बड़े अफसरों पर कार्रवाई होने से बचा लिया।

पुलिस के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 08.00 बजे कंट्रोल रूम पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना ठाकुरगंज क्षेत्रान्तर्गत मंजू टंडन ढाल के आगे राधा ग्राम में लोधी पुरवा का रहने वाला युवक नाले में भारी वर्षा के कारण ओवरफ्लो होने के कारण नाले में गिर गया है। इस सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो आस-पास मौजूद लोगों, स्थानीय निवासियों व मौके पर मौजूद परिजनों से प्रथम दृष्टया जानकारी हुयी कि सुरेश पुत्र गरीबे उम्र करीब 43 वर्ष निवासी-लोधी का पुरवा जो कि पेंटिंग का काम करता था नाले में गिर गया है। तत्काल सूचना देकर एसडीआरएफ, नगर निगम व फायर ब्रिगेड की टीमों को बुलाया गया। नाले गिरे युवक की तलाश में त्वरित कार्रवाई करते सभी टीमों के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन किया गया। युवक की तलाश रविवार को सुबह करीब 11 बजे शांति नगर चौराहे के पास स्थित नाले से हुई। घटना से

### पेंटिंग का काम करने वाले सुरेश पर थी पूरे परिवार की जिम्मेदारी

पेंटिंग का काम करने वाला 45 वर्षीय सुरेश पत्नी रेनू, मां-बाप व तीन बच्चों के साथ रहता था। उसके ऊपर पूरे परिवार की जिम्मेदारी भी थी। गौरतलब है कि नगर निगम की लापरवाही से ठाकुरगंज में डॉक्टर मंजू टंडन ढाल पर राधाग्राम कालोनी में शनिवार सुबह 45 वर्षीय सुरेश पत्थर टूटा होने से नाले में बह गए। तेज बारिश के बाद बाहर से चाय लेने निकले थे। वह चाय लेकर लौट रहे थे कि एक कार जलभराव में फंस गई, तो उसको बैक करवाकर निकलवा रहे थे। इसके बाद घर जाने लगे तो पानी ज्यादा भरा होने से दुकान के बगल में बने बंद नाले की तरफ चढ़ गए। उन्हें टूटे पत्थर का अंदाज नहीं था और उसमें जा गिरे। जब तक लोग कुछ समझ पाते तेज बहाव से सुरेश बह गए। पास में ही मौजूद उनके बच्चे ने चीख-पुकार मचाई कि पापा डूब गए, तब इलाके में अफरातफरी मची। पास के दुकानदार ने सुरेश से कहा था कि आगे न बढ़ो, लेकिन वह समझ नहीं पाए और नाले में गिर गए। पूर्व पार्षद अनुराग पांडेय का कहना है कि नाले में पानी का तेज बहाव होने से सुरेश का पता नहीं चल सका। डेढ़ घंटे बाद पहुंचा बचाव दल भी सुरेश का पता नहीं कर सका। यह नाला ग्रीन कारीडोर (अटल प्रेरणा स्थल) के पास गोमती नदी में मिलता है।

### नगर निगम मंजूरी देता तो न होता हादसा

शनिवार को जिस जगह घटना हुई, वहां नाला सफाई के दौरान बीस जगहों पर पत्थर टूट गए थे, लेकिन नगर निगम के अभियंताओं ने पत्थरों को बदलने की कोई कोशिश नहीं की और वहां पर सुरक्षा के भी कोई इंतजाम नहीं किए। बीस दिन से पत्थर बदलने की फाइल ही तैयार हो रही थी और इस लापरवाही से सुरेश के साथ हादसा हो गया। पार्षद सीबी सिंह कहते हैं कि नगर निगम के अभियंताओं से कई बार कहा गया कि पत्थर को बदलवा दीजिए, लेकिन वह यही कहते कि अभी पत्रावली को ऊपर से मंजूरी नहीं मिली है। लिहाजा जलभराव के कारण पानी भरा होने से सुरेश नाले के टूटे पत्थर से अंजान थे और उसमे गिर गए। वह कहते हैं कि अगर बैरल नंबर 29 तक नाला बन गया होता तो जलभराव नहीं होता। अभी पानी घूमते हुए अटल स्मृति उपवन के पास गोमती नदी में जाता है, जिससे जलभराव देर तक बना रहता है। वह साल भर से नाला बनवाने की मांग कर रहे हैं।

### नाले की समुचित कवरिंग न करने पर फर्म ब्लैक लिस्ट

मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में मंजू टंडन ढाल के पास शनिवार को बरसात के बाद उफना रहे खुले नाले में गिरकर 45 वर्षीय सुरेश की मृत्यु हो गई थी। सुरेश के परिवार के लोगों साथ रिश्तदार और पड़ोसी काफी आक्राशित थे। सुरेश का शव रविवार को नाले में ही घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर मिला। सीएम की सख्ती के बाद नगर आयुक्त ने जांच कराई। जांच में प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हुआ कि नाले की समुचित कवरिंग न होने के लिए सफाई ठेकेदार अंकित कुमार की लापरवाही है। क्षेत्रीय अभियंता की रिपोर्ट में लापरवाही सामने आने पर अंकित कुमार के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया और उनकी फर्म अनिका इंटरप्राइजेज के ब्लैकलिस्ट किया गया। इसके साथ ही निदेशक, स्थानीय निकाय ने नगर आयुक्त की संस्तुति पर अवर अभियंता रमन कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित कर दी गई है। सुरेश की नाले में गिरने की जानकारी मिलते ही नगर आयुक्त गौरव कुमार स्वयं तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके साथ अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता एवं उनकी टीम, सुएज की टीम सहित नगर निगम के संबंधित अधिकारी भी थे। मौके पर एसडीआरएफ की टीम के सहयोग से सर्च ऑपरेशन शुरू किया और कई घंटों की खोजबीन के बाद रविवार को शव बरामद किया गया।

### अभियान चलाकर खुले नाले व मेनहोल कवर करने के निर्देश

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने घटना का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए पूरे नगर निगम को सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी अपर नगर आयुक्तों, मुख्य अभियंता, जोनल अधिकारियों, जोनल सेनेटरी अधिकारियों, सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों समेत नगर निगम के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पूरे शहर में विशेष अभियान चलाया जाए। इस अभियान के अंतर्गत जिन नालों और मेनहोल की सफाई की गई है, लेकिन अब तक उन्हें कवर नहीं किया गया है, उन्हें तत्काल प्रभाव से कवर करने का आदेश दिया। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त हो चुके नालों के कवर को तत्काल सही कराने का आदेश दिया। नगर निगम 24 घंटे नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) से पूरे शहर की निगरानी करा रही है, ताकि इस तरह की किसी भी अन्य संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

### टोल फ्री नंबर 1533 पर दें खुले नाले व मेनहोल की सूचना

महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि नगर निगम लापरवाही को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे यदि कहीं खुले नाले या मेनहोल देखें तो तुरंत निगम को टोल फ्री नंबर 1533 पर सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### 28 घंटे बाद एक किमी दूर आईआईएम रोड बंधे के पास से मिला शव

सुरेश का शव करीब 28 घंटे बाद रविवार को आईआईएम रोड पर बंधे के पास से बरामद हुआ। सफाई का काम करने वाले बुद्धा नाम के व्यक्ति ने शव को नाले में पड़ा देखा। इसके बाद सूचना परिवारजन और अन्य लोगों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिवारजन ने मृतक की शिनाख्त सुरेश के रूप में की है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब उनका शव राधा ग्राम योजना स्थित उनके घर लाया गया तो चीखपुकार मच गई। सुरेश की जिस नाले में गिरकर मौत हुई थी उसकी सफाई के दौरान लापरवाही बरती गई थी। आठ फुट गहरे नाले को साफ करने के बाद हटाए गए ढक्कन को दोबारा नहीं रखा गया था जिससे हादसा हो गया।

### सदन न होने से बजट अटका, फाइल को नहीं मिली मंजूरी

मृतक की पत्नी की ओर से मल्लाही टोला प्रथम वार्ड के भाजपा पार्षद सीबी सिंह के खिलाफ भी थाना ठाकुरगंज में एफआईआर दर्ज कराई है। उनका कहना है कि पार्षद की ओर नाले को कवर करने की जिम्मेदारी में लापरवाही बरती गई। वहीं इस मामले में पार्षद सीबी सिंह का कहना है कि सपा के पूर्व पार्षद की साजिश पर उनके खिलाफ मुकदमा लिखवाया गया है। जबकि उन्होंने टीवी कॉलेज से बालागंज तक खुले नाले, सड़क मरम्मत के लिए 10 लाख रुपये का प्रस्ताव दिया था। फाइल भी बन चुकी है, मगर कार्यकारिणी अथवा सदन की कार्रवाई न होने से प्रस्ताव अटका है। नगर आयुक्त का कहना है बिना टेंडर काम नहीं हो सकेगा। इस देरी की वजह से काम नहीं हुआ और यह हादसा हो गया। इसमें मेरी क्या जिम्मेदारी है, मेरी पूरी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ है।

# जनेश्वर एनक्लेव में 23वीं बार लाइन फटने से पेयजल संकट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कुर्सी रोड स्थित जनेश्वर एनक्लेव अपार्टमेंट में आवंटी पानी की समस्या से परेशान हैं। यहां लगातार 23वीं बार पानी की पाइपलाइन फट गई, जिससे करीब 9 घंटे से 525 फ्लैट्स के आवंटी पानी के लिए परेशान हैं। जनेश्वर एन्क्लेव में पानी की पाइपलाइन बार-बार फटने से निवासियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि विगत कुछ समय में यह पाइपलाइन 22 से 23 बार फट चुकी है, जिससे यहां के लोगों में गहरी नाराजगी और असंतोष व्याप्त है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सक्रिय सदस्यों में अध्यक्ष अभय कुमार श्रीवास्तव, सचिव जागृति शुक्ला,




कोषाध्यक्ष राजाराम रावत तथा सदस्यगण किरण यादव, रानी सिंह, दीपक मिश्रा, नीता राय, एवं पंकज राय ने एकजुट होकर एलडीए के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया। आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने बताया एलडीए को ट्वीट, व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से कई बार सूचना दी। जनदबाव एवं जागरूकता अभियानों के चलते कुछ एलडीए अधिकारी एन्क्लेव का निरीक्षण करने पहुंचे और सदस्यों से मुलाकात कर समस्या की गंभीरता को समझा। स्थानीय निवासी मांग कर रहे हैं कि पाइपलाइन की गुणवत्ता की जांच हो। स्थायी समाधान के लिए नई लाइन डाली जाए। हर बार अस्थायी मरम्मत की बजाय दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित किया जाए। जल आपूर्ति बाधित रहने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था (जैसे टैंकर) की समयबद्ध व्यवस्था हो। अध्यक्ष का कहना है कि वे इस मुद्दे पर लगातार संवाद बनाकर रखेंगे और जब तक समाधान नहीं होता, निवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# बिजली दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी में रक्षा मंत्री से हस्तक्षेप की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिजली दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी को लेकर व्यापारियों में भारी नाराजगी है। लखनऊ दौरे पर आए केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ से व्यापारियों में इस मामले में हस्तक्षेप कर विद्युत दरों को यथावत रखने की मांग की है। व्यापारियों के प्रतिनिमंडल ने रक्षा मंत्री से मुलाकात कर मांगों का ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों रक्षामंत्री को बताया कि चुनाव नजदीक हैं। कारोबार की स्थिति भी खराब है। ऐसे में बिजली के दाम बढ़ाना उचित नहीं होगा। उन्होंने बाजारों से बिजली के तारों के मकड़ जाल हटाए जाने का भी आग्रह किया। उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी ने कहा कि लखनऊ के प्रमुख बाजारों में सड़कों की हालत खस्ता हो गई है।



जिससे ग्राहकों और स्थानीय निवासियों को आने जाने में काफी दिक्कत होती है। खासकर अमीनाबाद और प्रताप मार्केट की सड़कों की हालत जर्जर है। उन्होंने जल्द सड़कें दुरुस्त करने की मांग की। व्यापारी नेता ने कि व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन होना चाहिए। जिससे व्यापारियों की समस्याएं बोर्ड के माध्यम से सरकार तक पहुंचाई जा सकें। यह बोर्ड गैर राजनीतिक हो। इसमें केवल व्यापारी संगठनों के अनुभवी लोगों को रखा जाए। अशोक मोतियानी ने कहा कि ऑनलाइन कारोबार ने बाजारों से ग्राहक छीन लिए हैं। बाजारों में जाम और पार्किंग की समस्या विकराल हो गई है। इससे ग्राहक ऑनलाइन खरीदादारी की तरफ आकर्षित हो रहा है। बाजारों से ग्राहक गायब होता जा रहा है।

मुख्य बाजारों में सुधारीकरण की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जीएसटी का सरलीकरण किया जाना चाहिए। जिससे छोटे व्यापारी को राहत मिलेगी। इन सभी मांगों पर ध्यान देते हुए उचित कदम उठाएं। जिससे बाजार और व्यापार बचाया जा सके।

### बेहतर काम व नवीन प्रयोग का इस्तेमाल निकाय कर सकेंगे

**लखनऊ।** स्थानीय निकाय निदेशालय इसके लिए नागर सिंधु नामक वार्षिक पुस्तिका का प्रकाशन पहली बार कराने जा रहा है। इससे एक शहर में हुए बेहतर काम और नवीन प्रयोग का इस्तेमाल दूसरे शहरों में भी किया जा सकेगा। साथ ही निकायों की ओर से किए जा रहे अभिनव प्रयोग भी एक-दूसरे निकाय उपयोग कर सकेंगे। जिससे शहरी लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने इस संबंध में सभी निकायों को निर्देश भेजा है और कहा है कि वे इसे साझा करें, जिससे उसे प्रकाशित करते हुए उसका प्रचार-प्रसार किया जा सके। प्रदेश में मौजूदा समय 762 निकाय हैं। इन निकायों में कुछ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रयोग किए जाते हैं, जिससे जनता को बेहतर सुविधाएं मिलती हैं। इतना ही नहीं टैक्स वसूली की राह आसान करने में भी बेहतर प्रयास किए जाते हैं, जिससे उन निकायों की स्थिति में काफी सुधार होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्थानीय निकाय निदेशक ने पहली बार वार्षिक पुस्तिका नागर सिंधु प्रकाशित कराने का फैसला किया है।

### बारिश होते ही बिजली हो जाती है गुल

**लखनऊ।** गोमतीनगर, आलमबाग, सरोजनीनगर, बीकेटी सहित अन्य डिविजनों में बारिश होते ही बिजली कटौती शुरु हो जाती है। बिजली कटौती की जानकारी के लिए उपभोक्ता पावर हाऊस फोन करता है तो उसे बताया जाता है कि पेड़ की डल टूटने से बिजली गुल हो गयी है एक से दो घण्टा लग सकता है। ऐसे में अब बिजली अधिकारियों पर सवाल उठता है कि आखिर सर्दी के मौसम में पेड़ की छटाई क्यो नही किया गया। समय रहते पेड़ की छटाई हो जाती तो गर्मी के मौसम में घण्टो बिजली गुल नही होती। लेसा के सिस गोमती में कोई ऐसा डिवीजन जिसमें फाल्ट सुधारने के लिए चार घण्टे से लेकर 8 घण्टे तक बिजली कटौती के लिए शटडाऊन न लिया जा रहा हो। एक्सीएन के तरफ से प्रतिदिन अनुरक्षण कार्य के नाम पर बिजली कटौती हो रही है। जबकी पावर कार्पोरेशन के निर्देशाअनुसार बिजली कटौती होने की सूचना एक दिन पहले उपभोक्ता को बताना है। गोमतीनगर जोन के विक्रान्त खण्ड में कठौती झील के पास एलटी लाईन का बिजली पोल कई दिनो से टूटा हुआ है। लेकिन कोई भी अधिकारी पोल को सही नही कर पा रहे है।

### साधारण बसों में फायर की व्यवस्था होना अनिवार्य

**लखनऊ।** कभी ठंड तो कभी गर्मी बढ़ने से बस के अन्दर आग लगने की संम्भावना तेजी से बढ़ जाती है। जिसके लिए साधारण और एसी बसों में फायर की व्यवस्था करने के लिए पहले से ही निर्देश दिया गया है। निर्देश में कहा गया है कि फायर की व्यवस्था किये बिना कोई भी गाड़ी सड़क पर नही चलेगी। इसके लिए चालक-परिचालक भी जिम्मेदार होगें। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बसों में आग लगने से बचाने के लिए फायर का समान रखा होना चाहिए। लेकिन बसों में बिना सुरक्षा उपकरण के ही बसे चल रही है जिससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है। लखनऊ परिवहन निगम के क्षेत्रिय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि गर्मी से पहले बसों में सुरक्षा का उपकरण लगा है या नही इसकी जांच करायी गयी थी फिलहाल एकबार और जांच करायी जायेगी।

### क्यूआर कोड़ से भी होगा बिजली बिल जमाः एमडी

लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिल जमा करने में सुविधा के लिए आनलाइन भुगतान को बढ़ावा दिया जायेगा। इसमें बिलिंग एजेन्सियों को लगाया जायेगा। वे उपभोक्ताओं को विशेषकर ग्रमीण क्षेत्रों में क्यूआर सहित अन्य आन लाइन भुगतान की प्रक्रिया में जानकारी एवं सहयोग करेंगे। उपभोक्ताओं को आन लाइन भुगतान की प्रक्रिया सिखाने के लिये बिलिंग एजेन्सियों को इनसेन्टिव भी दिया जायेगा। बिलिंग एजेन्सियॉ अब बिलिंग के साथ राजस्व जमा करानें का कार्य प्राथमिकता के साथ करेंगी। प्रदेश की बिलिंग एजेन्सियों के कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने बिलिंग एजेन्सियों के जमकर पेंच कसे थे। उन्होनें कहाकि आपका काम उपभोक्ताओं को सही रीडिंग का बिल देना और उनसे बिल के सापेक्ष मूल्य वसूलना है। आपको प्रतिमाह अधिक से अधिक उपभोक्ता से राजस्व प्राप्त करना है। इसके लिये ग्रामीण के उपभोक्ताओं से सम्पर्क करके उनको सही बिल दीजिये और राजस्व वसूलिये। अध्यक्ष ने कहाकि प्रत्येक एजेन्सी अपने मीटर रीडरों की रेटिंग का निर्धारण करें उनके लिये प्रोत्साहन स्कीम लेकर आये जिससे अच्छे कार्य करने वाले मीटर रीडरों को प्रोत्साहित किया जा सके।

### लोकबंधु अस्पताल में डायरिया के मरीज बढ़े

**लखनऊ।** रुक-रुककर हो रही बारिश के वजह से कई संक्रामक रोक बढ़ गये है। सबसे ज्यादा गंदा पानी और बाहर के खाना खाने से यह हो रहा है। लोकबंधु अस्पताल में डयरिया होने के मरीज ज्यादा पहुंच रहे है। किसी को गुलोकोज की जरुरत है तो किसी को फेफड़े में परेशानी हो रही है। लोकबंधु अस्पताल के एमएस गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे मरीजो के लिए तत्काल बेड महैया कराया जा रहा है। कुछ मरीजो को दवा देकर घर भेज दिया जाता है। ऐसे संक्रमण से ज्यादातर बच्चे भी इससे प्रभावित हो रहे है। जिन्हे बच्चो के वार्ड में रखकर दवा दिया जाता रहा है।

### बिजली से जानवर मरे तो 30 दिन मे मिलेगा मुआवजा

**लखनऊ।** बिजली के करंट से जानवर मरे तो मुआवजे के लिए उपखण्ड कार्यालय पर एसडीओं को मौके की फोटो और प्रार्थना पत्र देना होगा। इसके बाद मौके पर जांच के लिए विद्युत सुरक्षा कार्यालय के अधिकारी मौके पर जायेंगे। मौके की रिपोर्ट देकर जांच को आगे बढ़ाया जायेगा। इसके बाद प्रार्थना पत्र देने वाले को चेक के माध्यम से मुआवजा दिया जायेगा। इस प्रक्रिया को 30 दिन के अन्दर पूरा करना होगा।

# बारिश से खुदी सड़कों पर कीचड़ में चलना दुश्वार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शनिवार-रविवार की भारी बारिश से शहर में जनसुविधाओं का बुरा हाल हो गया है। सड़कों पर जलभराव होने से गिट्टियां उखड़ गईं हैं। जगह-जगह नालों के हटे पत्थर जानलेवा साबित हो रहे हैं तो खुदी सड़कें मुसीबत बन गईं हैं। जानकीपुरम तृतीय वार्ड का हाल बेहाल है। यहां घर से निकलना हुआ दूभर हो गया है। बारिश से कीचड़ युक्त खुदे रास्ते में जगह जगह गाड़ियां फंस रहीं हैं।



### गढ़ीपीर खां वार्ड की पार्षद से नाराज जनता ने लगाये बैनर

**लखनऊ।** गढ़ीपीर खां वार्ड के कई मोहल्लों में तीन बैनर लगाए गए हैं जिसमें लिखा है शाइस्ता परवीन पैदल चलकर दिखाओ, माफी मांगो और इस्तीफा दो या दूसरे वार्डो का कूड़ा आना बंद करो। इस तरीके के पोस्टर गढ़ी पीरखा वार्ड के यासीन गंज करीमगंज कृष्णापुरी कॉलोनी में लगे हैं। पार्षद शाइस्ता परवीन के पति अयाजुर रहमान क्षेत्र में जनता से दूर हैं। आरोप है कि क्षेत्र में साफ सफाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जाती है। इसीलिए क्षेत्र की जनता ने बैनर लगाकर पार्षद से यह कहा है कि शाइस्ता परवीन पैदल चलकर दिखाओ। इसका मतलब क्षेत्र में गंदगी के कारण लोग पैदल तक नहीं चल पा रहे हैं। एक तरफ कृष्णपुरी कॉलोनी में पार्क के पास कूड़े का अंबार पार्षद की ओर से लगवा दिया जाता है जिससे बच्चों के खेलने की पार्क में जाने आने वालों को दुश्वारियां पैदा होती हैं। आरोप है कि जोन 6 के जोनल अधिकारी भी पार्षद से मिलीभगत कर कर पार्षद के भतीजे, भांजे और सहपाठियों की सफाई कर्मचारी लिस्ट में नाम देकर वेतन दे रहे हैं। नगर निगम के पुराने तीन पहिया ट्राली, लाइट पार्षद के पास है।

# बिजली निजीकरण होने से निजी घरानों को होगा फायदा : उपभोक्ता परिषद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगरा में टोरेंट पावर और ग्रेटर नोएडा में एनपीसीएल दोनों ने जितना लाभ कमाया है उसका 5 प्रतिशत भी उपभोक्ताओं को रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत टैरिफ में नहीं दिया जो या सिद्ध करता है कि निजी घराने केवल अपने लाभ के लिए काम करते हैं। उपभोक्ता परिषद प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से मांग करता है कि वह दोनों बिजली दर की सुनवाई में आ जाए और दोनों प्रयोग की हकीकत देखें ले। टोरेंट पावर ने पावर कारपोरेशन का पिछला बकाया जो एग्रीमेंट के तहत वसूल कर वापस देना चाहिए था वह लगभग 2200 करोड़ से ज्यादा था उसे वसूल कर खुद रख लिया। इसी प्रकार नोएडा पावर कंपनी में उपभोक्ता सामग्री और ट्रांसफार्मर खरीद में बड़े पैमाने पर घोटाले किए जा रहे हैं एनपीसीएल का उच्च प्रबंधन



ठेकेदारों से मिली भगत करके बड़ा लाभ कमा रहा है। निजीकरण के दोनों प्रयोग सरकारों द्वारा निजी गानों को देने के बाद आज तक उसकी शुद्ध नहीं ली गई उसकी कोई समीक्षा नहीं की गई इससे ऐसा सिद्ध होता है कि जैसे सभी सरकारी निजी गानों के साथ तालमेल करके उन्हें बड़ा लाभ कमाने की पूरी छूट देती है और जिसे खाने प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ता है। उत्तर प्रदेश सरकार के तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने टोरेंट पावर नोएडा पावर कंपनी के संबंध में उसकी सफलता आसफलता पर एक जांच कमेटी बनाकर जांच करने के निर्देश दिए जांच रिपोर्ट आने के बाद उसे दबा लिया गया उस पर भी आम जनता की सुनवाई में उपभोक्ता परिषद अपनी बात रखेगा की सरकार में किसके दबाव पर एनपीसीएल की पत्रावली को दबा लिया गया और टोरेंट पावर की जांच रिपोर्ट शासन में धूल चाट रही है।

### हजरत जैनब न होतीं तो दुनिया तक नहीं पहुंचता कर्बला का पैगाम

**लखनऊ।** शहीदाने कर्बला की याद में रविवार को छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में आयोजित अंतिम मजलिस को मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने खिताब किया। मौलाना ने कहा कि कर्बला में हजरत जैनब न होतीं तो कर्बला का पैगाम दुनिया तक नहीं पहुंच पाता। उन्होंने अपने दोनों बेटों को हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम पर कुर्बान कर दिया। रौजाए काजमैन सआदतगंज में मौलाना अब्बास इरशाद नकवी ने तीसरी मजलिस में कहा कि मौला अली जितने फजायल मिले वो खुदा की तरफ से मिले। मौलाना ने कहा कि गदीर के मैदान में जब रसूले खुदा ने मौला अली को अपना जानशीन बनाया वो भी खुदा की तरफ से हुक्म था। मजलिस के बाद अंजुमन शमशीर हैदरी ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। मेहंदी घाट पीपे वाला पुल पर तीसरी मजलिस में मौलाना हैदर अब्बास रिजवी ने खिताब किया। मजलिस के बाद नौहाख्वानी हुई।

# जनसुनवाई शिविर, 52 जन समस्याओं के निस्तारण का प्रयास

## 4 मेधावियों को साइकिल, बेटियों के लिए 78वां गर्ल्स यूथ क्लब, ग्रामीणों का हुआ सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण, युवा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन, पर्यावरण संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण के सतत प्रयासों की श्रृंखला में रविवार को ₹आपका विधायक - आपके द्वार₹ शिविर का 127वां आयोजन रामचौरा, बंथरा में किया गया। यह विशेष आयोजन मंडल अध्यक्ष विवेक राजपूत के कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। इस जन संवाद शिविर में स्ट्रीट लाइट, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल निकासी, सड़क मरम्मत, आयुष्मान भारत कार्ड एवं वृद्धावस्था पेंशन जैसे विषयों से जुड़ी लगभग 52 जनसमस्याओं पर मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर समाधान की दिशा में पहल की गई।

शिविर के दौरान ₹गांव की शान₹ कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की 4



- डॉ. राजेश्वर सिंह के 127वें जन संवाद शिविर में 52 समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास

प्रतिभाशाली बेटियों – जानवी गौतम (78%), रिया (78%), अनुभव सिंह (77%) एवं वैष्णवी सिंह (76%) को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विधायक डॉ. सिंह ने कहा कि ₹बेटियाँ यदि प्रोत्साहन पाएँ, तो गांव से वैश्विक नेतृत्व तक की यात्रा तय कर सकती हैं।

बेटियों को खेल संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में 78वां 'Girls Youth Club' भी गठित किया गया, जिसके अंतर्गत कैरम बोर्ड, वॉलीबॉल, बैडमिंटन रैकेट और क्रिकेट किट वितरित की गईं। यह पहल ग्रामीण बालिकाओं को खेल, स्वास्थ्य और आत्मबल की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से की गई।

शिविर के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आम, अमरूद, जामुन, बेल और अशोक जैसे फलदार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही, उपस्थित नागरिकों को भी पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में शामिल सभी क्षेत्रवासियों को ₹ताराशक्ति निःशुल्क रसोई₹ के माध्यम से ताजे एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई, जो डॉ. राजेश्वर सिंह की सेवा भावना और मानवीय संवेदनशीलता का परिचायक है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सौरभ राजपूत, सभासद प्रतिनिधि श्रीकृष्ण, प्रिओम, सूरज, धर्मेन्द्र, रेनू, अर्चना गौतम, बीना श्रीवास्तव, राजू शुक्ला, रविंद्र, अजय रावत, नवनीत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस सम्बन्ध में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का मानना है कि, ₹जनता के द्वार जाकर, समस्याओं का समाधान कराना ही सच्ची लोकसेवा है। ये शिविर केवल समाधान केंद्र नहीं, संवाद, सम्मान और सेवा का जनआंदोलन हैं।

### हजरतगंज मेट्रो स्टेशन का माहौल हुआ संगीतमय

**लखनऊ।** रविवार को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन का माहौल संगीतमय और खुशनुमा हो गया जब बैंड की सुरमई धुनों ने यात्रियों को गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से रविवार शाम लखनऊ मेट्रो के हजरतगंज स्टेशन पर म्यूजिक बैंड का आयोजन किया गया।

'जज्बा लाइव' की तरफ से यह कार्यक्रम यूपीएमआरसी की 'शो योर टैलेंट' पहल के तहत आयोजित किया गया। किशोर कुमार, मोहम्मद रफी जैसे प्लेबैक सिंगर के सदाबहार गानों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने यात्रियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मशहूर गायक किशोर कुमार के जीवन के दिन छोटे सही जैसे गीतों ने माहौल को और भी यादगार बना दिया। यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा, मेट्रो यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा देने के साथ-साथ शहर के उभरते हुए कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का भी अवसर दे रही है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# रिटायर्ड साइंटिस्ट से एक करोड़ तीस हजार की ठगी करने वाले गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने रिटायर्ड साइंटिस्ट से ठगी करने वाले दो अन्य साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 3 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके 1 करोड़ 29 लाख रुपए ऐंठ लिए थे। जालसाजों ने सीबीआई अधिकारी बनकर पीड़ित को झांसे में लिया था। एसटीएफ की हत्थे चढ़े दोनों आरोपी ठगी का पैसा मंगाने के लिए बैंक अकाउंट देते थे। जिसका उनका कमीशन मिलता था।

यूपीएसटीएफ ने शनिवार को सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को डिजिटल अरेस्ट कर सीबीआई आफिसर बनकर 1.29 करोड़ की ठगी करने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान गोपेश कुंज के पास. वृन्दावन योजना, थाना पीजीआई निवासी प्रदीप कुमार सिंह (50) और रिवर बैंक कॉलोनी वजीरगंज निवासी महफूज पुत्र (21) के रूप में हुई। आरोपी लखनऊ में रहकर ठगी के पैसे मंगाने के लिए बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते थे। भारतीय पशुचिकित्सा अनुसंधान संस्थान से रिटायर्ड साइंटिस्ट शुकदेव नंदी के मोबाइल पर अज्ञात नम्बर से वॉट्सऐप कॉल आई। जिस पर बैंगलुरू सिटी पुलिस का लोगो लगा हुआ था। कॉलर ने बताया कि आपके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर सिम एक्टिवेट करके ह्यूमन ट्रैफिकिंग और जॉब फ्रॉड किया गया है, जिसका अवैध पैसा आपके खाते में आया है। कॉलर ने उनको सीबीआई ऑफिसर दयानायक से बात करने के लिए मोबाइल नम्बर देते हुए उनसे बात करने के लिए कहा। जिस पर शुकदेश नन्दी ने मोबाइल नम्बर पर बात की। कथित दयानायक द्वारा अपनी बातों से डराकर 3 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके अलग-अलग खातों में लगभग 1.29 करोड़ रूपए ट्रांस्फर करा लिए। यह बताया गया कि सीबीआई के ऑडिट टीम आपके खाते की जांच करेगी। कुछ समय बाद जब शुकदेव नन्दी को इस बात का एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी की घटना हुई है। तब बरेली साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

**कमीशन का लालच देकर एकाउंट खुलवाते जालसाजः** पूछताछ में आरोपी प्रदीप ने बताया श्री नारायणी इन्फ्रा डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी का डायरेक्टर है। कम्पनी का आईसीआईसीआई बैंक में कार्पोरेट अकाउंट खोला है। इस अकाउंट का इस्तेमाल करके डिजिटल अरेस्ट की धनराशि मंगाई जाती थी। पैसा आने के बाद पैसा निकाल का गैंग के अन्य सदस्यों को दिया जाता है। इसके लिए कमीशन मिलता है।

कमीशन बाइनेन्स एप के जरिए से वरउब्ळ के रूप में भेजते हैं। शुकदेव से ठगा गया सारा पैसा प्रदीप के अकाउंट मंगवाकर आगे भेजा गया था। जिसका कमीशन प्रदीप को मिल चुका है। 5 जुलाई को गैंग के लोगों की गिरफ्तारी के बाद प्रदीप छिप छिपा कर रह रहा था। वहीं दूसरा आरोपी महफूज ने बताया कि रुपयों के लालच में आकर लकड़ी मोहाल सदर कैंट निवासी उज्जैब के कहने पर इंडियन बैंक के अकाउंट खुलवाया था। बदले में कमीशन देने की बात पर एटीएम व सिम उसको दे दिया था। उसके अकाउंट में फ्रॉड के अबतक लगभग 9 लाख रूपए आए हैं।

## अवैध मांस की तस्करी करने वाले तीन पुलिस हिरासत में

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गोसाईंगंज क्षेत्र में पुलिस ने अवैध मांस तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। गंगाखेड़ा अंडरपास के पास से पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 4 क्विंटल भैंस का मांस और 5 सिर बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिंद्रा मैक्स डाला में मांस की तस्करी हो रही है। पुलिस ने वाहन की जांच की तो उसमें वातानुकूलित कंपार्टमेंट में मांस भरा मिला।

पूछताछ में मुख्य आरोपी एहतिशान अली ने बताया कि विल्लौजपुरा, बाजारखाला निवासी मुजम्मिल के साथ मिलकर वे भैंसों की क्रूर तरीके से हत्या करते हैं। फिर मांस को अंबेडकर नगर की विभिन्न दुकानों में बेचते हैं। गाड़ी मोहम्मद अहमद उर्फ चांद चलाता है। आरोपी फर्जी कंपनियों के नाम से कूटरचित दस्तावेज तैयार करते थे।

एहतिशान ने बताया कि गाड़ी बाराबंकी के शमसुल रजा से 51 हजार रुपए प्रति माह के किराये पर ली गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। भैंस काटने व मांस का परिवहन करने सम्बन्धी कोई वैध प्रपत्र नहीं दिखा सके। पकड़े गये व्यक्तियों को उनके जुर्म से अवगत कराते हुए टोल प्लाजा के आगे हसनापुर अण्डरपास पुल के ऊपर पूवार्चल एक्प्रेसवे पर हिरासत में लिया गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम मो. अहमद उर्फ चांद, इमरान उर्फ ओसामा निवासी भनौली नवाबगंज थाना सतरिख और एहतिशान अली निवासी ढकौली देवा रोड थाना कोतवाली नगर बाराबंकी बताया हैं। महिन्द्रा मैक्स वाहन (घटना में प्रयुक्त), पाँच भैस के कटे सर सहित पंद्रह हजार नौ सौ रुपए बरामद किया हैं।

# पिलर से टकराई रोडवेज बस, आठ यात्री घायल




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कानपुर से चारबाग आ रही उन्नाव डिपो की बस बंथरा के पास फ्लाईओवर के पिलर से टकरा गई। हादसे में आठ यात्रियों को मामूली रूप से चोटे आईं। कार को बचाने के चक्कर में यह घटना हुई। उन्नाव डिपो की बस कानपुर और उन्नाव से 20 सावरियां लेकर चारबाग डिपो आ रही थी।

बंथरा इलाके में शनिवार देर शाम एक रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उन्नाव डिपो की रोडवेज बस (यूपी35 टी 9181) कानपुर से चारबाग की ओर जा रही थी। बस में लगभग 20 यात्री सवार थे। सरोज पाइप फैक्ट्री के पास बस ने आगे चल रही एक कार को टक्कर मार दी। इसके बाद बस अनियंत्रित हो गई। बस ने कानपुर रोड का डिवाइडर तोड़ा और लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के एलिवेटेड रोड के पिलर से टकरा गई। हादसे के दौरान बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। चालक संतोष कुमार बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। यात्रियों को मामूली चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें दूसरी बस से उनके गंतव्य तक भेजा। पुलिस के अनुसार, कार चालक ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है और वह भी अपनी कार लेकर चला गया।

## तेज रफ्तार ट्रक ने राहगीर को रौंदा, क्रेन से उठवाकर निकाला गया शव

**लखनऊ।** बालागंज इलाके में मोरंग लदे ट्रक की चपेट में आने से पैदल जा रहे युवक की मौत हो गई। युवक ट्रक के दो पहियों के बीच फंसकर 50 मीटर तक घिसटता चला गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शव पहियों के बीच से निकालने की स्थिति में नहीं था। पुलिस ने क्रेन बुलवाकर ट्रक को उठवाया जिसके बाद शव निकाला जा सका। मामला ठाकुरगंज की बालागंज-हरदोई रोड का है। शनिवार रात बजाज शोरूम के सामने सड़क किनारे चल रहे युवक को मोरंग लदे ट्रक ने रौंद दिया। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। घटना का एक वीडियो भी सामने आ रहा है। जिसमें युवक ट्रक के दो टायर के बीच में फंसा दिख रहा है। युवक के पैर टायर के बीच से बाहर निकले दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है दुर्घटना के बाद युवक कई घंटों तक टायर के बीच में फंसा रहा। क्रेन को बुलाकर ट्रक उठाया गया फिर शव को बाहर निकाला जा सका।

# रंजिशन युवकों ने दुकान कर्मचारी को पीटा, तोड़ी गाड़ियां



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते दो दिन पूर्व शुक्रवार रात्रि रंजिश के चलते एक स्कूटी सवार युवकों ने एक महिला दुकानदार के कर्मचारी की जमकर पिटाई करने के साथ ही पीड़िता के घर के बाहर खड़ी गाड़ियां क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एलडीए कालोनी सेक्टर डी1 में रहने वाली आरती भाटिया पत्नी शोभित भाटिया के अनुसार बीते 11 शुक्रवार रात्रि करीब साढ़े बारह बजे स्कूटी नम्बर यूपी 32 क्यू आर 7412 पर सवार युवक ने अपने 6-7 अज्ञात साथियों संग मिलकर उसके दुकान में काम करने वाले लडके की पिटाई करने के साथ घर के बाहर खडी गाडियो के शीशे तोडे क्षतिग्रस्त कर फरार हो गए। जिसके चलते उन्होंने स्कूटी नम्बर के आधार पर आरोपित युवकों के खिलाफ स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

**विवाहिता ने नशेड़ी पति पर मारपीट सहित नंदों पर लगाया गाली गलौज धमकी काआरोप :** मानक नगर थाना इलाके रहने वाले एक विवाहिता ने अपने पति पर नशे की हालत में मारपीट सहित नंदों पर गाली गलौज धमकी का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रामनगर निवासिनी शालिनी पत्नी रोहित के अनुसार उसका पति शराब और नशे के आदि हैं। जिसके चलते वह आएदिन उसके संग गाली गलौज मारपीट करता रहता है। आरोप है कि बीते 11 जुलाई की दोपहर करीब तीन बजे पति रोहित ने उसके संग गाली गलौज मारपीट करने के साथ उसे जान से मारने की घमकी दी। वहीं पीड़िता का कहना था कि उसकी नंदे राखी, रूबि, रोमा आए दिन गाली गलौज करने के साथ उसे जान से मारने की धमकी देती है। जिसके चलते उसने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी दे नजदीकी लोकबंधु अस्पताल में उपचार कराने के बाद स्थानीय मानक नगर थाने में पुलिस से पति सहित नंदों के खिलाफ लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की नामजद शिकायत पर पति सहित उसकी नंदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कृष्णा नगर में दो दिन पूर्व स्थापित मूर्ति खंडित करने का मामला एक्स ट्विटर पर हुआ वायरल

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित अली नगर सुनहरा आशा राम बापू आश्रम के पास खाली पड़ी सरकारी भूमि पर दो दिन पूर्व खाटू श्याम की मूर्ति स्थापित की गई थी,जो कि अपने स्थान से हटा जमीन पर पड़ी हुई मूर्ति का वीडियो रविवार को एक्स ट्विटर पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इस अराजकता से किसी प्रकार का सांप्रदायिकता न उत्पन्न हो जिसके चलते सक्रिय कृष्णा नगर एसीपी विकास पाण्डेय और कृष्ण नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने पुलिस बल संग मौके स्थल पर पहुंच मौका मुआयना किया जहां मूर्ति यथावत अपने स्थान पर स्थापित मिली।

## 16 वर्षीय किशोर घर से लापता, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाला एक 16 वर्षीय किशोर घर से बिना बताए लापता हो गया। जिसका पता न चलने पर परिजनों ने स्थानीय थाने पर शिकायत की है। कृष्णा नगर क्षेत्र के रुस्तम विहार कॉलोनी निवासी राम गोपाल यादव पुत्र जय नाथ यादव के अनुसार उनकी कालोनी का 16 वर्षीय किशोर रोहित यादव घर से बिना बताए शनिवार रात्रि करीब 1 बजे कही चला गया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने लापता किशोर की खोजबीन करने के साथ उसके दोस्तों से पूछताछ कर स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लापता किशोर की तलाश की जा रही है।

## मॉडल शॉप से नगदी समेत कीमती शराब की बोतलें चोरी, केस दर्ज

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में घूम रहे चोरो ने एक मॉडल शाप को निशाना बना माडल शाप में लगे कैमरे का तार काट ताला तोड़ एक लाख रुपये की नकदी सहित कीमती शराब की बोतले चोरी कर फरार हो गए। विकास खण्ड -5 गोमतीनगर निवासी मोनू जायसवाल पुत्र अनिल कुमार के अनुसार वह आलमबाग क्षेत्र स्थित माडल शाप में सेल्स मैन के रूप में कार्यरत है। दो दिन पूर्व 11 जुलाई की रात्रि चोरों ने दुकान में घुसकर सीसी कैमरे के तार काट दुकान में घुस एक लाख रुपये की नकदी सहित करीब 36 हजार रुपए कीमत के रेड लेबल, ब्लैक लेबल बोतल और रॉकफोड की 15 क्वाटर माउन्टन ओक का 15 क्वाटर चोरी कर फरार हो गए। वहीं पीड़ित के अनुसार दुकान में रात्रि करीब 2:00 बजे दो चोर घुसे थे जिन्होंने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसकी जानकारी अगले दिन सुबह होने पर उन्होंने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित सेल्समैन की शिकायत पर केस दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## आकाशीय बिजली गिरने से छत पर रखा हुआ समान जला,कुछ पालतू कबूतरों की मौत

**लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र के घुसकर गांव में रविवार को एक घर में आकाशीय बिजली गिरने से छत गिरने छत गिरने के अलावा उस कमरे में रखा हुआ पूरा सामान जलकर राख हो गया। इसके अलावा इस घटना में पीड़ित के सभी पालतू कबूतरों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रविवार की दोपहर बारिश होने के साथ ही आकाशीय बिजली कड़कने की आवाज सुनाई पड़ी। बाद में जानजारी मिली कि बिजली घुसकर के ही निवासी अजय कन्नौजिया के पर गिर गई। गांव वालों के अनुसार जिस समय बिजली गिरने की घटना हुई उस समय घर मालिक खेत गया हुआ था तो उसकी बूढ़ी मां पड़ोसी के घर गई हुई थी। आकाशीय बिजली गिरने के दौरान घर में कोई जन हानि नहीं हुई। बिजली गिरने की घटना में घर में आग लग गई जिससे घर के रखा समान जल गया। आग लगने से पालतू कबूतरो की मौत हो गई इस घटना में सुरक्षा को देखते हुए फायर बिग्रेड की गाड़ी भी बुलाई गई। पुलिस के मुताबिक आकाशीय बिजली से आग लगी है पालतू कबूतरों की मौत हो गई है।

## क्लीनिक से चोरी का आरोपी नौकर गिरफ्तार

लखनऊ। महानगर में डॉक्टर के क्लीनिक से लाखों की चोरी करने वाले नौकर को पुलिस ने घटना के बाद चंद घंटों में भारत-नेपाल सीमा पर बहराइच के रूपईडीहा से गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी के माल सहित नेपाल भागने की फिराक में था। पुलिस ने चोरी की गई नकदी, जेवर भी बरामद कर लिया है। आरोपी उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। महानगर के छन्नीलाल चौराहा बी-70 मकान में डॉ. लुबना कमाल क्लीनिक चलाती हैं। उन्होंने शनिवार को महानगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस के मुताबिक डॉ. लुबना ने दी गई तहरीर में बताया कि क्लीनिक से शुक्रवार रात एक लाख 47 हजार 30 रुपये, हार, पायल, अंगूठी सहित लाखों के जेवर चोरी हो गए। चोर ने उनके घर में टीवी, पंखा आदि सामान भी तोड़ दिया। उन्होंने उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर के शंकर एन्क्लेव वार्ड-एक निवासी नौकर मिशेल कपूर पर चोरी की आशंका जताई।

## कागज डिलीवरी के नाम पर जालसाजों ने हड़पे 27 हजार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक आर्मी मैन से जालसाजों ने कागज डिलीवरी के नाम पर ऑनलाइन 27 हजार रुपये हड़प लिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित गंगा विहार कालोनी गंगा खेड़ा कनौसी निवासी रजनीश कुमार पुत्र स्वर्गीय इन्द्र बहादुर सिंह के अनुसार वह आर्मी में नौकरी कर रहे है। वर्तमान में उसकी पोस्टिंग दिल्ली में है। वहीं पीड़ित का कहना था कि उसने बीते 18 मार्च को

अपने कागजात दिल्ली से लखनऊ कोरियर के माध्यम से भेजे थे, लेकिन उन्हें प्राप्त नहीं हुए। वहीं पीड़ित का कहना था कि जब उन्होंने कोरियर कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क किया, तो एक जालसाज ने खुद को सुमित बताकर उनसे 5 रुपये की मांग की और दावा किया कि कागजात 2 से 8 दिनों में मिल जाएंगे। जैसे ही उन्होंने रुपये ट्रांसफर किए तो उनके खाते से 27 हजार रुपये रुपये कट जाने का मैसेज उन्हें प्राप्त हुआ। जिसकी जानकारी उन्होंने अपनी बैंक शाखा को दे एकाउंट होल्ड करा साइबर सेल और स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से शिकायत की। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मधुकर अस्थाना सहित प्रदेश के छह साहित्यकार सम्मानित

- सर्वजन हिताय साहित्यिक समिति का सारस्वत सम्मान समारोह सम्पन्न
- अम्बेडकर नगर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार 'मधुरेश' जी के खण्डकाव्य 'स्वयंप्रभा' का लोकार्पण भी हुआ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश की प्रमुख साहित्यिक संस्था सर्वजन हिताय साहित्यिक समिति ने स्थानीय हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में आयोजित अपने सारस्वत सम्मान समारोह में प्रदेश के छह प्रमुख साहित्यकारों को सम्मानित किया। समारोह की मुख्य समागत थीं डॉ. विद्याविन्दु सिंह। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा साहित्यकारों का सम्मान करना एक अनुकरणीय परम्परा है। ऐसे आयोजनों से साहित्य को ऊर्जा मिलती है। अध्यक्षता की उद्भट विद्वान डॉ. हरिशंकर मिश्र जी ने। डॉ. मिश्र ने संस्था के उद्देश्यों और कार्यप्रणाली की भूरि-भूरि सराहना की। संस्था के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार पाण्डेय 'अशोक' ने अपने स्वागत-वक्तव्य में सभी अभ्यागतों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संस्था के संस्थापक-संयोजक राजेन्द्र शुक्ल 'राज' ने बताया कि लखनऊ निवासी वरिष्ठ गीतकार श्री मधुकर अष्ठाना को उनके समग्र योगदान के लिए सम्मानोपाधि के साथ-साथ अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न, प्रशस्तिपत्र व नकद राशि प्रदान की गयी।

फरुर्खाबाद के वरिष्ठ कवि डॉ. शिवओम अम्बर का भी सम्मान होना था, पर वह स्वास्थ्य कारणों से उपस्थित न हो सके। गाजियाबाद के साहिबाबाद निवासी नवगीतकार सञ्जय शुक्ल को 'डॉ. अम्बिका प्रसाद गुप्त स्मृति सम्मान' के अन्तर्गत अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न, प्रशस्तिपत्र और पाँच हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की गयी। 'श्रीमती विद्यावती निगम स्मृति सम्मान' लखनऊ की नवगीतकार श्रीमती सन्ध्या सिंह व 'श्री कृष्ण सहाय निगम स्मृति सम्मान' वरिष्ठ लेखक श्री सञ्जीव जायसवाल 'सञ्जय' को प्रदान किया गया। इन दोनों साहित्यकारों को भी अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न, प्रशस्तिपत्र और पाँच-पाँच हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की गयी। 'ज्ञानराम साहित्य भविष्यत मङ्गलकामना अलंकरण' लखीमपुर के युवा उदीयमान हस्ताक्षर श्री सुशान्त प्रमोद मिश्र को मिला, जिसके अंतर्गत उन्हें अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न, प्रशस्तिपत्र और दो हजार रुपए की राशि प्रदान की गयी। संस्था का 'रामप्रसाद द्विवेदी स्मृति सम्मान' अयोध्या के रुदौली निवासी वरिष्ठ छन्दकार श्री विन्ध्यवासिनी प्रसाद मिश्र 'चञ्चल' को प्रदान किया गया; इस सम्मान में अंगवस्त्र, स्मृतिचिह्न, प्रशस्तिपत्र और ढाई हजार रुपए की राशि दी गयी। सभी सम्मानित रचनाधर्मियों ने अपने रचनापाठ से उपस्थितों को आह्लादित किया। संस्था के संस्थापक-संयोजक राजेन्द्र शुक्ल 'राज' ने बताया कि संस्था अपने स्थापना-वर्ष सन्-२००८ से साहित्यिक क्षेत्र के यशस्वी, उपेक्षित व नवांकुरित, तीनों प्रकार के हस्ताक्षरों को काफी विचार-विमर्श के बाद चयनित कर सम्मानित-पुरस्कृत करती है।

# हमले में घायल युवक की मौत, दो गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जैतीखेड़ा में शुक्रवार रात हमले में घायल रामू (42) की रविवार सुबह इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ दर्ज मुकदमे को गैर इरादतन हत्या में तरमीम कर दो आरोपितों को जेल भेज दिया। जैतीखेड़ा में शुक्रवार की रात 12 बजे रामू घर के बाहर बैठा था। इस बीच पड़ोस में रहने वाला टेम्पो चालक गया प्रसाद और उसके भाई गणेश प्रसाद से विवाद हो गया। विवाद के दौरान दोनों भाइयों ने रामू पर हमला बोल दिया।

कुल्हाड़ी से सिर पर प्रहार किया। वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। साथ ही रामू का छोटा भाई दिनेश भी जख्मी हो गया था। परिजन रामू को सीएचसी मोहनलालगंज ले गए जहां से एपेक्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। हालत गम्भीर होने पर मेडिकल कालेज ट्रामा सेंटर भेज दिया गया, लेकिन वहां बेड खाली न मिलने के कारण परिजन जुनाबगंज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान रविवार सुबह रामू ने दम तोड़ दिया। रामू की पत्नी ने गया प्रसाद, गणेश प्रसाद, कृष्णा, कुसुम व चन्द्र किरन के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में मामला दर्ज कराया था। मौत के बाद आरोपित सगे भाई गया प्रसाद व गणेश प्रसाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि गैर इरादतन हत्या की धाराएं बढ़ाए जाने के साथ अन्य आरापितों की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

**असलहों के साथ दो युवकों का वीडियो वायरलः** सोशल साइट पर असलहों के साथ वीडियो वायरल होने के मामले थम नहीं रहे हैं। रविवार को दो युवकों की असलहों के साथ इंस्टाग्राम एकाउंट पर पोस्ट की गई वीडियो वायरल हुई है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो काकोरी थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। जिसमें दो युवक डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक युवक ने पीली टीशर्ट व ब्लू जींस पहन रखी है। दूसरा युवक शर्ट व ब्लू जींस पहने है। पीली टीशर्ट पहने युवक दोनों हाथों में असलहे लिए हुए दिखाई दे रहा है। वह अपने दूसरे दोस्त को गले लगा कर डांस कर रहा है। वीडियो में, हम यूपी के लौंडे हैं, हम न दबते हैं, न डरते हैं। गाना भी सुनाई दे रहा है। असलहों के साथ दोनों युवकों की वायरल वीडियो का पुलिस ने संज्ञान लिया है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र का कहना है कि असलहों के साथ युवकों की वायरल वीडियो मामले की जांच कराई जा रही है। चिह्नित कर युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रोटरी ट्रान्स गोमती की अध्यक्ष बनीं पूर्वी मित्तल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आज गोमती नगर के होटल मरक्यूर में आयोजित इन्स्टॉलेशन कार्यक्रम में रोटरी वर्ष 25-26 के लिए रोटेरियन पूर्वी मित्तल ने रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रान्स गोमती के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। मुख्य अतिथि रोटरी इन्टरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष कल्याण बैनर्जी ने अपने उदबोधन में कहा की रोटरी भारत में ही नहीं पूरे विश्व में समाज सेवा के लिए जाना जाता है।

भारत में पोलियो उन्मूलन में रोटरी ने अग्रणी भूमिका निभाई तथा चाहे रक्तदान हो या दिव्यांग की मदद हो रोटरी की सेवाएं सराहनीय है। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन डॉ पंकज मित्तल ने कहा की पिछले 2 वर्षो के कार्यकाल में अधिक से अधिक सेवा कार्यों को क्लब के सदस्यों के सहयोग से हमारा क्लब भलिभांति पूरा कर पाया। आशा ही नहीं विश्वास है कि रोटेरियन पूर्वी मित्तल के कार्यकाल में रोटरी क्लब ट्रान्स गोमती नई ऊचाइयों को छूयेगा तथा नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अजय कपूर, सचिव रोटेरियन विनोद सिंह, कोषाध्यक्ष रोटेरियन इला गंभीर, डायरेक्टर रोटेरियन सुधीर एस हलवासिया ने भी कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर रोटेरियन दीपक रायजादा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद थे। पूर्वी मित्तल रोटरी क्लब लखनऊ ट्रांस गोमती का अध्यक्ष बनने के बाद घोषणा की क्लब इसी महीने लोक बंधु अस्पताल को मेमोग्राफी मशीन (ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग मशीन) डोनेट करेगा। इस अवसर पर अस्पताल की निदेशक डॉक्टर संगीता गुप्ता, रोटेरियन प्रवीण मित्तल, रोटेरियन संगीता मित्तल आदि मौजूद रहे।

# सावन का पहला सोमवार आज, शिवालयों में गूंजेगा बम-बम भोले





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान भोले का प्रिय श्रावण मास 11 जुलाई को शुरू हो चुका है, और 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार है, जो कि श्रावण मास की विशेष तिथि मानी जाती है। सावन के पहले सोमवार के लिए राजधानी के सभी शिवालय भोले बाबा का आराधना के लिए सजधज कर तैयार हैं। सोमवार भोर से ही शहर के सभी शिवालयों में बम-बम भोले की उदघोष से गूंज उठेंगे। शहर के सबसे प्राचीन शिव मंदिरों में से एक मनकामेश्वर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर लिए हैं। इसी तरह कोनेश्वर मंदिर, चौपटिया स्थित छोटा शिवाला और बड़ा शिवाला भी भक्तों के लिए तैयार हैं।

**सावन के पहले सोमवार पर धनिष्ठा नक्षत्र व आयुष्मान योग :** सावन भोलेनाथ का प्रिय महीना है, जिसमें पूजा-पाठ, दान-दक्षिणा समेत पुण्य कर्मों का खास फल मिलता है। सावन मास के सोमवार और श्रावण मास की शिवरात्रि बहुत ही विशिष्ट और शुभ फलदायक होती है। इस बार सावन के पहले सोमवार को आयुष्मान योग बन रहा है। इस दिन गणेश चतुर्थी भी है, इसलिए गणेश जी की भी विशेष पूजा होगा। सावन के हर सोमवार को शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। गंगा स्नान के बाद भक्त जन गंगाजल लेकर शिवालयों में जल चढ़ाएंगे। सावन में शिव के मदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, भजन-कीर्तन और विशेष पूजन किया जाता है। 14 जुलाई, सावन के पहले सोमवार को कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि है, इस दिन पूरे दिन तक रहेगी। इस दिन नक्षत्र धनिष्ठा है और योग आयुष्मान है। इस दिन भद्रा का साया नहीं है। द्रिक पंचांग के अनुसार भद्रा रात को ही 1.02 मिनट तक खत्म हो जाएगी। आपको बता दें कि भगवान शिव की अराधना प्रदोष काल में की जाती है। इस दिन प्रदोष कालः शाम को 5:38 से शाम 7:22 तक रहेगा। इसलिए भगवान शिव की पूजा सावन सोमवार के दिन सुबह के अलावा ऊपर बताए गए प्रदोष काल में भी जरूर करें।

**भगवान शिव का होगा विशेष शृंगार:** श्रावण मास के पहले सोमवार पर शहर के सभी शिवालयों में भगवान शिव का विशेष शृंगार किया जाएगा। डालीगंज स्थित मनकामेश्वर सिद्धपीठ में चंदन, भांग, बेसन और फूलों से अनोखी शिव आकृति बनाई जाएगी, जिसका पूजन किया जाएगा। वहीं भोर में ही भगवान शिव की भस्म आरती की जाएगी। महंत देव्यागिरी ने बताया कि भोर में भस्म आरती के बाद भगवान शिव का विशेष शृंगार होगा, उन्हें विशेष पगड़ी भी पहनाई जाएगी। वहीं, पांच प्रकार के फूल सूरजमुखी, बेला, कमल, कनेर और गेंदा से भगवान शिव का भव्य पुष्प शृंगार होगा। उन्हें शमी का फूल, धतूरा और बेल पत्र की माला पहनाई जाएगी। शाम को महाआरती होगी।

**हर दिन अलग शृंगार, विशेष भोजन प्रसादः** मोहन रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में इस बार भक्तों को हर दिन भगवान शिव का नया स्वरूप देखने को मिलेगा। मंदिर के पंडित रामपुरी महाराज ने बताया कि एक विशेष 'शृंगार समिति' बनाई गई है जो महाकाल का भव्य शृंगार उनके प्रिय फल, फूल और पत्तों से करेगी। श्रद्धालुओं के लिए हर दिन विभिन्न प्रकार के भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। पौराणिक मान्यता है कि राम-लक्ष्मण और सीता ने वनवास के दौरान इसी स्थान पर भगवान शिव की पूजा की थी।

**दिव्यांग और वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए अलग प्रवेश द्वारः** गोमती नदी के तट पर स्थित लगभग 1000 वर्ष पुराना मनकामेश्वर मंदिर इस बार सावन के पहले सोमवार को 1 लाख से अधिक भक्तों के स्वागत को तैयार है। मंदिर की महंत देव्या गिरी ने बताया, दिव्यांग और वृद्ध श्रद्धालुओं के लिए अलग प्रवेश द्वार, प्राथमिक उपचार व्यवस्था और 100 से अधिक स्वयंसेवकों को तैनाती की गई है। मंदिर के कपाट सोमवार को सुबह 5 बजे खुलेंगे और दोपहर 12 बजे तक दर्शन होंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे से रात 10:30 बजे तक फिर से श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर सकेंगे। हर दिन भक्तों में प्रसाद वितरित किया जाएगा। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान लक्ष्मण ने इसी स्थान पर भगवान शिव की प्रार्थना की थी। यहां मनोकामना पूरी होने की मान्यता है। इसी वजह से इसका नाम मनकामेश्वर पड़ा है। मनोकामना पूरी होने पर भक्त भगवान का शृंगार करते हैं।

**व्रत पूजा विधिः** इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करके स्वच्छ कपड़े पहनें। पूजा स्थल की अच्छे से सफाई करें। भोलेनाथ के सामने आंखे बंद करके शांति से बैठें और व्रत का संकल्प लें। दिन में 2 बार सुबह और शाम को भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती जी की पूजा अर्चना करें। भगवान शंकर के सामने तिल के तेल का दिया प्रज्वलित करें और फल व फूल अर्पित करें। ॐ नमः शिवाय मंत्र का उच्चारण करते हुए भगवान भोलेनाथ को सुपारी, पंच अमृत, नारियल व बेल की पत्तियां चढ़ाएं। व्रत कथा का पाठ करें और दूसरों को भी व्रत कथा सुनाएं एवं शिव चालीसा पढ़ें। प्रसाद बांटने के बाद शाम को पूजा करके अपना व्रत खोलें।

**मनकामेश्वर में होगी महाकाल की भस्म आरतीः** श्रावण मास में देवादिदेव महादेव का नाम लेने मात्र से सारे दुःख दूर हो जाते हैं। उनकी महिमा का बखान कर रुद्राभिषेक करने वालों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भगवान शिव की आराधना के इस महीने के सोमवार को महिलाएं व्रत रखकर सुख समृद्धि की कामना करती हैं। मंदिरों में जहां विशेष इंतजाम होंगे वहीं रुद्राभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें भी लगेंगी। राजेंद्रनगर स्थित महाकाल मंदिर में सुबह चार बजे उज्जैन की तर्ज पर महाकाल की भस्म आरती होगी। मनकामेश्वर मंदिर के कपाट भी भोर में ही खोल दिए जाएंगे। महंत देव्या गिरि के महाआरती के साथ ही मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर में क्लोज सर्किट कैमरे लगाए गए हैं। पूजन सामग्री व प्रसाद की दुकानों को सुव्यवस्थित लगाने के मंदिर प्रशासन की ओर से निर्देश दिए गए हैं।

### महाकाल मंदिर में उज्जैन के भस्म आरती की झलक



राजेंद्रनगर स्थित महाकाल मंदिर इस बार उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर आयोजन कर रहा है। मंदिर समिति के महामंत्री गिरीश चंद्र ने बताया कि हर दिन तीन रुद्राभिषेक और भस्म आरती होंगी। सुबह 4 से 7 बजे तक आरती के विशेष आयोजन के साथ। मंदिर को लाइटों और फूलों से सजाया गया है। 24 जुलाई को बाबा महाकाल नगर भ्रमण के लिए पालकी में विराजमान होकर निकलेंगे। मंदिर में भगवान शिव की दक्षिणमुखी प्रतिमा स्थापित है, जो इसे उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से जोड़ती है। शनिवार को भक्तों की भारी भीड़ होती है।

## फूलों व रंग-बिरंगी लाइटों से सजे शहर के शिवालय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। 11 जुलाई से सावन माह शुरू हो चुका है। 14 को सावन का प हला सोमवार है, जिसे लेकर शहर के शिव मंदिरों में तैयारियां जहां अंतिम दौर में पहुंच चुकीं हैं तो कई मंदिरों में अभिषेक के लिए समय देने का कार्य पूरा हो गया है। चौक रानी कटरा स्थित के छोटा व बड़ा शिवाला में भी पहले सोमवार को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। कोनेश्वर मंदिर के साथ ही सदर के द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में भी अभिषेक को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं। आशियाना के सेक्टर.एच स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, बंगलाबाजार के श्री रामजानकी मंदिर, इंद्रेश्वर मंदिर, मौनी बाबा मंदिर व गुलाचिन मंदिर के अलावा सिद्धेश्वर मंदिर, सैसोवीर मंदिर, गोमतेश्वर मंदिर व विन्ध्याचल मंदिर के अलावा शहर के सभी शिव मंदिर पूजन के लिए तैयार हैं। स्वप्नेश्वर महादेव मंदिर, इंदिरानगर भूतनाथ मंदिर, महानगर के सिद्धेश्वर मंदिर, राजाजीपुरम, सआदतगंज, आलमबाग, चिनहट के अलावा बख्शी का तलाब के मां चंद्रिका देवी मंदिर के चंद्रकेश्वर महादेव मंदिर, कालेश्वर महादेव मंदिर, इटौंजा के रत्नेश्वर महादेव मंदिर, टीकाश्वर महादेव मंदिर के साथ ही शहर के सभी छोटे बड़े शिव मंदिरों पर तैयारियां पूरी होने के साथ ही मंदिरों को झालरों व फूलों से सजाया गया है।

### कोनेश्वर मंदिर : 25 ब्राह्मणों से होगा पूरे माह पाठ

चौक स्थित प्राचीन कोनेश्वर मंदिर में भगवान शिव के विशेष पाठ की शुरूआत बृहस्पतिवार शाम 7 बजे से की गई। मंदिर के पुजारी अमर नाथ ने बताया, पूरे माह 25 ब्राह्मण रोजाना शाम 7 से रात 9 बजे तक शिव पाठ करेंगे, जिसके बाद भव्य आरती होगी। श्रद्धालुओं के लिए हर सोमवार को ठंडाई का वितरण किया जाएगा। मंदिर में किए गए अद्भुत शृंगार को देखने के लिए दूर-दराज से लोग आ रहे हैं। ऐसी मान्यता है कि 40 दिनों तक नियमित शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

# संकष्टी चतुर्थी आज, बन रहे 4 शुभ संयोग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जुलाई संकष्टी चतुर्थी सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को है। यह सावन संकष्टी चतुर्थी और गजानन संकष्टी चतुर्थी के नाम से जानी जाती है। इस बार जुलाई संकष्टी चतुर्थी के दिन 4 शुभ संयोग बन रहे हैं, जिसकी वजह से यह और भी खास बन गई है। संकष्टी चतुर्थी में सुबह के समय गणेश जी की पूजा करते हैं और रात के समय में चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत पूर्ण होता है। चंद्रमा की पूजा नहीं करेंगे, तो आपका व्रत अधूरा ही रहेगा.पंचांग के अनुसार, जुलाई संकष्टी चतुर्थी के लिए सावन कृष्ण चतुर्थी तिथि 14 जुलाई दिन सोमवार को 1 बजकर 2 एएम पर शुरू होगी। य ?ह तिथि 14 जुलाई को ही रात 11 बजकर 59 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में उदयातिथि के आधार पर जुलाई संकष्टी चतुर्थी 14 जुलाई सोमवार को होगी। इस दिन व्रत और पूजन होगा।

**संकष्टी चतुर्थी का मुहूर्तः** 14 जुलाई को संकष्टी चतुर्थी के दिन का ब्रह्म मुहूर्त 04:11 ए एम से 04:52 ए एम तक है, उसके बाद उस दिन का शुभ समय यानि अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 59 मिनट से दोपहर 12 बजकर 55 मिनट तक है। इस समय में आप शुभ काम कर सकते हैं। उस दिन का अमृत-सर्वोत्तम मुहूर्त 05:33 ए एम से 07:16 ए एम तक है, जबकि शुभ-उत्तम मुहूर्त 09:00 ए एम से 10:43 ए एम तक है।

**संकष्टी चतुर्थी पर बनेंगे 4 शुभ संयोगः** इस साल की जुलाई संकष्टी चतुर्थी के दिन 4 शुभ संयोग बन रहे हैं। जुलाई संकष्टी चतुर्थी के दिनपहला सावन सोमवार है, जो भगवान शिव की पूजा का सुंदर दिन है। जुलाई संकष्टी चतुर्थी पर आयुष्मान्-योग और सौभाग्य योग बनेंगे. इसके अलावा धनिष्ठा और शतभिषा नक्षत्र है। संकष्टी चतुर्थी पर आयुष्मान्-योग प्रातःकाल से लेकर शाम 04 बजकर 14 मिनट तक है, उसके बाद से सौभाग्य योग बनेगा। धनिष्ठा नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर सुबह 06 बजकर 49 मिनट तक है, उसके बाद से शतभिषा नक्षत्र है।

**संकष्टी चतुर्थी पर चांद निकलने का समयः** संकष्टी चतुर्थी पर चांद निकलने का समय रात 09 बजकर 55 मिनट पर है। इस समय चंद्रमा को अर्घ्य दें और पूजा करें। दूध में कच्चा दूध, अक्षत, सफेद चंदन और सफेद फूल डालकर अर्घ्य देना चाहिए।

**संकष्टी चतुर्थी का महत्वः** संकष्टी चतुर्थी का शाब्दिक अर्थ है 'संकटों को हरने वाली चतुर्थी'। इस दिन भगवान गणेश की पूजा करने से जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में सकारात्मकता आती है। यह व्रत संतान प्राप्ति, स्वास्थ्य लाभ और आर्थिक समस्याओं से मुक्ति के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और विधि-विधान से पूजा करने से चंद्र देवी की भी कृपा मिलती है।

**संकष्टी चतुर्थी की पूजा विधि :** सुबह जल्दी उठें और स्नान करें। इसके बाद पूजा घर को गंगाजल से शुद्ध करें और एक वेदी पर लाल कपड़ा बिछाएं। भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करें। पूजा शुरू करने से पहले हाथ में जल और चावल लेकर व्रत का संकल्प लें। भगवान गणेश का अभिषेक करें। घी का दीपक प्रज्वलित करें। भगवान गणेश को लाल फूल, दूर्वा, रोली और चंदन आदि चीजें चढ़ाएं। उन्हें मोदक, लड्डू, फल और अन्य मिठाई का भोग लगाएं। भगवान गणेश के मंत्रों का जप करें। संकष्टी चतुर्थी व्रत कथा का पाठ करें या सुनें। अंत में भगवान गणेश की आरती करें। शाम के समय चंद्रमा दर्शन करें और उन्हें अर्घ्य दें। अंत में पूजा के लिए माफी मांगे।

# नृत्यांगनाओं के नृत्य संग अनेक विभूतियां सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** जे.पी.एस. स्टार 11 के तत्वावधान में आज से पार्टी पॉइंट 103 सेक्टर 6के वृंदावन योजना तेलीबाग, रायबरेली रोड, लखनऊ में आरम्भ हुए 'इंडिया लहराएगा हुनर का परचम' में नृत्यांगनाओं के नृत्य संग अनेक विभूतियां सम्मानित हुईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ रिद्धिमा कौशल ने गणेश वंदना पर भावपूर्ण नृत्य से कर विघ्न विनाशक गणेश जी के चरणों में अगाध श्रद्धा अर्पित की। इसी अनुशरण के क्रम में मानस्वी विनय ने चल तेरे इश्क में अनोखी वर्मा ने मेरे ढोलना सुन, आराध्या वर्मा ने उईमां उईमां गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरांत शिवांगी सिंह ने कथक के पारंपरिक स्वरूपों को प्रस्तुत कर दर्शकों की असंख्य तालियां बटोरीं।

इस अवसर पर अरविन्द सक्सेना ने फिल्म निमार्ता प्रदीप श्रीवास्तव, बॉलीवुड गायिका श्वेता श्रीवास्ताव, समाजसेवी-साहित्यकार जितेन्द्र सिंह, कथक नृत्यांगना नेहा वर्मा, ऋचा तिवारी, अनुराधा यादव, अंकिता बाजपेई, प्राची श्रीवास्तव, राय मणिपत्र, शैलेन्द्र सिंह और सुरेश रघुवंशी को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# बच्चों के जीवन को सच्ची खुशियों से भरता है सनातन : सपना गोयल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल की अगुआई में ने बताया कि आगामी शनिवार 19 जुलाई को मथुरा स्थित भगवान कृष्ण जन्मस्थली मंदिर परिसर में वृहद स्तर पर मातृशक्तियों द्वारा पहली बार सामूहिक सुंदरकांड का पाठ दोपहर एक बजे किया जाएगा।

यह जानकारी रविवार 13 जुलाई को स्थानीय भूतनाथ मार्केट के, बी 209, सावित्री प्लाजा में आयोजित मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी के दौरान सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने दी। इस अवसर पर परिसर सुंदरकांड महा अभियान की जय, देवभूमि भारतवर्ष की जय और सनातन की जयकारों से गूंज उठा। सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने इस संगोष्ठी में कहा कि सभी सनातनी मातृशक्तियों को चाहिए कि वह अपने-अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति के परिवेश में ढालें। इसके साथ ही उनके जीवन को खुशियों से भरने के लिए सनातन धर्म क्या है...?, इसके बारे में उन्हें पूर्ण जानकारी दें। उनके अनुसार जीवन में जननी और जन्मभूमि दोनों ही बहुत महत्वपूर्ण है।

सनातनी परंपरा का अनुसरण करके हम इन दोनों को नमन कर अपना और समाज का उत्थान कर सकते हैं। इसी में राष्ट्र उन्नति निहित है। वास्तव में यह वक्त की पुकार भी है। सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल के अनुसार सुंदरकांड के नियमित पाठ से केवल सनातनियों का ही नहीं बल्कि हर समाज के अनुयायियों का कल्याण सम्भव है। सुंदरकांड के पाठ में सुंदर विश्व की कामना का भाव निहित है। उनके अनुसार सुंदरकांड महा अभियान, भारत वर्ष की बने पहचान महज एक साल की अल्पावधि में दिलों से लेकर जिलों तक को जोड़ने में सफल रहा है। उनके इस महा अभियान का लक्ष्य है कि संतों और देवों की पावन भूमि भारत पुनः विश्व गुरु बने। अयोध्या जी जन्मभूमि परिसर में मातृशक्तियों द्वारा सामूहिक मासिक सुंदरकाण्ड पाठ का सिलसिला 11 सितम्बर 2024 से शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से लखनऊ की ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल को इसका दायित्व सौंपा गया है। सपना गोयल द्वारा बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के, बीते 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था। सामूहिक सुंदरकांड का अभियान राष्ट्रीय स्तर पर वृहद रूप में निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में स्थानीय अनगिनत मंदिरों के साथ ही नैमिषारण्य तीर्थ, उत्तराखंड कोटद्वार के प्रतिष्ठित प्राचीन मंदिर-सिद्धबली परिसर, काशी के बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर, अयोध्याजी के जन्मभूमि मंदिर परिसर और प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर में भी सामूहिक सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान, सफलतापूर्वक आयोजित करवाया जा चुका है।

# जिनको है केवल ज्ञान वो है तीर्थकर महान : सागर जी मुनिराज

- चातुर्मास साधुओ की साधना का समय होता है
- डालीगंज जैन मन्दिर में चातुर्मास कलश स्थापना समारोह सम्पन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** डालीगंज जैन मन्दिर मे रविवार को श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के अंतर्गत उपाध्याय श्री 108 आदीश सागर जी मुनिराज का भव्य 17वॉ चातुर्मास कलश स्थापना समारोह मनाया गया। सभा अध्यक्ष विनय कुमार जैन के नेतृत्व मे जिन मंदिर मे अभिषेक शांतिधारा के बाद, समारोह की शुरूवात श्री जम्बू कुमार जैन सर्राफ द्वारा ध्वजारोहण से हुई।

सभा का संचालन सभा के महामंत्री एवं चातुर्मास के मुख्य संयोजक सुबोध कुमार जैन जोहरी ने किया। दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगलाचरण के बाद मुनि श्री का पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य पवित्र जैन, तारा जैन परिवार ने प्राप्त किया। उसके बाद मुनि श्री को इंजीनियर पीके जैन अलीगंज द्वारा शास्त्र भेट किया गया। लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रो से आये भक्तो द्वारा देव शास्त्र गुरु का पूजन कर अष्ट द्रव्य चढ़ाया। मीडिया प्रभारी पार्श्व जैन ने बताया की चातुर्मास का मुख्य रजत कलश पुनः इंजीनियर पीके जैन अलीगंज वालो ने प्राप्त किया। सभी भक्तो ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मुनिराज की आरती की। महिलाओं बच्चो ने भजन एवं नृत्य कर अपनी भावना प्रकट की। इस मौके पर उपाध्याय आदीश सागर ने अपने मंगल प्रवचन मे बताया की उन्होंने 9 मार्च को लखनऊ के डालीगंज जैन मंदिर मे प्रवेश किया था, और यहाँ के अतिशयकरी पार्श्वनाथ भगवान ने कही जाने नहीं दिया, मुनि श्री ने कहा की अगर भगवान की मर्जी यहाँ रोकने की थी तो कोई यहाँ से उन्हें विहार नहीं करवा सकता था और अगर भगवान चाहते तो कोई उन्हें आगे जाने से रोक नहीं सकता था। मुनि श्री ने बताया की लखनऊ, भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण की नगरी है, यहाँ सबके भाग्य बनते है। डालीगंज मंदिर मे मानस्थम्भ के कारण चौबीस घंटे दर्शन उपलब्ध रहते है। उन्होंने बताया की चातुर्मास साधुओ की साधना का समय होता है। अगर प्रभु का साथ है तो मुझे क्या कमी है। उन्होंने बताया की वषार्योग के समय, इन चार माह मे अधिक वर्षा होती है और दिगम्बर साधू अहिंसा व्रत मानते है, इसलिए जीवो की हिंसा से बचने के लिए वे इन चार माह कही विहार नहीं करते है। मुनिराज ने आगे कहा की जिनवाणी के बिना कल्याण नहीं हो सकता। दिगम्बर साधू की आहार चर्या, मुनि और श्रावक को जोड़ने का एकमात्र साधन है। मुनिराज ने कहा की अपनी मूल पहचान बनाये रखना है, सिद्धालय पर विराजमान होना है, फिर कभी किसी को आधार कार्ड दिखाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। आखिर मे उन्होंने कहा की जिनको है केवल ज्ञान, वो है तीर्थकर महान। मुनिराज ने सभी भक्तो को रक्षासूत्र बांधा। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष विनय जैन, महामंत्री सुबोध जैन, कोषाध्यक्ष सुशील, वरिष्ठ मंत्री वीर कुमार साड़ी वाले, मुख्य प्रबंधक वीर कुमार टिकैतनगर वाले, उप प्रबंधक पार्श्व कुमार, सभा के उपाध्यक्ष जम्बू सर्राफ, उपाध्यक्ष अमरचंद, उपाध्यक्ष बंटी, संरक्षक नरेन्द्र, ज्ञान ज्योति, मंत्री रितेश, रोहित इंद्रानगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष केसी जैन, मुनि विहार संयोजक नीरज छाबड़ा, संयोजक मण्डल से मनीष जैन, पारस एडवोकेट, ब्राम्हचारिणी अनंतमती बाईजी, इन्दिरानगर, अभिलाषा जैन, शीतू जैन आदि भक्तगण मौजूद रहे।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, एकादशम् मण्डल, सिंचाई कार्य, अयोध्या**

**ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य**

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या- 02/अधी0अभि0/एकादशम्/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेष की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं प्राइस/फाइनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, जिसकी प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनॉक- 21.07.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में, विभाग द्वारा गठित समिति द्वारा आनलाईन खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी समस्त प्रपत्र दिनॉक- 16.07.2025 से दिनॉक- 21.07.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। प्राइस/फाइनेन्शियल बिड खोलने की तिथि, कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर निर्धारित होगी, जो नोटिस बोर्ड व ई-पोर्टल पर सूचित की जायेगी। निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि का भुगतान इण्टरनेट बैंकिग के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। सशर्त निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं होगी।

| लाट सं. | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (लाख रू. में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (जी.एस.टी. सहित) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद- सीतापुर में चहलारीघाट-गणेशपुर तटबन्ध के किमी. 31.000 (ग्राम अखरी के पास) मिजार्पुर स्टोन बोल्डर की आपूर्ति का कार्य। | 1.10 | 20 दिवस | रू. 3363.00 | बी एवं उच्च |

1. यह निविदा/बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://up.gov.in/ सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in/ तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।
2. निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि, इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से आनलाइन भुगतान द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

UPID-235859 Date: 10.07.25
Website : www.upgov.nic.in

अधीक्षण अभियन्ता
एकादशम् मण्डल सिंचाई कार्य, अयोध्या

# परिषदीय विद्यालयों के विलय को लेकर सरकार के कदम की निंदा की

## विद्यालयों को विलय करने को लेकर संयुक्त संघर्ष संचालन समिति की बैठक



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति (र-4) उत्तर प्रदेश के कैंप कार्यालय में सरकार के द्वारा 10827 परिषदीय विद्यालयों में कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों की पेयरिंग (मर्जर ) की कार्यवाही को लेकर बैठक र-4 के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं र -4 के महासचिव आर.के. निगम के मार्गदर्शन में आयोजित हुई।

जिसमें संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के विभिन्न विभागों के संगठनों के पदाधिकारी ने एकजुट होकर सरकार के इस कदम की निंदा की और कहा मर्जर प्रक्रिया में लाखों की संख्या में दलित पिछड़े एवं निर्धन बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे और हजारों की संख्या में पदोन्नति के पद समाप्त हो जाएंगे एवं रसोईया, शिक्षामित्र और अनुदेशकों के पद समाप्त हो जाएंगे, सभी ने एक स्वर में कहा कि सरकार शिक्षा के निजीकरण की ओर बढ़ रही है।28 जुलाई को मर्जर के खिलाफ प्रत्येक जनपद में माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित जिला अधिकारी के द्वारा मर्जर के खिलाफ पत्र प्रेषित किया जाएगा। र-4 के पदाधिकारी उन संगठनों से भी संपर्क करेंगे जो इसके घटक नहीं है उनको भी मर्जर के विरोध में एकजुट करने का प्रयास करेगे, और संयुक्त रूप से एक बड़े कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

आज की बैठक में सहकारिता विभाग, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वाणिज्य कर विभाग के संगठनों के पदाधिकारी राजेश सिंह, कृतार्थ सिंह, अरुणेंद्र वर्मा अनीश अहमद संदीप कुमार मिश्रा, दिनेश कुमार सिंह अवधेश कुमार वर्मा मजहर, प्रवेश कुमार महेंद्र वर्मा हबीब अहमद खुर्शीद आलम, मोहम्मद अकील, मोहम्मद रेहान आलम, पंकज यादव, मंसूर आलम अंसारी,गौस आजम, मोहम्मद रेहान, हनुमंत प्रसाद द्विवेदी, गोवर्धन, राजीव सिंह, सी एल गुप्ता उपस्थित रहे।

## सरकार से आर पार करने का लिया गया निर्णय, 4 अगस्त से शुरू होगा चरणबद्ध आंदोलन

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों, सदस्यों ,संबद्ध संगठनों के अध्यक्ष ,महामंत्रियों एवं जनपद शाखाओं के अध्यक्ष सचिवों की एक अति आवश्यक बैठक रविवार को संयुक्त परिषद के कार्यालय 504,शालिग्राम अपार्टमेंट लखनऊ में संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न
- दर्जनों संबद्ध संगठनों एवं 50 से अधिक जनपद शाखाओं के पदाधिकारियों ने किया प्रतिभाग



बैठक में यू पी फूड सिविल सप्लाईज इंस्पेक्टर्स ऑफिसर्स एसोसिएशन , अराजपत्रित कर्मचारी संघ खाद्य रसद विभाग, उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ, फाइलेरिया निरीक्षक संघ, एक्स-रे टेक्नीशियन एसोसिएशन, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन संघ आशा कार्यकर्त्री संगठन, माध्यमिक शिक्षणेत्र कर्मचारी संघ सहित दर्जनों संगठनों के पदाधिकारी एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण जी दुबे उपाध्यक्ष, त्रिलोकी नाथ चौरसिया, प्रीति पांडे, कुसुम लता यादव, नितिन गोस्वामी, डीके त्रिपाठी, डीके उपाध्याय, राजेश श्रीवास्तव, रमेश चंद्र राय सहित दर्जनों पदाधिकारी ने बैठक में प्रतिभाग किया। यह जानकारी राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने लखनऊ में एक प्रेस विज्ञप्ति में दिया है ।उन्होंने अवगत कराया है कि बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारियों के विचार सुनने के बाद संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की उपेक्षा कर रही है।कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। शासन की स्थानांतरण नीति को दरकिनार कर विभिन्न विभागों में स्थानांतरण किए गए हैं ।स्थानांतरण सत्र समाप्त हो जाने के बाद भी खाद्य रसद सहित कुछ विभागों में स्थानांतरण बदस्तूर जारी है। खाद्य रसद विभाग में स्थानांतरण में लेन देन की शिकायत भी आई हैं। विपणन शाखा से संबंधित स्थानांतरण की पत्रावली अभी भी शासन में लंबित है।परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने मुख्यमंत्री के ई मेल आईडी पर पत्र भेज कर रसद रसद विभाग के सभी स्थानांतरणों की जांच किए जाने एवं गलत स्थानांतरण निरस्त करने की मांग किया है।

संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जैन तिवारी ने परिषद की संरचनात्मक संगठन आत्मक संरचना को मजबूत करने के लिए रोडवेज कल्याण संघ के अध्यक्ष जी के त्रिपाठी को संयुक्त परिषद का वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया है जबकि राजेश श्रीवास्तव को वाराणसी जनपद का अध्यक्ष एवं सोशल मीडिया प्रभारी तथा हर्ष सिंह को जनपद बाराबंकी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।संयुक्त परिषद में अनुशासन स्थापित करने के उद्देश्य से एक साथ सदस्यों की अनुशासन समिति भी बनाई गई है जिसकी अध्यक्ष श्री त्रिलोकी नाथ चौरसिया होंगे। अनुशासन समिति के अन्य सदस्यों में संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष परिषद के नारायण जी दुबे, रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष डी के त्रिपाठी, चकबंदी अधिकारी संघ के महामंत्री हर्ष सिंह, संयुक्त परिषद के उपाध्यक्ष शिवाकांत द्विवेदी,संयुक्त परिषद के कोषाध्यक्ष नितिन गोस्वामी, एवं आशा हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कुसुम लता यादव को शामिल किया गया है। अरुणा शुक्ला को मीडिया प्रभारी का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।परिवहन निगम में संविदा चालकों परिचालकों का स्थानांतरण नहीं किया गया है जबकि म्यूचुअल स्थानांतरण की व्यवस्था स्थानांतरण नीति में दी गई है ।संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी एवं महामंत्री अरुणा शुक्ला ने अवगत कराया है कि सरकार की कर्मचारियों के मांगों के प्रति उदासीनता को देखते हुए संयुक्त परिषद ने चरण बद्ध आंदोलन की घोषणा किया है। आंदोलन के पहले चरण में 4 अगस्त से 23 अगस्त तक समस्त जनपदों में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा।4 सितंबर को जनपद मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करके जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा जाएगा। 21 सितंबर को समस्त मंडल मुख्यालयों पर मंडलायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजे जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। 17 अक्टूबर को लखनऊ में विधानसभा के घेराव का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रदेश के सभी विभागों के 5 लाख से अधिक कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय का निर्धारण अभी तक नहीं हुआ है जबकि मुख्यमंत्री इसकी घोषणा पहले ही कर चुके हैं।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश का निर्वाचन सम्पन्न




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश का निर्वाचन सरस्वती विद्या मंदिर, सेक्टर क्यू, अलीगंज में निर्वाचन अधिकारी दिलीप सरदेसाई की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

निर्विरोध संपन्न हुए निर्वाचन के बाद प्रो. संजय मेधावी को प्रदेश अध्यक्ष, जोगेंद्र पाल सिंह को महामंत्री, डॉ. उदयन मिश्रा को कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ. कमल कौशिक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. अम्बरीष सिंह को संयुक्त महामंत्री, प्रो. सीमा गुप्ता को महिला उपाध्यक्ष, प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, अनूप शर्मा को उपाध्यक्ष, शिव शंकर सिंह को उपाध्यक्ष, स्वदेश कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, उषा शाक्य को उपाध्यक्ष और बृजेश श्रीवास्तव को मीडिया प्रभारी सहित 52 पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

निर्वाचन में विभिन्न संवर्गों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख स्वांत रंजन , अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार , डॉ निर्मला यादव, अजीत सिंह, भगवती सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने आईएससी टॉपर मेधा को किया सम्मानित

## आईएससी में 99.75% डॉ. राजेश्वर सिंह ने नेशनल टॉपर मेधा प्रसाद की उपलब्धि को सराहा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मेधा प्रसाद ने वास्तव में अपने नाम के सार को साकार किया है, जो ज्ञान, विवेक और बुद्धिमत्ता का प्रतीक है। आईएससी में 99.75% अंक प्राप्त कर, उन्होंने न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, बल्कि अपनी पीढ़ी के लिए एक चमकदार उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। उनकी प्रतिबद्धता, विचारों की स्पष्टता और निरंतर कड़ी मेहनत उत्कृष्टता की सच्ची भावना को दशार्ते हैं।इस विचलित समय में, मेधा ने दिखाया है कि एकाग्रता, मूल्य और दृष्टिकोण असाधारण सफलता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने अपने परिवार, विद्यालय और पूरे समुदाय को गौरवान्वित किया है और अनगिनत युवा मनों को ऊँचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित किया है। ये प्रेरणास्पद शब्द सरोजनीनगर

**मॉडर्न अकेडमी गोमती नगर के 5 मेधावियों को डॉ. राजेश्वर सिंह ने प्रदान किये लैपटॉप**



विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आईएससी बोर्ड की राष्ट्रीय टॉपर मेधा प्रसाद को सम्मानित करते हुए शुक्रवार को गोमती नगर स्थित मॉडर्न एकेडमी में आयोजित फेलिसिटेशन सेरेमनी में कहे गए।

यह कार्यक्रम आईसीएसई (कक्षा 10 ) एवं आईएससी (कक्षा 12 ) की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया था।मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश्वर सिंह ने मेधावी छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र, स्मृति चिह्न एवं लैपटॉप प्रदान किए और उन्हें शिक्षा, मूल्य और राष्ट्र निर्माण पर केंद्रित संदेश दिया।मेधा प्रसाद को सम्मानित करने के अलावा, डॉ. सिंह ने आईसीएसई स्कूल टॉपर काव्या गुप्ता तथा नीट में ऑल इंडिया रैंक 325 प्राप्त करने वाली अद्विता को भी सम्मानित किया। उन्होंने विद्यालय की पूर्व छात्रा अंतरा हॉवर्ड (वर्तमान मिसेज उत्तर प्रदेश) तथा भारत की अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप टीम के सदस्य नमन तिवारी का विशेष उल्लेख करते हुए उन्हें संस्थान द्वारा निर्मित प्रेरणास्रोत बताया।

डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत, डॉ. राजेश्वर सिंह ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए विद्यालय को पाँच लैपटॉप प्रदान किए।उन्होंने विद्यालय निदेशक राजीव तुली, सुनील तुली और सिद्धार्थ तुली की नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने मूल्य, अनुशासन और तकनीकी संसाधनों के साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया है। समारोह में डॉ. दीपक अग्रवाल (मुख्य गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट एवं एमडी, ग्लोब मेडिकेयर), डॉ. नारायण प्रसाद (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी, एसजीपीजीआई एमएस) और डॉ. रेनू सिंह (प्रोफेसर, प्रसूति एवं स्त्री रोग, केजीएमयू) आदि गणमान्य शामिल रहे।

## रेलवे ने सावन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए की विशेष व्यवस्थाएं

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने सावन मेले के दृष्टिगत यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए। विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। एक्स्ट्रा रिजर्वेशन/बुकिंग काउंटर पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु अतिरिक्त काउंटर स्थापित किए गए हैं, जिससे टिकट लेने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।हेल्प डेस्क की स्थापना में यात्रियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता प्रदान करने हेतु प्रमुख स्थलों पर हेल्प डेस्क लगाए गए हैं। अतिरिक्त जीआरपी/आरपीएफ टाफ की तैनातीः सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जीआरपी व आरपीएफ का अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया गया है।पानी का टैंकर से यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न स्थानों पर पानी के टैंकर की व्यवस्था की गई है। एम्बुलेंस की व्यवस्था से किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मेला क्षेत्र में एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।प्रकाश व्यवस्थाः रात के समय बेहतर विजिबिलिटी के लिए अतिरिक्त लाइटिंग और टावर लाइट्स लगाई गई हैं।अतिरिक्त कमर्शियल स्टाफ यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त कमर्शियल स्टाफ की तैनाती की गई है।ये सभी व्यवस्थाएं सावन मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और संतोषजनक अनुभव हेतु की गई हैं।

## राजनाथ सिंह ने पर्व विधायक विद्यासागर गुप्ता का हाल-चाल लिया

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व विधायक विद्यासागर गुप्ताउनके आवास पर जाकर का हाल-चाल लिया।इस दौरान उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य उपस्थित थे। इससे पहलरक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रातः व्यापारी नेता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप बंसल की माता जी के निधन के उपरांत राजा जी पुरम स्थित आवास गए और शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद पूर्व विधायक विद्यासागर गुप्ता के मिल रोड ऐशबाग आवास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उनके सुपुत्र अवध क्षेत्र उपाध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि पिछले दिनों हुए हिप फ्रैक्चर के कारण लंबे समय से चलने फिरने में असमर्थ है।इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग उपस्थित रहे।

## केकेसी में प्रवेश के लिए अब 16 जुलाई तक आवेदन

**लखनऊ।** श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज (केकेसी) में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों की 3860 सीट पर एडमिशन के लिए अब 16 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे।इससे पहले यह तिथि 13 जुलाई तय की गई थी। अभ्यर्थी कॉलेज की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।इस संबंध में प्राचार्य की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं।प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने बताया कि प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट में जेएनपीजी एडमिशन 2025-26 पर जाकर एप्लाई ऑनलाइन पर क्लिक करके आवेदन फॉर्म भर सकते हैं।इसके लिए ऑनलाइन शुल्क एक हजार रुपए जमा करना होगा।प्रो. विनोद चंद्र के मुताबिक, कॉलेज में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों बीए की 880 रेगुलर व 200 सेल्फ फाइनेंस, बीकॉम में 880 रेगुलर व 200 सेल्फ फाइनेंस, बीएससी बायो की 420, बीएससी मैथ्स में 300, बीएससी कंप्यूटर साइंस की 60, बीएससी सांख्यिकी में 60, बीबीए आईबी की 60 और बीकॉम ऑनर्स में 60 सीट हैं।इसी तरह परास्नातक स्तर में एमए हिन्दी की 60, एमए अंग्रेजी में 50, एमए समाजशास्त्र की 50, एमए अर्थशास्त्र में 50, एमकॉम अप्लाइड इकोनॉमिक्स की 60, एमकॉम प्योर कॉमर्स में 60, एमएससी भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र व वनस्पतिशास्त्र में 30-30 सीट हैं।

# अंकिता कुमारी का हिमनद अध्ययनके लिए चयन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के भूविज्ञान विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विनीत कुमार, जो पिछले एक दशक से अधिक समय से हिमालयी क्षेत्र में स्थित हिमनदों का गहन अध्ययन कर रहे हैं तथा उनके बहुत सारे शोध पत्र राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनो में प्रकाशित है डॉ विनीत कुमार के निर्देशन में शोध कर रही पीएच.डी. छात्रा अंकिता कुमारी का चयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तीन-सप्ताहीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (कैपीसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम -समर स्कूल) के लिए किया गया है।

इस कार्यक्रम का आयोजन कश्मीर विश्वविद्यालय द्वारा पश्चिमी हिमालय में स्थित ग्लेशियर अध्ययन केंद्र के



तत्वावधान में किया जा रहा है।

इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए देशभर से केवल 20 शोधार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें अंकिता कुमारी का चयन लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में भारतीय शोधकताओं की क्षमता का निर्माण करना है, जिससे वे हिमनद विज्ञान (गायकोलॉजी) के क्षेत्र में अंतःविषय अनुसंधान कर सकें और हिमनदों की गतिशीलता एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति उनकी प्रतिक्रिया को बेहतर ढंग से समझ सकें।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मचोई हिमनद, द्रास उप-नदी क्षेत्र, पश्चिमी हिमालय में आयोजित किया जा रहा है, जो सोनामार्ग से लगभग 26 किलोमीटर दूर स्थित है। मचोई हिमनद, जिसकी औसत ऊँचाई लगभग 4600 मीटर (ए.एस.एल.) है यह उत्तरमुखी हिमनद, द्रास नदी का स्रोत है, जो आगे चलकर कारगिल के समीप सूरू नदी से मिलती है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत अंकिता कुमारी को हिमनद विज्ञान से संबंधित आधुनिक तकनीकों और उपकरणों के प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जाएगा, जो उनके शोधकार्य में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

## दूसरे चरण की काउन्सिलिंग का परिणाम घोषित

**लखनऊ।** सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उत्तर प्रदेश संजीव कुमार सिंह ने बताया है कि वर्ष-2025 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में 27 जून 2025 से चल रही काउन्सिलिंग प्रक्रिया के दूसरे चरण का परिणाम 12 जुलाई 2025 को घोषित कर दिया गया है। इस चरण में कुल 1,13,951 अभ्यर्थियों द्वारा संस्था, पाठ्यक्रम का विकल्प चयन किया गया, जिनमें से 50,614 अभ्यर्थियों को संस्था, पाठ्यक्रम का आवंटन किया गया है।उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को संस्था, पाठ्यक्रम का आवंटन हुआ है, वे अभ्यर्थी सीट एक्सेप्टेंस शुल्क जमा करते हुए अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया 16 जुलाई 2025 तक अनिवार्य रूप से पूरी कर लें। ये कार्यवाही सभी जनपदों में सहायता केन्द्र के रूप में स्थापित 151 राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थाओं में से किसी एक पर उपस्थित होकर की जा सकती है।

# पूर्व डीजीपी प्रशान्त कुमार ने लविवि की टैगोर लाइब्रेरी को 227 पुस्तकें उपहार में दी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्व डीजीपी प्रशान्त कुमार ने लविवि की टैगोर लाइब्रेरी को 227 पुस्तकें उपहार में दी ।इन पुस्तकों में वह पुस्तकें भी सम्मिलित है जिनसे उन्होंने अपने छात्र जीवन में पढ़ाई की थी। प्रशान्त कुमार द्वारा भेंट की गई पुस्तकों में भारतीय इतिहास एवं साहित्य,



भारतीय जनजाति की संस्कृति, भारतीय सेना की वीरगाथा, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरु, और रवींद्रनाथ टैगोर का योगदान एवं उनके विचार, जवाहरलाल नेहरू के कार्य, ज्योतिष शास्त्र एवं हस्तरेखा शास्त्र, साइबर क्राइम एवं विविध अपराध अधिनियम, उत्तर प्रदेश पुलिस रेगुलेशन, संचार के सिद्धान्त, प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत प्रशासकों के अनुभव, भारत और विश्व के अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध, देश एवं विदेश के महापुरुषों की जीवनी पर आधारित विभिन्न पुस्तकों के साथ-साथ विभिन्न हिन्दी साहित्य के लेखकों के उपन्यास भी सम्मिलित हैं।लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय में इन पुस्तकों से उन विद्यार्थियों और शोधकताओं को विशेष लाभ पहुंचेगा जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि प्रशांत कुमार का यह कदम अन्य प्रशासनिक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा तथा हमें उम्मीद है कि अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी इससे प्रेरित होकर लखनऊ विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी के लिए पुस्तकें अवश्य प्रदान करेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय परिवार श्री प्रशांत कुमार के इस कदम की अत्यंत सराहना करता है और उनका आभार व्यक्त करता है।

# 400 से ज्यादा दिव्यांगों के उम्मीद की किरण बना नारायण सेवा संस्थान

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि नारायण सेवा संस्थान वर्षों से नर में नारायण की भावना के साथ दिव्यांगजनों की सेवा में समर्पित है। संस्थान द्वारा लखनऊ में आयोजित इस शिविर के माध्यम से उत्तर प्रदेश के दिव्यांगों को सशक्त बनाने का जो संकल्प लिया गया है, वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से संस्थान परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। शिविर में पहुंचे सभी दिव्यांगजन नए जीवन की ओर अग्रसर हों, ऐसी मंगलकामना करता हूँ।

सरकार उनकी हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात उन्होंने नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर, मेक ए चेंज फाउंडेशन यूके, गोल्डन जुबली और स्वामीनारायण मन्दिर विल्सडन यूके के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को दयाल गेटवे होटल, गोमती नगर में आयोजित निःशुल्क ऑपरेशन जांच-

- प्रदेश भर से आए दिव्यांगों को पर्यटन मंत्री ने दी शुभकामनाएं

चयन और नारायण लिंब व केलिपर्स माप केम्प सेवार्थ कही।शिविर उद्घाटन मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री के संदेश के साथ पूर्व गो सेवा अध्यक्ष अमित त्रिपाठी, संस्थान ट्रस्टी देवेंद्र चौबिसा, संरक्षक महेश अग्रवाल, प्रतिभा श्रीवास्तव, संजय खन्ना, एल पी पांडे और गीता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर दिव्यांगों, उनके परिजनों और लखनऊ के सम्मानित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए संस्थान संरक्षक खन्ना ने कहा मैं संस्थान की सेवाएं देखकर अभिभूत हूँ। राजस्थान से चलकर लखनऊ आई संस्थान दिव्यांगों की मदद के लिए आगे आने पर संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल और पूरी टीम का अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने संपूर्ण उत्तर प्रदेश में दिव्यांगों के हितार्थ नारायण सेवा संस्थान को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है।

गोसेवा आयोग पूर्व अध्यक्ष अमित त्रिपाठी ने कहा यहाँ आना मेरा सौभाग्य है।इस संस्थान के हाथ मजबूत करने के लिए समाज को आगे आना चाहिए। संस्थान दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जो प्रयास और कार्य कर रही है, वह अनुकरणीय है।

विजिट के दौरान मेहमानों ने इस शिविर में भाग लेने आये दिव्यांगजन के उद्गार सुने और डॉक्टर टीम से उपचार और लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया भी जानी। प्रारम्भ में संस्थान ट्रस्टी - निदेशक देवेंद्र चौबीसा और मीडिया प्रमुख भगवान प्रसाद गौड़ ने मुख्य अतिथियों और मंचासीन अतिथियों का मेवाड़ की परंपरा अनुसार अभिनंदन किया।साथ ही चौबीसा ने संस्थान की निःशुल्क सेवाएं ऑपरेशन, नारायण लिम्ब लगाना, 5000 लोगों को रोज भोजन करना, आर्थिक रूप से असमर्थ 600 मजदूरों के बच्चों के लिए निःशुल्क नारायण चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल चलाना, सैकड़ो दिव्यांगों को स्वरोजगार के कंप्यूटर, मोबाइल, सिलाई, मेहंदी का प्रशिक्षण देना और उनका सामूहिक विवाह कर घर बसाने जैसे अनेक प्रकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने आज के केम्प की जानकारी देते हुए कहा 402 से अधिक सभी आयु वर्ग के दिव्यांगों ने कैंप का लाभ उठाया।ट्रस्टी निदेशक देवेंद्र चौबीसा ने शिविर की रिपोर्ट बताते हुए कहा संस्थान की डॉक्टर व पीएंडओ टीम ने सभी दिव्यांगों को देखा और 165 दिव्यांगों का नारायण लिंब हाथ -पैर और 120 जन का कैलिपर्स लगाने के लिए मेजरमेंट लिया। करीब 83 दिव्यांग रोगियों का चयन शल्य चिकित्सा हेतु किया गया।

शिविर प्रभारी हरि प्रसाद लड्ढ़ा ने बताया कि आज के कास्टिंग और मेजरमेंट के लिए चयनित दिव्यांगों को करीब 2 से 3 माह बाद नारायण लिंब पुनः लखनऊ में शिविर आयोजित कर पहनाए जाएंगे।

संस्थान द्वारा निर्मित ये नारायण लिंब गुणवत्ता युक्त है और वजन में हल्के हैं।उपयोग में टिकाऊ रहेंगे। सभी रोगियों को संस्थान की ओर से निःशुल्क भोजन, चाय, अल्पाहार प्रदान किया गया। संस्थान की 40 सदस्य टीम ने सेवाएं दी।

# बीबीएयू में पीएच.डी. और बी.टेक. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 14 जुलाई से

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू), लखनऊ द्वारा पीएच.डी. प्रोग्राम (मई 2025) एवं बी.टेक. प्रोग्राम (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 14 जुलाई से प्रारंभ होगी। विश्वविद्यालय के पंजीकरण पोर्टल https://bbauadm.samarth.edu.in के माध्यम से छात्र 14 जुलाई 2025 से आवेदन कर सकेंगे।

पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 500 और एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी वर्ग के लिए ?300 पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है।पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई है, जबकि विलंब शुल्क 1000/- के साथ 08 अगस्त 2025 तक आवेदन की सुविधा उपलब्ध होगी। पंजीकरण शुल्क एक बार जमा होने के बाद वापस नहीं किया जाएगा।

बी.टेक. पाठ्यक्रमों में सीटों का वितरण 50% JEE Mains स्कोर एवं



50% CUET स्कोर के आधार पर किया जाएगा।यदि खएए के माध्यम से सीटें रिक्त रह जाती हैं तो उन्हें उवएळ स्कोर की श्रेणी में समाहित किया जाएगा।खएए स्कोर के आधार पर पंजीकरण एवं पाठ्यक्रम लॉकिंग की प्रक्रिया 14 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगी।

बी.टेक. के लिए सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 1000 तथा एससी/एसटी वर्ग के लिए 500 पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए बीबीएयू की आधिकारिक वेबसाइट www.bbau.ac.in एवं सूचना बुलेटिन का अवश्य अध्ययन करें।

संक्षेप

## जैतपुरा में लगाये गए 100 पौधे

**देवरिया।** भाजपा द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम ₹ एक पौधा मां के नाम₹ के तहत खुखुंदू क्षेत्र केजैतपुरा में अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शमशुद्दीन अस्मद की अध्यक्षता में सौ से अधिक फलदार पौधे लगाए गए। इस दौरान शमसुद्दीन ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। वे हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक हैं और हमारे पर्यावरण को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें पौधों को संरक्षित करने और उनकी देखभाल करने की आवश्यकता है। वही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री मो.साजिद ने कहा कि पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वे हमें भोजन, ऑक्सीजन, आश्रय, दवाइयाँ और कई अन्य आवश्यक वस्तुएँ प्रदान करते हैं। इसलिए हमें पौधे लगाने के साथ साथ उन्हें संरक्षित भी करने का संकल्प लेना होगा। इस दौरान जफरुल्लाह अहमद सिद्धीफी, आदम अली पहलवान, सिहान, मुबारक, शमशुल अली, आदि है।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएंः नीरज शाही

जिला संवाददाता

देवरिया। विश्व हिंदू महासंघ के जिला इकाई की बैठक सोमनाथ देवरिया स्थित हनुमान मन्दिर के परिसर हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नीरज शाही ने शिरकत किया। जहां विश्व हिंदू महासंघ के

**विश्व हिंदू महासंघ की बैठक संपन्न, संजय तिवारी बने जिलाध्यक्ष**

**विश्व हिंदू महासंघ के जनपद इकाई का भी गठन करने का कार्य करेंगे**

मंडल प्रभारी बृजेश तिवारी ने देवरिया जिले की कमान संजय तिवारी को सौंपा।

इस दौरान नीरज शाही ने कहा कि आज का अवसर श्रावण माह के बाबा सोमनाथ देवरिया के हनुमान मंदिर में यह बैठक निश्चित तौर पर हम सभी को एक ऊर्जा प्रदान करता है। विश्व हिंदू महासंघ को पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज के हिंदुत्व विकास के सपनों को साकार करने के साथी ही ब्रह्मलीन अवैद्यनाथ जी महाराज के सपनों को भी संकल्पित करने का कार्य करेगा।

हिंदू समाज की एकजुटता, छुआछूत के भेदभाव को समाप्त कर समाज के अंतिम तक सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है ।उन्होंने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष व मंडल प्रभारी बृजेश तिवारी को बधाई देते हुए माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी। मंडल प्रभारी बृजेश तिवारी ने कहा कि नये जिला अध्यक्ष एक हफ्ते के अंदर अपनी सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों की घोषणा के साथ ही विश्व हिंदू महासंघ के जनपद इकाई का भी गठन करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी सुभाष तिवारी व संचालन गुड्डू पहलवान ने किया। बैठक को ब्लॉक प्रमुख सदर पिंटू जायसवाल, सुभाष तिवारी, राजेश मिश्रा, अशोक यादव, वलवंत सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

वही संदीप विश्वकर्मा, राजेश कुमार मद्धेशिया, धनंजय चौहान ,रामकृपाल प्रजापति, सतीश चंद्र गुप्ता, सत्येंद्र कुमार पांडे, विवेक पांडे, शिवकुमार, मनोज मिश्रा, संजय चौरसिया, सत्यप्रकाश राव, उमेश चंद पांडे, विशाल कुमार पांडे, गिरीशधर द्विवेदी, मालती देवी, आदित्य तिवारी, वासुदेव, अच्छेलाल गुप्ता, आदित्य मिश्रा, विनय कुमार तिवारी, अमित कुमार सिंह, बृजेश तिवारी, अभिषेक विश्वकर्मा, विकास गोड आदि उपस्थित रहे।

## मेनका गांधी के हस्तक्षेप से बची बेजुबान खच्चर की जान

अयोध्या। जहां भगवान राम के नाम पर न्याय, करुणा और धर्म की बातें होती हैं वहीं एक बेजुबान जानवर की पीड़ा और प्रशासन की उपेक्षा ने पूरे सिस्टम की असंवेदनशीलता को उजागर कर दिया। देवकाली-वजीरगंज क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल खच्चर की जान तब जाकर बच सकी, जब पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप किया। लेकिन यह घटना सिर्फ एक जानवर की नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही, नगर निगम की निष्क्रियता और उत्तर प्रदेश की सूचना व्यवस्था की विफलता की कहानी बन गई ।पशु अधिकार कार्यकर्ता प्रज्ञा गुप्ता ने 27 जून 2025 को जिलाधिकारी अयोध्या को एक आवेदन सौंपा, जिसमें घायल और तड़पते खच्चर की हालत का उल्लेख था। उसके बाद भी 10 जुलाई तक कोई भी प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हुई ।प्रज्ञा गुप्ता द्वारा 22 से अधिक आरटीआई दायर की गईं, जिनमें से सिर्फ दो का जवाब मिला, बाकी सभी लंबित हैं। ह्व 20 से अधिक आईजीआरएस शिकायतें की गईं, जिनका जवाब या तो घुमा-फिराकर दिया गया या फिर दूसरे विभागों पर डाल दिया गया। यह रवैया भारतीय नागरिक के सूचना के अधिकार और संविधान द्वारा तय की गई पारदर्शिता की सीधी अवहेलना है। सीवीओ डॉ. इंद्रदेव महारः ह्वइलाज करवा देंगे, लेकिन रखने की जिम्मेदारी नहीं है ।ह्व ह्व 10 जुलाई को अपर नगर आयुक्त नगेंद्र नाथ के द्वारा जगह प्रदान करने की बात कही गई ।लेकिन फिर उन्हीं के कर्मचारी राकेश वर्मा द्वारा ये बोलना की जगह कहां है। ह्वनगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ( 11 जुलाई को प्रज्ञा गुप्ता के द्वारा व्यक्तिगत भेंट )ः आप इलाज कर रही हैं तो करते रहिए३ क्या ये नगर निगम अधिनियम में लिखा है ?ह्वजब इन्हें एडब्लूबीआई की 2018 और 2020 की एडवाइजरी व अनुच्छेद 243-डब्लू दिखाया गया, तब भी कोई ठोस उत्तर नहीं मिला। ट्विटर पर लगातार नगर निगम अयोध्या, एसपीसीए, मुख्यमंत्री कार्यालय और डीएम को टैग किया गया।

## रोटरी क्लब ने किया 400 पौधों का निःशुल्क वितरण




**कुशीनगर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब कुशीनगर मण्डल-3120 ने रविवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत कसया स्थित गांधी चौक के पुलिस चौकी पर स्टाल लगाकर विभिन्न प्रजातियों के 400 से अधिक फलदार और छायादार पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया ।रोटरी के अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला उद्यान विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें अमरूद, सहजन, जामुन, बेल, नीम, क्रोटन, महोगनी, मल्लेश्वरी और आंवला के पौधों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण के प्रति प्रेरित करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर उपस्थित नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि व रोटरी के संरक्षक राकेश जायसवाल ने कहा कि रोटरी के इस महत्वपूर्ण कदम से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि समाज में पौधारोपण की महत्ता भी बढ़ेगी। रोटरी के सचिव विजय गुप्ता ने कहा, ₹रोटरी क्लब के द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि समाज में पौधारोपण की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके और पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके ।₹ इस अवसर पर रोटरी के सहझ्रसंरक्षक वाहिद अली, सचिव विजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिनेश यादव, उपाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, डॉ. श्याम बिहारी जायसवाल, संयुक्त सचिव सदरे आलम, सहझ्रकोषाध्यक्ष अमरेंद्र नारायण सिंह, निदेशक अश्विनी जायसवाल, रंजीत श्रीवास्तव, सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. सुनील सिंह, अखिलेश शर्मा, अरुण मौर्य, आनंद जायसवाल, आशीष अग्रवाल, अजबान रहेजा, समृद्धि अग्रवाल, शाह्नवी, शुभ प्रताप एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

## शहर कांग्रेस के नव नियुक्त पदाधिकारियों का पदग्रहण समारोह संपन्न

देवरिया। शहर कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त पदाधिकारियों का सपत ग्रहण समारोह शहर के सोंदा में एक मैरेज हाल में आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को उनके पद और कर्तव्यो का पदभार ग्रहण कराते हुए कहा कि आप सभी अपने पद का निष्ठा पूर्वक पालन करना हैं और जन नायक राहुल गांधी के सपनों का भारत बनाने में अपना मजबूत योगदान दें। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले विधान सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाए में अपनी पूरी ताकत और ऊर्जा के साथ लगे। जनता के साथ उनके हर एक सुख दुख में खड़ा रहिए। उन्होंने कहा कि यह ट्रिपल इंजन की सरकार सभी मुद्दों पर फिसड्डी साबित हो रहा है। पूर्व विधायक दिनानाथ कुशवाहा ने कहा की देश की सुरक्षित सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही रख सकती है। आप सभी कांग्रेस जन राहुल गांधी के सिपाही है। आप को डरने की जरूरत नहीं है। आप सभी शहर के विकास के मुद्दों को लेकर संघर्ष करिए आने वाला समय कांग्रेस का है। शहर कांग्रेस के कोर्डिनेटर अंशुमान मणि त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। जनता कांग्रेस से जुड़ रही है। हम सभी कांग्रेस जन जनता के बीच जाएं और कांग्रेस की नीतियों को बताएं। शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्सेद बेग ने कहा कहा कि शहर कांग्रेस देवरिया नगर की सभी समस्याओं को प्रमुखता से उठाता रहेगा और नगर की जनता की लडाई मजबूती से लड़ेगी। इस दौरान मुख्य रूप से, दीनानाथ कुशवाह, सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिलाह लारी, नागेंद्र शुक्ल, जवाहर लाल बर्नवाल, जवाहर लाल चौहान, मुकुंद भास्कर मणि, ऋषिकेश मिश्र, आनंद श्रीवास्तव, रामप्रेश सिंह, चंद्रभूषण पांडेय, उत्तेज नारायण मिश्र, सुहेल अंसारी, नौशाद अहमद खान, नवसाद राजा, धर्मेंद्र पांडेय, अशीष शुक्ल, एसके पाठक, मीरा सिंह वर्मा, नीरा पटेल, किरन राव, अभय प्रताप शुक्ल, गंगेश मिश्र, अमित कुमार मिश्र आदि कांग्रेस नेता उपस्थित रहें।

## ट्रेन में हुई महिला से लूट के मामले में प्राथमिकी को लेकर फंसा पेंच

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा तिवारी निवासी60वर्षीया आफिता निशा को लूट का विरोध करने पर ट्रेन से लूटेरों ने फेंका ।अब मुकदमा लिखने को लेकर उ प्र की जी आर पी भटनी व बिहार की जी आर पी पुलिस सीवान मे सीमा विवाद को लेकर पेंच फंस गया है ।घटना के दो दिन बाद भी दोनो प्रदेश के किसी भी थाने की पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया ।पीडिता आफिता निशा

**● सीमा विवाद को लेकर अब तक दर्ज नही हुआ मुकदमा**

का उपचार पहले मैरवा मे हुआ व वहां से मेडिकल कालेज देवरिया रेफर उपचार के लिए कर दिया गया ।अब मेडिकल कालेज के बजाय देवरिया के एक निजी अस्पताल पर उपचार हो रहा है ।घटना क्रम के अनुसार आफिता निशा अपने गाँव से भटनी रेलवे स्टेशन आकर भटनी पैसेंजर ट्रेन सेभटनी-छपरा ट्रेन से अपने पुत्री से मिलने रविवार को मैरवा जा रही थी उसी समय ट्रेन मे लूटेरों ने कान की बाली व सोने की चैन छीन लिए प्रतिरोध करने पर मैरवा रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के पहले ही ट्रेन से धक्का देकर गिरा दिया ।ट्रेन यात्रियों के विरोध व हंगामा करने पर मैरवा मे पुलिस व लोगो द्वारा उपचार के लिए अस्पताल मे ले गये ।घटना की सूचना सीवान जी आर पी थाने को दी गयी । पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने के बजाय मामले की जाँच कर एक दुसरे थाने क्षेत्र मे घटना स्थल बताकर अपना गला बचाने मे लगे है यात्रियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी ।

इस सम्बन्ध मे जी आर पी पुलिस सीवान का कहना है कि महिला के साथ घटना बनकटा रेलवे स्टेशन के आस पास हो चुका था ।सूचना मिलने पर उपचार के लिए मैरवा भेजवाया गया था ।वही भटनी जी आर पी का कहना है कि घटना मैरवा रेलवे स्टेशन के आऊटर की है ।महिला घायलावस्था मे प्लेटफार्म पर पडी थी ।गार्ड ने मेमो दिया ।जिसके आधार पर सीवान जी आर पी उपचार के लिए मैरवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ले गयी जहाँ से महिला को मेडिकल कालेज देवरिया चिकित्सक ने रेफर कर दिया ।इस सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष विकास कुमार आजाद जी आर पी सीवान ने बताया कि महिला जब भटनी ट्रेन मे चढी तभी लूटेरे निशाना बनाये हुए थे ।

इस सम्बन्ध मे जी आर पी थाना प्रभारी आदित्य सिंह ने बता कि घटना की जानकारी आज हुई है पीडिता महिला आफत निशाना सीवान एवं जी आर पी भटनी को अब तक तहरीर ही नही दी है ।घटना मैरवा रेलवे स्टेशन के पास की है ।वही पीडिता आफत निशा के पुत्र अशरफ का कहना है कि रविवार के सुबह 6बजे अपनी माता को केवडा छोडकर घर आ गया ।वह प्लेटफार्म संख्या-2पर चली गयी ।विकलांग महिला बोगी मे चढ गयी । घटनाक्रम मे माँ ने बतायी कि बगल मे गार्ड से एक युवक बात कर रहा था ।ट्रेन जब चली तो महिला बोगी मे युवक चढ गया उस डिब्बे मे केवल मेरी मां ही बैठी थी ।ट्रेन खुलते ही युवक ने खिडकी फाटक बन्द कर दिया । जब मेरी माल विरोध की तो गाली देना शुरू कर दिया ।मारने पीटने के बाद दुपट्टा से हाथ मुँह बाँध दिया । कान का गहना एक निकल लिया .दुसरा नोच दिया ।जिससे कान फट गया ।पैर का छागल व एक हजार रुयया लडकी को देने के लिए रखी थी छींन लिया ।माता के बताने के अनुसार घटना नोनापार -भाटपाररानी के बीच का है । युवक भाटपाररानी रेलवे स्टेशन पर उसी हालत मे छोडकर उतर गया ।इस घटना ने पुलिस की कार्य शैली पर पुरे जनमानस को झकझोर कर रख दिया है ।पुलिस इतना होने के बाद भी सीमा विवाद मे उलझ कर मुकदमा तक दर्ज नही कर पायी ।कार्यवाही तो दूर की बात है ।

## पीडीए पंचायत का किया आयोजन

अयोध्या। समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर पुरुषोत्तम नगर वार्ड में सपा पार्षद श्रीमती ज्ञानमती जिला उपाध्यक्ष पार्षद प्रतिनिधि ओपी पासवान, के नेतृत्व में महानगर पी डी ए पंचायत का आयोजन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, व संचालन जिला उपाध्यक्ष ओ पी पासवान ने किया।

## डम्पर वाहन से 103 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, एक अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार,

**देवरिया ।** पुलिस अधीक्षक श्री विक्रान्त वीर द्वारा जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान *ह्वऑपरेशन प्रहारह्व* के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सलेमपुर श्री दीपक शुक्ल के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा आज संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सोनू ढाबा बिगही सलेमपुर के पास से एक ट्रक ( डम्पर ) संख्या इफ01ऋळ2985 से बिहार ले जायी जा रही 103 पेटी अवैध ऑफिसर्स च्वाइस अंग्रेजी शराब के साथ 01 अभियुक्त निजामुद्दीन पुत्र आबिद हुसैन निवासी बभनौली पोस्ट शेखपुरा थाना बसन्तपुर जनपद सिवान ( बिहार ) को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 01 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 01 अदद अवैध जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद करते हुए उसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 225/2025 धारा 341( 2 ) बीएनएस, 60 आबकारी अधिनियम व 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।बरामद अवैध अंग्रेजी शराब का अनुमानित मूल्य लगभग 06 लाख रुपये बताया जा रहा है ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह थाना सलेमपुर,.व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिह,उ0नि0 श्री निरंजन लाल,का0 अजीत कुमार ,का0 रामआशीष यादव,का0 चक्रधारी चौहान शामिल थे ।

## मार्ग दुर्घटना में घायल एसआई की इलाज के दौरान मौत

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर के रामपुर खुरहुरिया निवासी व प्रयागराज के थाना मान्डा में तैनात उपनिरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह का मार्ग दुर्घटना के बाद लखनऊ के पीजीआई में इलाज के दौरान निधन के बाद गत देर रात्रि घर शव आया।

शव आने के बाद दरवाजे पर ही पुलिस ने गार्ड ऑफ हॉनर दिया। इसके बाद छोटी गंडक नदी के वीरसिंहपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताया गया है कि थाना मांडा में तैनात उप निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह पुत्र अमरनाथ निवासी ग्राम रामपुर खुरहुरिया थाना भटनी का 23 जून 2025 को मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।

इलाज के लिए सीएचसी मांडा ले जाया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण वहां से चिकित्सक ने प्रयागराज रेफर कर दिया था। जहां से बेहतर इलाज के लिए परिजन एसपीजीआई ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराए थे जहां 12 जुलाई 2025 को सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। मौत की खबर लगते ही स्वजन दहाड़े मारकर रोने बिलखने लगे। मृतक उपनिरीक्षक अपने पीछे पत्नी माधुरी देवी, पुत्र सूरज ( 26 ) व बेटी काजल ( 22 ) को छोड़ गए हैं। लखनऊ से देर रात शव घर आया जहां दरवाजे पर पुलिस ने गार्ड ऑफ हॉनर दिया। अंतिम संस्कार छोटी गंडक नदी के वीरसिंहपुर घाट पर किया गया जहां पुत्र सूरज ने नम आंखों से मुखाग्नि दिया।

## पार्षद और सफाई कर्मचारी के बीच मारपीट और जातिगत उत्पीड़न का क्रॉस केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में वार्ड नंबर-15 के निर्वाचित पार्षद मनमोहन चैबे और नगर पालिका के सफाई कर्मचारी मंजीत करौसिया के बीच हुई मारपीट ने स्थानीय स्तर पर सनसनी फैला दी है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, लूट और जातिगत उत्पीड ? के गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई हैं। यह घटना 9 जुलाई 2025 को नगर पालिका परिषद ललितपुर में हुई, जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

मनमोहन चैबे ने अपनी शिकायत में बताया कि 9 जुलाई 2025 को दोपहर करीब 12.30 बजे वह नगर पालिका परिषद में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। तभी सफाई कर्मचारी मंजीत करोसिया, जितेंद्र करोसिया और 12-15 अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज की, लात-घूंसे और लाठी-डंडों से मारपीट की। मंजीत ने लाठी से उनके बाएं हाथ पर वार किया, जिससे उनका हाथ फ्रैक्चर हो गया, और जितेंद्र ने उनका गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में उनकी दो तोला सोने की चैन छीन ली गई और दो मोबाइल फोन गायब हो गए। सच्चिदानंद गोलवानी सहित कई लोगों ने घटना देखी और बीच-बचाव किया। पार्षद ने आरोप लगाया कि यह हमला नगर पालिका के ईओ दिनेश कुमार और ठेकेदार प्रमोद कुमार चैबे के भ्रष्टाचार के खिलाफ 8 जुलाई 2025 को पुलिस अधीक्षक को की गई उनकी शिकायत का परिणाम है। उनका दावा है कि यह हमला सुनियोजित षड्यंत्र के तहत करवाया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 310(2), 352 और 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज की है। पार्षद का इलाज जिला अस्पताल ललितपुर में चल रहा है।

दूसरी ओर, मंजीत करौसिया ने मनमोहन चैबे पर मारपीट और जातिगत उत्पीड ? का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। मंजीत ने बताया कि 9 जुलाई 2025 को दोपहर 1.10 बजे वह नगर पालिका कार्यालय में वेतन प्रमाण पत्र निकलवाने गए थे। इस दौरान मनमोहन चैबे ने उनसे पैसे की मांग की। जब मंजीत ने शालीनता से बात करने को कहा, तो मनमोहन ने गाली-गलौज शुरू कर दी और बेसबॉल के डंडे से उन पर हमला कर दिया। मंजीत का आरोप है कि मनमोहन ने उनके मुंह पर थूक दिया और जातिगत अपमान करते हुए कहा कि तू सफेद कपड़े पहनकर मेरे सामने जुबान लड़ाता है। इस मारपीट से मंजीत को आंतरिक चोटें आईं। मंजीत ने यह भी बताया कि मनमोहन ने पहले दो बार उनकी लाइसेंसी बंदूक से उनकी जान लेने की कोशिश की थी, जिससे वह बाल-बाल बचे। इन घटनाओं से भयभीत होकर मंजीत ने दो बार आत्महत्या का प्रयास किया, जिसकी जानकारी उनके समाज और मनमोहन को है। मंजीत ने मनमोहन पर आपराधिक प्रवृत्ति का होने, कई मुकदमों में शामिल होने और ब्लैकमेल कर अवैध वसूली करने का आरोप लगाया। उनके अनुसार, मनमोहन के साथ उनका पुराना पैसों का विवाद है, और उन्होंने सारा कर्ज चुका दिया, लेकिन मनमोहन फिर भी उनसे पैसे मांग रहा पुलिस ने मंजीत की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 352 और 115(2) के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(घ) और 3(2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर 13 जुलाई 2025 को सुबह 4.34 बजे दर्ज की गई।

दोनों एफआईआर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह एक क्रॉस केस है, जिसमें दोनों पक्षों के दावों की निष्पक्ष जांच की जाएगी। पुलिस गवाहों के बयान दर्ज कर रही है और दोनों पक्षों के दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है। इस मामले ने जातिगत उत्पीड ?, हिंसा और आपराधिक षड्यंत्र जैसे गंभीर मुद्दों को उजागर किया है। यह घटना स्थानीय समुदाय में चर्चा का विषय बन गई है। दोनों पक्षों के समर्थक अपने-अपने दावों को सही ठहरा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और मामले की गहन जांच का आश्वासन दिया है। स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों ने इस मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह मामला न केवल आपसी विवाद, बल्कि सामाजिक और प्रशासनिक मुद्दों को भी उजागर करता है, जिस पर पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## खुले आम हो रही मांस मदिरा अंडे की बिक्री

अयोध्या। रामपथ की 13 किलोमीटर रास्ते पर तथा बेनीगंज चैराहा से लेकर मां देवकाली मंदिर तक हो रही मांस मदिरा और अंडे की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के लिए हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय द्वारा मुख्यमंत्री से शिकायत की गई थी, श्री जानकारी देते हुए बताया है कि कुछ स्थानों पर प्रशासन द्वारा रोक लगाई गई ।

## वैश्य एवं व्यापारी समाज ने मनाया नंदगोपाल गुप्ता नंदी का पुनर्प्राप्तिजन्मोत्सव

जिला संवाददाता

ललितपुर। ललितपुर के वैश्य एवं व्यापारी समाज ने पीतांबरा ग्रेनाइट स्थित नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक पूजन और प्रसाद वितरण का आयोजन कर नंदगोपाल गुप्ता नंदी का जन्मोत्सव मनाया।

विदित हो कि 12 जुलाई 2010 को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी के ऊपर राजनीतिक विरोधियों द्वारा बम से हमला किया गया था जिसमें नंदी जी बहुत बुरी तरह घायल हो गए थे जबकि उनका सुरक्षाकर्मी और एक अन्य साथी मृत हो गया था, माननीय नंदी जी को पूर्णतया स्वस्थ होने में लगभग 1 वर्ष लगा इस दौरान उनके लगभग 32 ऑपरेशन हुए।

शिव भगवान में अपनी अकूत आस्था रखने वाले नंदी जी को भोले शंकर ने 12 जुलाई को हमले में बचाकर नया जीवन दिया इसलिए तभी से 12 जुलाई को उनके चाहने वाले , समर्थक और व्यापारी उनका जन्म दिवस पुनर्प्राप्त जन्मदिवस के रूप में मना रहे हैं।

बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नन्दी का नाम प्रदेश में वैश्य एवं व्यापारी समुदाय के सबसे लोकप्रिय नेताओं में गिना जाता है, जिन्होंने वैश्य समाज का शोषण करने वालों और गुडों-माफियाओं को खुली चुनौती दी। शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद जिला चिकित्सालय ललितपुर में केक काटकर लगभग 500 लोगों को भोजन वितरण कर नंदी जी की दीघार्यु की कामना की।

उत्तर प्रदेश वैश्य समाज ललितपुर के जिला अध्यक्ष अज्जू बाबा ने अपने संबोधन में ने कहा कि मंत्री नंदी आज व्यापारियों के आदर्श हैं, क्योंकि उन्होंने बहुत साधारण व्यापारी के रूप में अपना जीवन शुरू किया था और संघर्ष से इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने टॉफी में रैपर लपेटने से लेकर समोसा और मिठाई बनाने, बैलून और रंग बेचने तक का कार्य किया है।

मंत्री नन्दी अपने युवा समर्थकों से अक्सर इसका जिक्र करते हुए कहते हैं कि कोई काम छोटा-बड़ा नहीं इस अवसर पर वैश्य समाज के शानू बाबा, बॉबी सरदार,डॉ राजीव निरंजन,डब्बू अग्रवाल, गौरव जैन टोनू, चंद्रेश जैन सेतु, आशु अग्रवाल, राजीव सिंघई मोनू, डॉ दिलीप सोनी नाराहट, राजू डोडवानी, हनी सराफ,आशु शेयर, आकाश गुप्ता, दीपक सिंघई, रजत खंडेलवाल, आशीष जैन ओशो, सौरभ तरैया, अमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे। संचालन कर रहे महामंत्री दीपक अग्रवाल ने अंत में सभी का आभार प्रकट कर शुभकामनाएं प्रेषित की।

## 15 वर्षीय किशोरी की रहस्यमय हालत में हत्या, युवक पर आरोप

कुशीनगर। मृतका के परिजनों ने गांव के ही एक अल्पसंख्यक युवक पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिसके चलते उनकी बेटी की जान चली गई। घटना गुरुवार की है, जब किशोरी खेत से पानी लेकर घर लौट रही थी। इसी दौरान अचानक लापता हो गई। परिजनों ने पहले खुद तलाश की और फिर हाटा कोतवाली में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।



लेकिन दो दिन बाद शनिवार को देवरिया जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में उसका शव अर्धनग्न अवस्था में मिला। शव की हालत देखकर परिजन हत्या और दुष्कर्म की आशंका जता रहे हैं ।घटना की खबर फैलते ही पीड़िता के गांव में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण हाटा कोतवाली पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती, तो शायद उनकी बेटी को बचाया जा सकता था ।मृतका के पिता का आरोप है कि गांव का ही युवक पहले भी उनकी बेटी से बदतमीजी कर चुका था और मारपीट कर धमकी दी थी। घटना वाले दिन भी वह रास्ते में लड़की से उलझा था। इसके बाद बेटी घर आकर बेहोश हो गई थी और कुछ ही देर में गायब हो गई। परिजन मानते हैं कि उसी युवक ने उनकी बेटी को अगवा कर उसकी हत्या कर दी। घटना की जानकारी होते ही हाटा विधायक मोहन वर्मा भी पीड़िता के परिजनों से मिलने पहुंचे ।विधायक ने कहा कि, ₹यह घटना बेहद दुखद है। यह सरकार भाजपा की है, दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। परिजनों को हरसंभव न्याय दिलाया जाएगा ।₹ फिलहाल मामले की जांच जारी है और पुलिस आरोपी युवक से गहन पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों की मांग है कि दोषी को जल्द से जल्द सजा दी जाये ।शव की शिनाख्त हाटा नगर पालिका क्षेत्र के कपूर पिपरा की रहने वाली अमृता के रूप में हुई है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कोतवाल के अनुसार, शुरूआत में परिवार लोकलाज के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने से बच रहा था, लेकिन बाद में तहरीर दी गई और अपराध में संलिप्तता के शक में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## स्वदेशी उन्नत नस्ल के गौ-पालन हेतु 80 हजार से 31.25 लाख तक अनुदान, आवेदन शुरू

देवरिया। विकास खंड बैतालपुर के पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने जानकारी दी कि स्वदेशी उन्नत नस्ल के गौ-पालन के प्रोत्साहन हेतु प्रदेश सरकार ने नंद बाबा दुग्ध मिशन अंतर्गत विभिन्न योजनाओं को प्रारंभ किया है जिसमें अन्य प्रदेशों से साहीवाल,गीर,थारपारकर व हरियाणा प्रजाति के उन्नत नस्ल के गायों को खरीद कर प्रदेश में स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों की संख्या बढ़ायी जाए। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजनान्तर्गत 2 स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय की इकाई स्थापना हेतु 80 हजार तक अनुदान, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजनान्तर्गत 10 स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय की इकाई स्थापना हेतु 11.80 लाख तक अनुदान एवं नंदिनी कृषक समृद्धि योजनान्तर्गत 25 स्वदेशी उन्नत नस्ल की गायों की इकाई स्थापित करने हेतु 31.25 लाख तक अनुदान मिलेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 अगस्त 2025 तक है। आवेदन नंद बाबा दुग्ध मिशन के पोर्टलँ३३स्र२://ल्लंल्लु्र्रँ२क्ष्ल्ल.४स्र.ॅङ्म५.ल्ल द्वारा कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु नजदीक के पशु चिकित्सालय एवं विकास भवन के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मियों ने श्रमदान कर दिया संदेश

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद के थानों, चौकियों व पुलिस लाइन में नियुक्त पुलिस कर्मियों ने परिसर में वृहद स्तर पर श्रमदान कर साफ-सफाई की। पर्यावरण को स्वच्छ और सुन्दर बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा थानों,चौकियों व पुलिस लाइन में वृहत स्तर पर श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की गई तथा वाहनों को क्रमवार लगाया गया। अभिलेखों व अन्य संसाधनों को सुव्यवस्थित किया गया।

पेड़-पौधों की सफाई, सूखे पत्तों की सफाई तथा पौधों की नियमित छंटाई एवं खर-पतवार की निराई कर सुसज्जित रूप दिया गया। जिससे परिसर की सुंदरता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

साथ ही कार्यालय के फर्नीचर व अन्य उपकरणों की साफ-सफाई कर उनका रख-रखाव ठीक किया गया ।पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु श्रमदान कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने हेतु संकल्प लिया गया और स्वच्छता का संदेश दिया।

संक्षेप

## शस्त्र बरामद अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना सकरन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वीरेन्द्र कुमार पुत्र मेवालाल निवासी ग्राम ऊंचगाव थाना सकरन जनपद सीतापुर को चैका नदी के किनारे ग्राम करहैका के पास से 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में मु0अ0सं0 208/25 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय, का0 चन्द्रप्रकाश, का0 अनुराग अग्निहोत्री, का0 सुमित कुमार मौजूद रहे।

## पुलिस ने नौ को किया गिरफ्तार

सीतापुर। थाना सकरन, थाना कोतवाली देहात, संदना, खैराबाद की पुलिस टीमों कुल 09 वांछित/वारण्टी को गिरफ्तार आवश्यक कार्रवाई की है। बताते चलें कि थाना सकरन पुलिस ने 06 वांछित, वारंटी छंगा पुत्र परसादी निवासी केवलपुर मजरा महाराजनगर, तामर ध्वज पुत्र परसादी निवासी ग्राम केवलपुर, खुशीराम पुत्र रामस्वरूप निवासी केवलपुर, राकेश पुत्र गिरवर निवासी सैदापुर, धर्मेन्द्र पुत्र मोबई पासी निवासी जालिमपुर, इमरान पुत्र अब्दुलहई निवासी ग्राम चण्डीभानपुर थाना तम्बौर, थाना कोतवाली देहात पुलिस ने 01 वारंटी अभियुक्त हेमन्त उर्फ संतोष पुत्र परवन नि. चितहरी थाना कोतवाली देहात, थाना संदना पुलिस ने 01 वारंटी रघुनाथ पुत्र कन्हई पासी निवासी ग्राम बरोय थाना संदना, थाना खैराबाद पुलिस ने 01 वांछित अभियुक्त सरताज पुत्र शकील निवासी मो. कस्बाती टोला थाना खैराबाद को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की है।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

सीतापुर। महोली थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बसई निवासी राजू32 अपने खेत के पास बेहोशी की हालत में पाया गया। परिजनों ने आनन-फानन में राजू को जिला अस्तपाल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय राजू की रास्ते में मौत हो गई प्रारंभिक जांच में सामने आया कि राजू ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। परिवार के लोग इस कदम के पीछे का कारण नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना महोली पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्रारंभिक जांच से मौत के कारणों का पता चलेगा। जांच में यदि कोई साजिश या उकसावे का मामला सामने आता है, तो उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## विद्युत विभाग का तीन दिनी मेंगा कैम्प 17 से

जौनपुर। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम ने अवगत कराया है कि उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि० द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के सभी खण्डों पर 17, 18 एवं 19 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 0 बजे तक मेगा कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें सभी प्रकार की शिकायतों जैसे- बिल रिवीजन, खराब मीटरों की जगह नये मीटर का प्रतिस्थापन, गलत बिलों का संशोधन, विघा परिवर्तन किये जायेगें, बिल से सम्बन्धित व अन्य शिकायतों का पंजीकरण व निस्तारण के कार्य सम्पादित किये जायेगें। जो भी उपभोक्ता अपनी शिकायत लेकर आयेगा उसे 1912 हेल्पडेस्क पर अंकित कराया जायेगा एवं उपभोक्ता को उसकी रसीद उपलब्ध करायी जायेगी एवं जो शिकायत मौके पर निस्तारित हो सकती है, उसे तत्काल निस्तारित करा दिया जायेगा एवं जो शिकायतें रह जायेंगी उन्हें एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कर दिया जायेगा। जनपद के विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड- नगर पता-132 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, मोहल्ला-कदम रसूल, हुसैनाबाद एवं विद्युत वितरण खण्ड-केराकत ग्रामीण, 132 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र मोहल्ला कदम रसूल हुसैनाबाद, एवं विद्युत वितरण खण्ड-बक्सा मोहल्ला मियांपुर निकट कलेक्ट्री कचहरी, जौनपुर पर तीनों दिन कैंप आयोजित किया जायेगा। इसकी निगरानी हेतु अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# बैद्यनाथ के दर्शन को निकला सिधौली से शिवभक्तों का जत्था



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। सावन के पावन माह में भगवान शिव की भक्ति में लीन दो दर्जन शिवभक्त कावंड़ियों का एक जत्था सिधौली से रवाना हुआ। यह जत्था झारखंड स्थित देवघर जिले में बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक करेंगे। शिवभक्तों की यह टोली बिहार राज्य के सुल्तानगंज पहुंचेगी। जहां पवित्र गंगा नदी से गंगाजल लेकर करीब 110 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा के उपरांत बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलाभिषेक करेगी। टोली के संयोजक आलोक जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परंपरा उनकी टोली द्वारा कई वर्षों से निभाई जा रही है। उन्होंने बताया कि उनकी टोली में इस वर्ष लगभग दो दर्जन शिवभक्त शामिल हैं। जो पूरी श्रद्धा, आस्था और अनुशासन के साथ इस धार्मिक पदयात्रा को संपन्न करेंगे। जत्थे में प्रमुख रूप से राकेश गुप्ता, कमल जायसवाल, मन्नी, अन्ना गुप्ता, बलराम कौशल, कमल सक्सेना, पंकज गुप्ता, पप्पू जायसवाल, राम लखन शर्मा, निर्मल सक्सेना और कल्लू कौशल जैसे श्रद्धालु सम्मिलित हैं। सभी शिवभक्त विशेष रूप से कावड़ लेकर रवाना हुए हैं और बोल बम के जयघोष के साथ बाबा की भक्ति में लीन हैं। यात्रा के दौरान शिवभक्त भजन-कीर्तन करते हुए माहौल को भक्तिमय बनाएंगे।

## सड़क मरम्मत में भारी अनियमितता, लोगों में आक्रोश

सीतापुर। सिधौली कस्बे में जल निगम द्वारा नई आरओ वॉटर पाइपलाइन बिछाए जाने के बाद सड़कों की मरम्मत सिर्फ खानापूरी बनकर रह गई है। कस्बे की प्रमुख सड़कों और गलियों में खुदाई के बाद मरम्मत का कार्य मानकों के अनुसार नहीं किया जा रहा है, काफी लेट लतीफी की जा रही है। जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। बताते हैं कि जल निगम द्वारा कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में पाइपलाइन बिछाने के दौरान सिधौली तहसीलदार आवास से होकर जाने वाले मार्ग पर दुर्गा पूजा स्थल से लेकर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर तक जाने वाली मुख्य सड़क को कई जगहों से खोदा गया था। यह सड़क पहले से ही गड्ढों और कीचड़ से परेशान थी, बारिश में जलभराव की स्थिति बनती थी।

सावन माह से पहले लोगों की गुहार पर सड़क मरम्मत का कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन इसमें मानक की अनदेखी सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नई ईंटों की जगह पुरानी और टूटी-फूटी ईंटों से सड़क को पाट दिया गया है, जिससे कुछ ही समय में सड़क फिर से खराब हो जाएगी। मोहल्लेवासियों ने कहा कि मरम्मत का काम सिर्फ औपचारिकता के तहत किया जा रहा है। जब इस संबंध में अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह कार्य जल निगम विभाग द्वारा कराया जा रहा है। वहीं जल निगम के रणविजय सिंह ने सफाई देते हुए कहा कि मानक के अनुसार 60 प्रतिशत नई और 40 प्रतिशत पुरानी ईंटें लगाई जानी हैं और वही किया जा रहा है। लेकिन स्थानीय लोग इस दावे को खारिज कर रहे हैं। इस मामले में भाजपा नेता आलोक उर्फ ट्विंकल तिवारी ने सड़क मरम्मत में हो रही अनियमितताओं पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही मरम्मत कार्य मानकों के अनुरूप नहीं कराया गया तो आंदोलन किया जाएगा। स्थानीय लोगों की मांग है कि सड़कों की मरम्मत में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाये। फिलहाल सिधौली की सड़कें एक बार फिर बदहाली का शिकार होती नजर आ रही हैं।

## नेशनल हाईवे अथारिटी की टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

सीतापुर। नेशनल हाईवे अथॉरिटी की टीम ने सिधौली कस्बा में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। हाईवे किनारे अवैध रूप से दुकानें लगाकर बैठे ठेला, पटरी और रेहड़ी दुकानदारों पर बड़ी कार्यवाही की गई। टीम के साथ पहुंची जेसीबी मशीनों ने कई दुकानों को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया, जिससे हड़कंप मच गया। नगर में नेशनल हाइवे 30 पर किनारे व्यवसाय कर रहे दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए टीम ने कहा कि वे भविष्य में सड़क किनारे दुकानें न लगाएं, अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान कई ठेले हटवाए गए और सामान जब्त किया गया। बताया जा रहा है कि यह कार्यवाही आए दिन हो रहे सड़क हादसों को ध्यान में रखते हुए की गई है। नेशनल हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों और वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह सख्त कदम उठाया गया है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों में जहां इस कार्यवाही को लेकर रोष देखने को मिला। वहीं राहगीरों ने प्रशासन की इस कार्रवाई को उचित ठहराया है।

## ग्रामीणों ने बिजली समस्याओं को लेकर विधायक मनीष रावत को दिया प्रार्थना पत्र

सीतापुर। स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र से अटरिया क्षेत्र के काजीकौला, फिरोजपुर, गनीपुर, सर्वा, जलालाबाद सहित करीब 40 गांवों की बिजली आपूर्ति विश्व बैंक फीडर के माध्यम से की जा रही है। यह फीडर अटरिया फीडर से जुड़ा हुआ है। जिससे दोनों फीडर पर लोड बढ़ने के कारण गर्मी के मौसम में अचानक ट्रिपिंग की समस्या बार-बार सामने आ रही समस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक मनीष रावत को प्रार्थना पत्र देकर समस्याओं का निदान कराए जाने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार जब भी तेज गर्मी होती है। फीडर ओवरलोड होकर ट्रिप कर जाते हैं और घंटों तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहती है। इससे गांवों में अंधेरा पसर जाता है और पेयजल संकट भी उत्पन्न हो जाता है, क्योंकि इस लाइन से जुड़ी पांच सरकारी नलकूपों की सप्लाई भी ठप हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि विश्व बैंक लाइन के तार काफी जर्जर और कमजोर हो चुके हैं। इन तारों में आए दिन टूटने की घटनाएं होती रहती हैं। जिससे न सिर्फ बिजली आपूर्ति बाधित होती है बल्कि जान-माल का खतरा भी बना रहता है।

### स्थायी लाइनमैन की नहीं है नियुक्ति

सबसे गंभीर समस्या यह है कि संबंधित ग्राम पंचायतों में स्थायी लाइनमैन की तैनाती नहीं है। जो अस्थायी लाइनमैन हैं, उन्हें भी जनता को खुद मोबाइल पर संपर्क करना पड़ता है और तत्काल समस्या का समाधान नहीं हो पाता। ग्रामीणों ने ऊर्जा विभाग और प्रशासन से मांग की और जर्जर तारों को तत्काल बदला जाए विश्व बैंक फीडर को अटरिया फीडर से अलग किया जाए या वैकल्पिक लोड व्यवस्था बनाई जाए। स्थायी लाइनमैन की नियुक्ति की जाए ताकि आपात स्थिति में तुरंत कार्यवाही हो सके। बिजली समस्या से जूझ रहे इन गांवों के लोग अब सड़क पर उतरने की चेतावनी भी दी है।

## रोजगार सेवक ने मॉडल तालाब अमृत सरोवर खुदाई के नाम पर निकाले लाखों रुपये




सीतापुर। विकासखंड सकरन की ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द की प्रधान जगरानी द्वारा एक माह पूर्व आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की थी। जिसमें रोजगार सेवक रेखा वर्मा के द्वारा ग्राम पंचायत सेमरा खुर्द में मॉडल तालाब रानी लक्ष्मीबाई अमृत सरोवर में बिना खुदाई के फर्जी तरीके से प्रधान की बिना जानकारी व बिना हस्ताक्षर के 19 लाख रुपये अपने चहेते लोगों पर भुगतान निकाल लिया गया है। जिस प्रकरण को संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी ने उक्त प्रकरण की जांच हेतु 19 मई को दो सदस्यीय टीम गठित की गई थी।

27 मई को जांच टीम के द्वारा आख्या प्रस्तुत की गई। जिसमें बताया गया कि अमृत सरोवर के भुगतान में अनियमितता पाई गई। जिसको ध्यान में रखते हुए तकनीकी गुणवत्ता के मूल्यांकन के सापेक्ष में वसूली हेतु जिले को पत्र प्रेषित किए गया है। अब डीसी मनरेगा व मुख्य विकास अधिकारी मामले को संज्ञान लेते हुए अग्रिम कार्यवाही रोजगार सेवक पर क्या करते हैं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

## डोर फाउंडेशन क्लब की बैठक संपन्न

सीतापुर। रविवार को डोर फाउंडेशन क्लब 60 की एक एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन को सशक्त बनाने एवं सामाजिक सेवा कार्यों को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर नई कार्यकरिणी का गठन किया गया। जिसमे रामचंद्र कटिहार को अध्यक्ष, विमल कांत वर्मा को महामंत्री, वेद प्रकाश कश्यप को कोषाध्यक्ष एवं कमलेश मेहरोत्रा को कैशियर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सुधांशु मिश्रा, डॉ. बीरेंद्र आर्य, कमलेश मल्होत्रा, रमाकांत मिश्रा, अशोक प्रजापति, राजीव मिश्रा, बृजेश गुप्ता, बृजमोहन गुप्ता, बृजेश तिवारी, गोपाल नारायण बाजपेई, विनीत द्विवेदी सहित कई समाजसेवियों ने अपने विचार साझा किए और संगठन को नई दिशा देने का संकल्प लिया। बैठक में वृक्षारोपण, वृद्ध सेवा, शिक्षा सहयोग एवं युवा भागीदारी जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई।

## कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार



उन्नाव। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व मे प्रतिभा सिंह, आबकारी निरीक्षक,क्षेत्र 5 बीघापुर मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ तहसील बीघापुर अंतर्गत ग्राम अकवारा , केदारखेड़ा में एक बारगी दबिश देते हुए कुल 20लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए अभियुक्ता को गिरफ्तार कर थाना बिहार में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ता में विशुन देवी पत्नी मुनेश्वर, निवासी केदारखेड़ा, शामिल है। थाना बिहार, आबकारी निरीक्षक द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही हैं।

## शिव सेना ने प्रदर्शन कर राज ठाकरे का पुतला फूंका



जौनपुर। महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों के साथ हो रहे व्यवहार और भाषा को लेकर उपजे विवाद के विरोध में रविवार को शिवसेना की जिला इकाई ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राज ठाकरे मुदार्बाद के नारे लगाए और उनका पुतला दहन किया। जिलाध्यक्ष नागेश दुबे ने कहा कि, महाराष्ट्र में हिंदी बोलने वाले उत्तर भारतीयों पर जिस प्रकार का अत्याचार हो रहा है, वह अत्यंत निंदनीय है। हम उत्तर भारतीय इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे भाषायी अत्याचारों के खिलाफ शिवसेना मजबूती से आवाज उठाती रहेगी। सदर प्रभारी संदीप चौहान ने कहा, हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। हम भारत के किसी भी कोने में हिंदी बोल सकते हैं। महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों को सताया जाना संविधान और राष्ट्रीय एकता के विरुद्ध है।

शिवसैनिकों ने यह भी कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और यहां हर व्यक्ति को अपनी पसंद की भाषा बोलने का अधिकार है। किसी पर कोई भाषा थोपना जबरदस्ती है और संविधान के खिलाफ है। रुद्र प्रताप, विकास पांडे, अवधेश यादव, खुशहाल गिरी, बृजेश यादव, अभिषेक यादव, प्रमोद यादव, सौरभ मौर्या, रवि चौहान, आशीष सिंह आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नकली दूध की आपूर्ति न हो, शुद्ध दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जाये: धर्मपाल सिंह



सीतापुर। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन विभाग उत्तर प्रदेश धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में नैमिषारण्य स्थित निरीक्षण भवन में विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। जिसमें निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशुओं में संचारी रोगों की रोकथाम, उपचार एवं टीकारण की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दृष्टिगत गोआश्रय स्थलों में समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। पशुओं को पर्याप्त हरा चारा और पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जाये। पशुओं का टीकाकरण समय से कराया जाये तथा बीमार पशुओं को त्वरित रूप से उपचार उपलब्ध कराया जाये। पशुओं में संचारी रोगों से बचाव हेतु प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। पशुओं की इयर टैगिंग का कार्य ससमय कराए जाने के भी निर्देश दिए।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने कड़े निर्देश दिए कि शुद्ध दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। नकली दूध की आपूर्ति न हो, इसके लिए सम्बंधित विभागों से समन्वय कर व्यापक स्तर पर जांच अभियान चलाया जाये। निराश्रित गौवंश को संरक्षित करने हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मंत्री ने रेडियम बेल्ट अभियान को सफलतापूर्वक संचालित कराये जाने के भी निर्देश दिये। इसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सहयोग लेते हुए शीघ्र पूर्ण कराया जाये। दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार कार्यो की समीक्षा करते हुए मंत्री धर्मपाल सिंह ने गोआश्रय स्थलों पर भी नस्ल सुधार एवं सेक्स सार्टेड सीमेन के प्रयोग के विषय में आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही ब्रीड डेवलपमेंट के विषय में भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस एवं प्रशासनिक विभागों के सहयोग से चारागाह भूमियों से अवैध कब्जे को तत्काल हटवाया जाये। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करना सरकार की प्राथमिकता है और पशुपालन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। इसके लिए संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करते हुए पात्रों को लाभान्वित भी किया जाये। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी मिश्रिख, ग्राम विकास, पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, पशुधन विभाग सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्र की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जिले के तिलहर क्षेत्र में गुरुकुल विद्यालय के छात्रावास में एक छात्र की हत्या करने के आरोप में अन्य छात्र को रविवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि तिलहर थाना क्षेत्र स्थित गुरुकुल विद्यालय में पढ़ने वाले छठी कक्षा के छात्र अनुराग (13) का एक अन्य छात्र राम लखन (18) से गत सोमवार-मंगलवार की रात छात्रावास के कमरे में लेटने को लेकर विवाद हो गया था और इसी दौरान हुई मारपीट में सिर में गम्भीर चोट लगने से अनुराग की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मामले के खुलासे के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित की गयी थीं और आरोपी राम लखन को आज गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, पूछताछ में उसने बताया कि वह विद्यालय में दाखिला लेने के लिये छात्रावास में रहकर तैयारी कर रहा था और गत सोमवार की रात लेटने को लेकर उसका अनुरोग से विवाद हो गया था तथा इस दौरान उसने अनुराग के सिर पर घूंसों और लातों से प्रहार किया था जिसके कारण सिर की हड्डी टूटने से उसकी मौत हो गई।

## तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं को सम्मोहित करने के दो आरोपित गिरफ्तार

सोनभद्र। जिले के म्योरपुर थाना क्षेत्र में तंत्र-मंत्र के नाम पर महिलाओं को सम्मोहित करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से सार्वजनिक हुआ, जिसमें हरहोरी का निवासी सत्येंद्र कुमार (33) अपने क्षेत्र की एक महिला से पूजा पाठ, शुद्धिकरण और तंत्र-मंत्र के लिए लड़की की व्यवस्था करने के लिये कह रहा है। एएसपी ने बताया कि वीडियो में आरोपी को लड़की को सोनभद्र के दुद्धी के निवासी अवधेश तिवारी (45) के यहां पहुंचाने के लिए कहते हुए सुना जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद संबंधित महिला की शिकायत पर म्योरपुर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों सत्येंद्र और अवधेश के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। एएसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

सीतापुर। पिसावांथाना क्षेत्र के एक गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जहां मृतका के पति ने पत्नी द्वारा फंदे से लटक कर आत्महत्या किए जाने का हवाला दिया है। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने शंका के आधार पर मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस से पीएम कराने के लिए कहा है। पीएम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई करने का पुलिस ने आश्वासन दिया है। बताते चलें कि हरदोई जिले के थाना टड़ियावां क्षेत्र के अरबापुर गांव निवासी सत्यवती पत्नी शत्रोहन ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री नीतू 22 का विवाह अमित पुत्र लालता प्रसाद निवासी रुकुद्दीनपुर थाना पिसावां सीतापुर के साथ किया था। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम दामाद अमित ने मायके पक्ष के लोगों को पत्नी द्वारा फंदे से लटक कर आत्महत्या किए जाने की सूचना दी गई। सूचना के बाद मायके पक्ष के लोग जब रुकुद्दीनपुर गांव पहुंचे तो देखा कि कमरे के छत में फंदा लगा हुआ था और नीतू का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बेड पर पड़ा हुआ था। पुलिस की पूछताछ में अमित ने बताया कि वह शनिवार को बाजार गया हुआ था। जब वह वापस घर पहुंचा तो घटना की उसे जानकारी मिली। मायके पक्ष के लोगों ने मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से मनाया कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी का जन्मोत्सव




सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व्यापारी नेता नन्द गोपाल नन्दी के पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव को आज वैश्य समाज उत्तर प्रदेश सीतापुर की कार्यकारिणी ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बड़ी धूमधाम से मनाया। शनिवार सुबह 10:00 बजे पन्चानन शिव मन्दिर केशव ग्रीन सिटी में नन्द गोपाल गुप्त की दीघार्यु एवं उज्जवल भविष्य के लिए हवन पूजन का आयोजन किया गया। तदोपरान्त दोपहर 1से सायं देर शाम तक अग्रसेन पार्क के निकट भण्डारे का आयोजन कर कढ़ी चावल का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ व बरेली मण्डल अध्यक्ष सन्दीप गुप्ता, संरक्षक मुकेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष विवेक अग्रवाल मिन्टू, आकाश बजरंगी, संतोष गुप्ता, महेश गुप्ता, महेन्द्र अग्रवाल, आनन्द सिंह, सत्यप्रकाश गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, नीरज गुप्ता, हिमांशू अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, महेश जायसवाल आदि ने अपने नेता के दीघार्यु होने की कामना की।

## मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

सीतापुर। प्रतिभा सम्मान समारोह में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने स्कूल सहित पूरे इलाके का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अलग-अलग विद्यालयों से आए प्रबंधकों व शिक्षकों ने मेधावी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपनी अपनी बात रखी। सदरपुर इलाके के जाफरपुर कलां गांव में बने आजाद इंटर कॉलेज में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एक से आठ तक के उन 70 बच्चों को शील्ड, स्कूल बैग और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले शोभित वर्मा व कक्षा आठ में 97.14 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा शालू को साइकिल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मौजूद विद्यालय प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों शिक्षकों, पत्रकारों और समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षक अनुज वर्मा, मो. इस्लाम, गेंदाराम, रोहित सिंह, रहबर प्रतापगढ़ी, अरुणेश कुमार आदि ने अपनी बात रखते हुए मेधावी छात्रों को शिक्षा के प्रति मेहनत करने और सच्चाई के रास्ते पर चलने और बड़ों का आदर और बच्चों से प्रेम करने जैसी बातें बताई। भविष्य में आने वाली कठिनाइयों का डट कर मुकाबला करने की नसीहत दी। इस मौके पर आजाद इंटर कॉलेज के प्रबंधक सलीम खान और प्रधानाचार्य वकील खान ने मुख्य अतिथियों, अभिभावकों और सम्मानित व्यक्तियों को शील्ड देते हुए माला पहना कर सम्मानित किया।

## 10 मिनट की बारिश ने जल निकासी व्यवस्था की खोली पोल

सीतापुर। मात्र 10 मिनट की बारिश से कस्बा में रविवार को जलनिकासी व्यवस्था की पूरी पोल खोल दी। हल्की बारिश के बाद कस्बे की कई गलियां जलमग्न हो गईं और पानी घरों तक घुस गया। कस्बा के मोहल्ला गोविंद नगर स्थित गुरुद्वारे वाली गली व राष्ट्रीय कन्या इंटर कालेज जाने वाले मार्ग की हालत सबसे ज्यादा खराब रही। यहां रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मोहल्ला निवासी दिलीप गुप्ता ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा बीते महीनों में नई चैड़ी नाली जरूर बनाई गई, लेकिन वह नाली जिस मुख्य नाले में जाकर मिलती है। उसकी सफाई और बहाव की व्यवस्था ठीक नहीं है। नतीजतन, थोड़ी सी बारिश में भी पानी भर जाता है और गलियां तालाब बन जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव का पानी निकालने में घंटों लग जाते हैं। बारिश भले ही 10 मिनट की हो, लेकिन उसका असर पूरे दिन भर बना रहता है। यही हालात कस्बे के अन्य मोहल्लों प्रेम नगर, बाजार सिध्देश्वर नगर, संत नगर और में भी देखे गये। जहां नालियों से पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों और घरों तक पहुंच गया। लोगों ने नगर पंचायत से मांग की है कि मुख्य नालों की सफाई कराई जाए और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिससे हर बार की बारिश में आमजन को परेशानी न हो।

## आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव



पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के पनई बुजुर्ग गांव में युवक का शव गांव के बाहर आम के पेड़ में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना के पूर्व मृतक का पत्नी से विवाद हुआ था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक वैभव सिंह 31 के पिता अनिल सिंह ने बताया कि बेटा पत्नी दीपा से झगड़े के बाद नाराज होकर घर से गया था। फोन करने पर उसने स्वयं के बाग में होने और गुस्सा ठंडा हो जाने पर वापस आ जाने की बात कही थी। कुछ ही देर बाद उन्हें वैभव द्वारा फांसी लगा लेने की सूचना मिली। परिवारीजन तत्काल वैभव को लेकर सुमेरपुर पीएचसी गए जंहा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद मृतक के माता, पिता और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

मिर्जापुर। जिले के जिगना थाना क्षेत्र में ट्रेन के सामने कूदकर एक युवक-युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार और शनिवार की मध्य रात्रि को गांव चडेरू चौकठा के पास की है। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह ने मामले की प्रारंभिक छानबीन में मिली जानकारी के हवाले से बताया कि प्रेमी युगल विवाह करना चाहते थे, लेकिन परिजन उसका विरोध कर रहे थे इसलिए दोनों ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। शवों का पोस्टमार्टम शनिवार देर शाम किया गया। प्रेमी जोड़े की पहचान प्रयागराज जिले के महेवा निवासी शिवम सोनकर (21) और उसी जिले के चकडीहा की निवासी अंजली धरिकार (20) के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारवालों को सौंप दिए गए हैं।

संक्षेप

## जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन आज

**ललितपुर।** आईटीआई प्रधानाचार्य/जिला समन्वयक जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन राजपाल सिंह ने अवगत कराया है कि मिशन निदेशक लखनऊ, संयुक्त निदेशक झांसी के निदेर्शानुक्रम में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डी.डी.यू. जी.के.वाई.) के अन्तर्गत 14 जुलाई 2025 को सुबह 10 बजे से आईटीआई में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित होने वाले रोजगार मेला में देश व प्रदेश की प्रतिष्ठित लगभग 10 से 15 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है, जिनमें टेक्निकल व नॉन-टेक्निकल लगभग एक हजार रिक्तियां है। साक्षात्कार हेतु समस्त अभ्यार्थी (कौशल विकास मिशन/डी.डी.यू.-जी.के.वाई.के प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थी, सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत युवा, आईटीआई उत्तीर्ण/अन्य) उपरोक्त तिथि व स्थान पर समय सुबह 10 बजे से अधिक से अधिक संख्या में अपने समस्त अंकपत्र/प्रमाण पत्रों (बायोडाटा, आधार कार्ड, मूल प्रमाण- पत्र व फोटोकॉपी एक सैट, 02 फोटो) सहित प्रतिभाग कर अपना सुनहरा भविष्य सुनिश्चित कर सकते है।

## डॉ. शिशिर कुमार यादव को मिली पीएचडी की उपाधि

**बीकापुर-अयोध्या।** बीकापुर तहसील के मंगारी गांव के रहने वाले डॉ. शिशिर कुमार यादव को बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी के वार्षिक दीक्षांत समारोह में विद्युत अभियांत्रिकी में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस समारोह का आयोजन पिलानी परिसर में किया गया, जिसमें भारत के 50वें पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी. वाई. चंद्रचूड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को जीवन में सत्यनिष्ठा, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. शिशिर कुमार यादव का शोध ह्लऑप्टिमम डिजाइन मेथड् एंड परफॉर्मेंस एनालिसिस ऑफ यूनिफाइड पावर क्वालिटी कंडीशनर विथ डिस्ट्रिब्यूटेड जनरेशनह्व शीर्षक पर आधारित है, जिसका उद्देश्य स्मार्ट ग्रिड प्रणाली में ऊर्जा-गुणवत्ता को सर्वोत्तम स्तर तक पहुँचाना है। इस शोध से विद्युत प्रणालियाँ अधिक कुशल, स्थिर और पर्यावरण-अनुकूल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान की सम्भावना व्यक्त की गई है।

# भारी बारिश के चलते जगह-जगह जल भराव

जिला संवाददाता

- बांधों में निर्धारित से अधिक हुआ जल भराव, खुले गेट
- सिस्टम को कोसते नजर आये लोग, जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त



ललितपुर। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते जिले में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के कारण कई ग्रामीण अंचलों से सम्पर्क टूटने की खबरें प्रकाश में आती रहीं तो वहीं दूसरी ओर कई जगह अवैध कालौनियों के निर्माण से बदले गये प्राकृतिक नालों के स्वरूप के चलते करीब पांच से छह फुट तक पानी जमा होने की खबरें भी मिलीं। इसी बीच लोग सिर्फ सिस्टम को कोसते नजर आये तो वहीं नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मियों की एक दिन की कामबंद हड़ताल का असर भी देखने को मिला, जब शहर में जगह-जगह कचरे के ढ़ेर एकत्र हो गये।

गौरतलब है कि जिले में 36 घंटे से हो रही बारिश ने लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। गोविंद सागर बांध में पानी की आवक बढ ? पर 18 में से 17 गेट खोल दिए गए हैं और इन गेटों से अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है, इससे शहर में कई जगहों पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। खास तौर पर कांशीराम आवासीय कॉलोनी गोविंद नगर के वाशिंदो की मुश्किलें बढ़ गई है। अब उन्हें घर में रखे सामान को सुरक्षित बचाने की चिंता सता रही है। पिछले कई दिनों से जिले में मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। पिछले 36 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इस बारिश से नदी, नाले उफना गए हैं साथ ही जिले के अनेक बांध भी लबालब हो गए हैं। गोविंद सागर बांध के 18 में से 17 गेट खोलने पड़े हैं। सुबह पांच बजे से गोविंद सागर बांध से 17 गेटो से 11100 क्यूसेक डिस्चार्ज किया जा रहा है। इसके बाद भी बाद में पानी की आवक कम नहीं हो रही है। इससे पहले बीती रात में करीब 12.30 बजे बांध के 8 गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी शुरू की गई थी लेकिन अतिरिक्त पानी में कमी नहीं आने पर गेटों की संख्या बढ़ाकर 17 कर दी गई, जो वर्तमान में खुले हुए हैं। इससे शहर में जगह-जगह जल भराव की सीधी उत्पन्न हो गई है। खासतौर पर गोविंद नगर स्थित काशीराम आवास की कॉलोनी में जल भराव की समस्या गहरा गई है। यहां जगह-जगह पानी पानी नजर आ रहा है। वही, इलाइट के पीछे नवजीवन कॉलोनी में भी जल भराव की समस्या देखी जा रही है। वार्ड नंबर 19 आजादपुरा में सोनी मिलन के पीछे, तुवन टीला के पीछे, शनि मंदिर के पीछे पानी ही पानी नजर रहा है। इधर जुगपुरा में मां अहिल्याबाई स्कूल के पीछे रहने वाले लोगों का हाल भी जल भराव के चलते काफी बुरा है, यहां जुगपुरा माता मंदिर से सिमट कर आने वाले पानी के चलते नालियां उफना गयी, जिससे सड़कें तालाब में तब्दील होती नजर आयीं। कई लोगों को अपने घर व दुकान में पानी घुसने की चिंता सता रही है। वर्तमान में बारिश का सिलसिला जारी है इससे हालात और भी बिगड ? के आसार नजर आ रहे हैं ।राजघाट बांध के जल भराव क्षेत्र में पानी की आवक अधिक होने के कारण बांध का निर्धारित लेवल बनाए रखने के लिए आज यानी दिनांक 13 जुलाई को दोपहर 12 बजे से लगभग 30 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता राजघाट बांध ने दी है।

उन्होंने नदी के किनारे से दूर रहने के लिए कहा है ।ग्राम बुढ़वार की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित पीतांबरा ग्रेनाइट के पास से निकला नाले पर पानी ऊपर से बह रहा है जिससे नगर का गांव से संपर्क टूट गया। नाले पर बना पुल डूब जाने से बुड़वार मार्ग पर स्थित गांव का संपर्क शहर से टूट जाने से लोगों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील के पीछे जल भराव से मकानों में पानी भर गया। गोविंद सागर बांध के गेट खुलने से नदी का पुल डूब गया।

**नई तहसील के पीछे से परिवार का रेस्क्यू**

नई तहसील के पीछे पिसनारी बाग में बयाना नाला के उफनाने से बाढ़ जैसी स्थिति बन गयी, जिससे लोग घरों में कैद हो गये। पानी घरों के अंदर पहुंच गया। एक घर में तो पानी की अधिकता बढ ? से एक पूरा परिवार करीब तीन घण्टे तक पानी के बीच कैद रहा।

रेस्क्यू टीम को खबर मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंच कर पूरे परिवार को रेस्क्यू कर लिया। टीम ने दो युवती व एक बुजुर्ग महिला जो युवती की मां बतायी जा रही है को चारपाई पर रखकर रेस्क्यू किया गया।

# डीएम का आदेश! कल्याणपुर की प्रधान के विकास कार्यों की जांच रिपोर्ट 30 में पेश करें

शहजाद अंसारी




- डीएम ने समय पर जांच न करने पर जिला आबकारी अधिकारी को जांचसे हटाया
- ग्राम प्रधान द्वारा कराये गए विकास कार्यो की जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को किया नामित

बिजनौर। जिलाधिकारी ने पंचायत कल्याणपुर की ग्राम प्रधान नसीम फातिमा द्वारा विकास कार्यों के नाम पर किये गए सरकारी धन के दुरुपयोग की जांच समय से न करने पर जांच टीम में शामिल जिला आबकारी अधिकारी को जांच से हटा दिया है। जिलाधिकारी ने अब ग्राम प्रधान द्वारा कराये गए विकास कार्यों की जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को नामित किया है। जानकारी के अनुसार नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी शिकायतकर्ता समाजसेवी सईदुद्दीन सलमानी व अन्य लोगो ने जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर को अपने शपथ पत्र के साथ 12 अप्रैल 2025 को विकास खण्ड कोतवाली की पंचायत कल्याणपुर में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग करने पर ग्राम प्रधान नसीम फतिमा द्वारा गांव में कराये गए विकास कार्यों की जांच कराने के लिए शिकायत पत्र दिया गया था। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए 09 मई 25 को जांच कमेटी बनाकर जांच में नामित जिला आबकारी अधिकारी को जांच आख्या 30 दिन में उपलबध कराने के आदेश दिये थे।

7 हफ्ते बीत जाने के बाद भी जब ग्राम प्रधान द्वारा गांव में कराये गए विकास कार्यों की जांच नही हुई तो शिकायतकर्ता समाजसेवी सईदुद्दीन ने 27 जून 2025 को जिलाधिकारी जसजीत कौर से मिलकर एक शिकायती पत्र देते हुए अपने व अन्य लोगो के साथ हो रहे उत्पीडन के बारे में बताया था कि प्रधानपति दिलशाद अंसारी अपराधी किस्म का व्यक्ति है जिस पर नगीना थाने में कई अपराधिक मुकदमें दर्ज है जो जेल भी जा चुका है और जिला बदर भी हो चुका है। प्रधानपति अपराधी दिलशाद अंसारी शिकायतकताओं को धमकाते हुए कह रहा है और गांव मे ऐलान कर रहा है कि जितनी भी शिकायते कर लो ग्राम प्रधान मेरी पत्नी की किसी भी तरह की कोई जांच नही होगी।

जांच अधिकारियों से मेरी सेटिंग हो गयी है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समय से जांच न करने पर जांच टीम में शामिल नामित जिला आबकारी अधिकारी को जांच से हटाकर अब जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक जय करन यादव को नामित करते हुए 30 दिन के अंदर जांच आख्या देने के आदेश दिये है।

## संभावित बाढ़ के मद्देनजर डीएम ने छावनी डेरा का लिया जायजा



**बांदा।** केन नदी में बढ़ रहे जल स्तर को देखते हुए जिलाधिकारी जे0 रीभा ने रविवार की शाम सदर तहसील के ग्राम कनवारा के मजरा छावनी डेरा, बम्हा डेरा और केन आरती स्थल का राजस्व अधिकारियों के साथ जायजा लिया। उन्होने ग्राम प्रधान एवं गांव के लोगों को बाढ़ की स्थिति में सतर्क रहने और बच्चों को नदी के पास नही जाने की सलाह दी। डीएम ने ग्राम प्रधान को मुनादी कराकर ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि नदी का जल स्तर अधिक बढ़ने पर लोग सतर्क रहकर बचाव करें और तत्काल अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दें ताकि बचाव एवं जरूरी मदद हो सके। उन्होने अधिकारियों के साथ केन नदी आरती स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को केन नदी के मुख्य मार्ग के पास बैरियल लगाए जाने के निर्देश दिए। जिससे नदी किनारे आरती स्थल पर पानी आने से संभावित खतरे को देखते हुए लोगों का आवागमन अधिक न हो और किसी तरह की दुर्घटना न हो। उन्होने पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, एसडीएम नमन मेहता, तहसीलदार विकास पाण्डेय, ग्राम प्रधान कनवारा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला कारागार में शिविर लगाकर निःशुल्क 170 बंदियों के दांतों की जांच हुई



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** सीमा डेन्टल कॉलिज एवं हास्पिटल ऋषिकेश के सौजन्य से जिला कारागार में एक मेगा डेन्टल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 170 बंदियों के दांतों की निःशुल्क जांच की गई। जिला कारागार में बीते दिन सीमा डेन्टल कॉलिज एवं हास्पिटल ऋषिकेश, उतराखण्ड की ओर से आयोजित डेंटल शिविर में 170 बन्दियों के दाँतों का परीक्षण कर उचित उपचार प्रदान किया गया। शिविर में जिला कारागार बिजनौर चिकित्सालय के डा0 गोपाल चन्द वर्मा एवं फार्मासिस्ट सुधीर कुमार के द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया गया। डेंटल शिविर टीम में प्रोफेसर डा0 अमित अग्रवाल, डा0 अवनीश सिंह, डा0 कल्पना चैधरी, डा0 वेदका, डा0 तनिष्का, डा0 स्वर्णिका, डा0 भरत, डा0 अनुगव, डा0 सोमिल, डा0 चमन, डा0 सिद्धार्थ, डा0 मयंक एवं डा0 जयप्रकाश आदशामिल रहे। इस अवसर पर जेलर रविन्द्रनाथ द्वारा बन्दियों के हितार्थ दिये गये सहयोग के लिये सभी चिकित्सीय स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया। अन्त में कारागार अधीक्षक डा0 अदिति श्रीवास्तव द्वारा संस्था के सभी सदस्यों द्वारा कारागार में निरूद्ध बन्दियों के लिए मेगा डेन्टल शिविर आयोजित किये जाने पर संस्था एवं उसके सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर उपकारापाल अरविन्द कुमार, लक्ष्मी देवी, कलावती, सुरेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र कुमार गौतम एवं अन्य सभी कार्मिकों ने भी सहयोग प्रदान किया।

## रोटी बैंक ने कनवारा में लोगों को बांटा जरूरी सामान



**बांदा।** रोटी बैंक सोसायटी ने बड़ोखर ब्लाक के कनवारा गांव में जरूरतमंदों को बाढ़ आपदा से पूर्व कपड़े, किताबें, जूते, चप्पल, पर्स, बिस्किट, माचिस, मोमबत्ती का वितरण किया गया। सोसायटी के सरंक्षक शेख सादी जमा, सह संरक्षक चंद्रमौलि भरद्वाज, मनु बंसल व संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, सोसायटी सदस्य सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील यादव की उपस्थिति में सामग्री का वितरण हुआ। केन नदी के किनारे बसे कनवारा गांव के लोगों ने कई बार बाढ़ की विभीषिका झेली है। इसी को देखते हुए रोटी बैंक सोसायटी ने ग्रामीणों को बाढ़, सर्पदंश, स्वास्थ्य और उनके कानूनी अधिकार के प्रति टीम के संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा, सोशल मीडिया प्रभारी रिचा रैकवार ने जागरूक किया। गांव के वृद्ध, महिलाओं व बच्चों ने कपड़े, किताबें, जूते, चप्पल व जरूरत का सामान पाकर प्रशन्नता जताई और सोसायटी को आशीर्वाद दिया। इस दौरान अध्यक्ष रिजवाल अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, मोहम्मद इदरीश, मीडिया प्रभारी अब्दुल मुजीब, सहाना अली, पदाधिकारियों, सदस्यों और समाजसेवियों ने योगदान दिया।

## जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के अनथुवा गांव में जहरीला कीड़ा काटने से महिला की मृत्यु हो गयी। कमला 54 पत्नी सुरेश घर में काम कर रही थी इसी दौरान उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। उसने परिजनों को कीड़ा काटने की जानकारी दी। कुछ देर के बाद महिला का शरीर नीला पड़ने लगा। परिजन उसे लेकर तत्काल इलाज के लिए सीएचसी पहुंचे। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद नाजुक हालत को देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पति सुरेश ने बताया कि उसके दो बेटे हैं और सभी मजदूरी करते हैं। आकस्मिक घटना से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भरी बारिश के चलते बाढ़ से बचाव के लिए जिला प्रशासन अलर्ट

जिला संवाददाता

- विभागों की जिम्मेदारी तय कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- तटबन्धों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर कंट्रोल रूम से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी

**ललितपुर।** जनपद में हो रही लगातार बारिश के कारण आमजन की सुरक्षा एवं बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी विभागों की जिम्मेदारी तय करते हुए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत पुलिस विभाग द्वारा तटबन्धों पर पेट्रोलिंग, बाढ प्रभावित क्षेत्रों में कानून व्यवस्था, बाढ चैकियों पर सुचारू रूप से राहत सामग्री वितरण हेतु पुलिस बल की व्यवस्था, वीआईपी आगमन पर कानून व्यवस्था तथा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व पीएसी के साथ समन्वयक स्थापित किया जाएगा। विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का सर्वे, साफ-सफाई एवं स्वच्छता, बाढ़ चैकियों व बाढ़ शरणालयों पर कर्मचारियों की ड्यूटी, राहत वितरण में कर्मचारियों की ड्यूटी, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, हेन्डपम्पों की मरम्मत एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। चिकित्सा विभाग द्वारा बाढ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का सर्वे, आवश्यक दवाईयां एंव एम्बुलेन्स की उपलब्धता, टीकाकरण, सर्पदंश के दवा का पर्याप्त स्टॉक, बाढ़ चैकियों पर कर्मचारियों की तैनाती तथा बाढ के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में लागों को जागरूक किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा भूसा बंटने के स्थान को चिन्हित करना, भूसा कय हेतु आवश्यक कार्यवाही, पशु शरणालय, पशुओं का सर्वे व टीकाकरण, बाढ चैकियों पर आवश्यक दवाइओं, एम्बुलेंस की व्यवस्था एवं सचल मेडिकल दल का गठन किया जाएगा। स्थानीय निकाय द्वारा शहरी क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था व साफ-सफाई, स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था, मोबाइल शौचालय का प्रबन्धन व शहरी बाढ प्रबन्धन हेतु आवश्यक कार्य किए जाएंगे। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा खाद्य वस्तुओं का समुचित स्टॉक, ईंधन की उपलब्धता एवं स्थानीय दुकानों से समन्वयक किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा बाढ से प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचने के लिए सम्पर्क मार्गों की मरम्मत, सम्पर्क मार्गों पर जल निकासी की व्यवस्था, क्षतिग्रस्त पुलियों की मरम्मत हेतु आवश्यक कार्यवाही, हेलीपैड हेतु आवश्यक कार्यवाही एवं डेमवा घाट के मरम्मत हेतु कार्यवाही की जाएगी। बाढ़ कार्य खण्ड विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त तटबन्धों की मरम्मत, बाढ़ अवरोधक सामग्रियों का तटबंधों पर पर्याप्त स्टॉक, तटबंधों की सुरक्षा हेतु आवश्यक प्रबन्धन एवं तटबन्धों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर कंट्रोल रूम से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। विद्युत विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के विद्युत उपकेन्द्रों पर आवश्यक प्रबन्धन, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के विद्युत उपकेन्द्रों पर मोबाइल ट्रान्सफॉर्मर की व्यवस्था, बाढ़/राहत चैकियों व बाढ शरणालयों पर विद्युत की व्यवस्था, खम्भों की व्यवस्था, बाढ क्षेत्र में पानी भरने पर विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा बाढ से प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों में बाढ के समय अध्यापन की वैकल्पिक व्यवस्था एवं बाढ के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में बच्चों को जागरूक किया जाएगा। जल निगम द्वारा बाढ क्षेत्र में स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था, बाढ़ की सम्भावना वाले स्थानों को चिन्हित कर हैंडपंप की व्यवस्था व बाढ़ की सम्भावना वाले स्थानों पर स्थापित हैंडपंपों का उच्चीकरण किया जाएगा। बाल एंव पुष्टाहार विभाग द्वारा बाढ से प्रभावित क्षेत्रों के आंगनबाडी केन्द्रों में बाढ के समय वैकल्पिक व्यवस्था एवं बाढ के दौरान क्या करें, क्या न करें के बारे में लागों को जागरूक किया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा बाढ के दौरान आवश्यकतानुसार वाहनों की व्यवस्था एवं स्टेयजिंग एरिया का चिन्हिकरण किया जायेगा। कृषि विभाग द्वारा बाढ क्षेत्र के फसलों का सर्वे, फसलों का बीमा कराने हेतु किसानों को जागरूक एवं बाढ क्षेत्र में नुकसान न होने वाली फसलों की वैरायटी के बोने हेतु किसानों को जागरूक किया जाएगा। सूचना विभाग द्वारा समय-समय पर बाढ से बचाव हेतु एडवाइजरी का प्रकाशन, मौसम के बारे में लोगों को मीडिया के माध्यम से जागरूक एवं प्रशासन के द्वारा किये जा रहे राहत व बचाव के कार्यों को प्रकाशित कराया जाएगा। राजस्व विभाग द्वारा बाढ क्षेत्र का व्यापक सर्वे (परिवार, जनसंख्या, मकान, पशु, उपलब्ध संशाधन), बाढ चैकी/बाढ शरणालय का चिन्हीकरण, ईओसी (कंट्रोल रूम) की स्थापना, बाढ राहत कार्य योजना, लोगों के ठहरने की समुचित व्यवस्था, नोडल अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी, मॉक ड्रिल, प्रशिक्षण, जागरूकता, बाढ राहत सामग्री हेतु आवश्यक कार्यवाही, नाव/नाविक हेतु आवश्यक कार्यवाही, स्वयंसेवी, अन्य संस्थाओं के साथ समन्वयक स्थापित करना, वालेन्टियर का चिन्हीकरण, कम्युनिटी किचेन की व्यवस्था, जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक एवं पूर्व चेतावनी जारी की जाएगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर में शंकुल स्त्री आचार्य विकास का आयोजन




**बांदा।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में शंकुल स्त्री आचार्य विकास वर्ग का आयोजन रविवार को हुआ। वंदना सभा में दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पित कर आयोजन का प्रारंभ हुआ। इस दौरान सभी मुख्य विषयों पर नगर के डिग्री कालेज के 18 विषय विशेषज्ञों ने आचार्यों का प्रशिक्षण कराया। इसके अलावा विद्या भारती के संचालित विभिन्न आयाम एवं पंचपदीय शिक्षा प्रणाली के बारे में संगठन मंत्री ने जानकारी देते हुए सभी को उसका पालन करने की सलाह दी। संघ के जिला प्रचारक अनुराग ने कहा कि शिक्षा एक दीपक के समान है जिसे प्रज्वलित करने पर पूरा समाज प्रज्वलित हो जाता है। दीपक चाहें मिट्टी का बना हो या सोने का। शंकुल स्तरीय कार्यक्रम में बांदा, महोबा और कर्बी स्थित सभी शिशु मंदिर, विद्या मंदिर एवं बालिका विद्या मंदिर के आचार्य एवं आचायाएं और करीब 22 प्रधानाचार्य व 377 आचार्य एवं आचार्य बहनें मौजूद रहीं। आयोजन में कानपुर प्रांत के संगठन मंत्री व मुख्य अतिथि रजनीश पाठक, जिला संघ चालक सुरेन्द्र पाठक, जिला प्रचारक अनुराग, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, संभाग निरीक्षक शिवकरण, विद्यालय के अध्यक्ष उमेश चंद्र अवस्थी व प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता मौजूद रहे। संचालन शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य नरेन्द्र अवस्थी ने किया।

## बेसिक विद्यालयों का समय एकसमान किये जाने की मांग




जिला संवाददाता

- जीआईसी सभागार में सम्पन्न हुआ जनपदीय अधिवेशन

**ललितपुर।** राजकीय शिक्षक संघ मूल संघ का जनपदीय अधिवेशन जीआईसी सभागार में हुआ। जिसमें प्रांतीय महामंत्री केदारनाथ तिवारी एवं कार्यकारी महामंत्री डा. अशोक कुमार अबाक सोनभद्र के विशिष्ट आतिथ्य व राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अधिवेशन में पुरानी पेंशन एसीपी की सुविधा दिए जाने माध्यमिक और बेसिक विद्यालयों का समय एक समान किए जाने ऑनलाइन स्थानांतरण की समस्या का तत्काल निदान किए जाने, हिंदी व संस्कृत विषय में भी एनसीईआरटी की पुस्तकों को लागू किए जाने की मांगों को प्रमुखता से रखा गया।

अधिवेशन में विधि मंत्री रामसिंह राजपूत, प्रांतीय कोषाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, शाहिद खान मंसूरी, मंडलीय मंत्री जलील खान, पदाधिकारी मजीद पठान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अधिवेशन में चुनाव अधिकारी के रूप में शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी, मोर्चा के संयोजक जी.एल.गौतम, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन मंत्री पवन रिछारिया ने निर्वाचन संपन्न कराया। निर्वाचन उपरांत कमलेश कुमार जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, उपाध्यक्ष अमोद कुमार, मंत्री पद पर उत्तम वर्मा, संयुक्त मंत्री पद पर सुरेश कुमार, सांस्कृतिक मंत्री पद पर बाहुबली जैन, कोषाध्यक्ष पद पर बृजेंद्र निगम निर्वाचित हुए संरक्षक पद पर शाहिद खान मंसूरी व जयशंकर प्रसाद द्विवेदी को प्रांतीय नेतृत्व की ओर से दायित्व सौंपा गया।

समस्त निर्वाचित पदाधिकारी को प्रांतीय महामंत्री केदारनाथ तिवारी ने शपथ दिलाई। संचालन प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल जैन ने किया।

## बड़ा हादसा टला! मकान की छत गिरने से बाल-बाल बचा पूरा परिवार



**धामपुर, बिजनौर।** तहसील क्षेत्र के गांव शहजादपुर में बीते दिन अचानक एक मकान का लिंटर भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त मकान के भीतर कोई नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

जानकारी के अनुसार मकान मालिक महेंद्र सऊदी अरब में काम करता है, जबकि उसकी पत्नी देशरानी और चार बच्चे गांव में रहते हैं। घटना के समय देशरानी घर के आंगन में बैठी थी और बच्चे स्कूल गए हुए थे। मकान गिरने से सभी घरेलू सामान नष्ट हो गया जिससे लाखो रुपए का नुकसान हो गया।

## खेल का मैदान बना तालाब, विद्यालय में पानी भरने से बच्चे और शिक्षक परेशान



**बिजनौर।** बारिश के चलते संविलियन विद्यालय में बारिश का पानी भर गया। स्कूली बच्चें व शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। रेनवाटर हार्वेस्टिंग के द्वारा भी जल का निस्तारण नहीं हो पाया।

जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के ग्राम संविलियन विद्यालय दबथला में करीब सौ छात्र हैं। गुरुवार ओर शुक्रवार को हुई बारिश के दौरान स्कूल परिसर में भारी मात्रा में पानी भर गया। शनिवार को स्कूल पहुंचे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्यालय के खेल के मैदान में पानी भरने से वह तालाब में तब्दील हो गया। जिसके कारण शौचालय आदि का इस्तेमाल करने के स्थान पर वैकल्पिक शौचालय का उपयोग किया गया। जल भराव होने के कारण विद्यालय की साज सज्जा में लगाए गए पेड़ पौधे भी खराब हो गए। प्रधानाध्यापक सुधाराज सिंह ने बताया कि जल निकासी का उचित प्रबंध न होने पर जल भरा हुआ है।

# मुक्त व्यापार समझौता

हमारी आर्थिक महत्वकांक्षा अब किसी से छिपी नहीं है। हम अपनी आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी जैसी चुनौतियों से पूरी तरह मुक्त होकर विकसित राष्ट्र बनने का सपना देख रहे हैं और इसे एक संकल्प के रूप में लेकर आगे बढ़ रहे हैं। यह भी कि यह महात्वाकांक्षी लक्ष्य किसी एक पार्टी या सरकार का वायदा नहीं है बल्कि देश का संकल्प है जिसे सामूहिक प्रयासों और वैश्विक विस्तार के साथ ही पूरा किया जा सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि भारत नये-नये व्यापारिक भागीदारों को जोड़े, वैश्विक स्तर पर आर्थिक, कूटनीतिक सहयोग विकसित करे ताकि हम अमरीका या चीन जैसे देशों से अपनी निर्भरता को कम कर पायें और कारोबारी विविधता के बीच नये-नये अवसरों को खोज कर देश की अर्थव्यवस्था को भी गति देते रहें। इस संदर्भ में दुनिया के विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) हमारे कारोबार के वैश्विक विकास में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। भारत ने अब तक यूएई, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कर लिया है और इन देशों के साथ भारत का कारोबार सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। ट्रंप युग में अमरीका के साथ कारोबार में आयी कठिनाई के बीच व्यापार का रास्ता तलाशने के लिए ट्रंप प्रशासन की धौंस और नाजो-नखरे के बीच अमरीका के साथ भी ट्रेड डील पर चर्चा हो रही है।



इसी तरह ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन के साथ ही कई अन्य देशों के साथ भारत द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के लिए गंभीरता से चर्चा कर रहा है और अब तक इसके परिणाम बहुत ही आशाजनक रहे हैं। भारत को अगले वित्तीय वर्ष तक एक ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए यह जरूरी है कि नये-नये व्यापारिक दोस्त तलाशे जायें और जहां भी अवसर मिले वहां भारत के कारोबार को पहुंचाया जाये। इस बीच चार-पांच छोटे-छोटे देशों के समूह के साथ भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने की तारीख तय कर एक तरह से अमरीकी झटको से उबरने का इंतजाम कर लिया है। हाल ही में भारत और 4 सदस्य देशों वाले यूरोपिटन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौता लागू होने की तारीख निश्चित हो गयी। यह अक्टूबर 2025 से लागू हो जाएगा। यह समझौता लागू होने से अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश होने और 10 लाख नौकरियों के सृजन होने की संभावना है। ईएफटीए देशों को भारत में शुल्क मुक्त बाजार मिलेगा और स्विस घड़ियों और चॉकलेट जैसी कई लग्जरी वस्तुओं पर भारत में आयात कर नहीं लगेगा। इस ईएफटीए ब्लॉक में आइसलैंड, स्विटजरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टीन शामिल हैं। भारत और ईएफटीए के बीच ट्रेड एंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (टीईपी) पर पिछले साल मार्च में ही हस्ताक्षर हुए थे, लेकिन इन देशों में प्रक्रिया संबंधी औपचारिकताओं के कारण समझौते को लागू करने में देरी हो रही थी। बहरहाल अब यह कानूनी प्रक्रिया पूरी हो गयी है और भारत में स्विटजरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, स्विस टाइम के मुताबिक कल आधी रात को ईएफटीए-भारत टीईपीए के लिए जनमत संग्रह की समय सीमा आधिकारिक रूप से समाप्त हो गई। स्विस लोगों ने बगैर जनमत संग्रह के समझौते पर अपनी मौन स्वीकृति व्यक्त कर दी है। यह स्विस लोकतंत्र की वास्तविक कार्रवाई है। स्वीजरलैंड को प्रत्यक्ष प्रजातंत्र का घर कहा जाता है और यहां छोटे-छोटे कानूनी मामलों, विदेशी समझौतों और संधियों पर जनता की राय ली जाती है। इस कारण मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने में कुछ देरी जरूर हुई लेकिन अब सभी घरेलू प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं, और टीईपीए लागू किए जाने की राह में कोई बाधा नहीं है। ऐसे में यह उम्मीद बंधी है कि यूरोपिटन फ्री ट्रेड एसोसिएशन के चारों सदस्य देशों को भारत के बाजार में एक्सेस हासिल करने में आसानी होगी और यहां से बड़ा निवेश भी आयेगा। इसके साथ ही भारत को भी इन देशों के बाजारों में पहुंचने में आसानी होगी जिससे भारत के निर्यात व्यापार को आगे बढ़ाने में नये-नये मौके भी हासिल होंगे।

### विचार

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंतःकरण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

–स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

–कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

–कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

–शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

# भारत को ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबक



मनोज बाजपेयी




भारत के पहले सीडीएस दिवंगत जनरल बिपिन रावत ने देश में आंतरिक और वाह्य मोर्चे पर उभर रही सुरक्षा चुनौतियों की तरफ देशवासियों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा था कि 'देश को ढाई फ्रंट पर युद्ध लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा।' 'टू एंड ऑफ फ्रंट वार' की थ्योरी जनरल रावत ने चीन और पाकिस्तान के साथ ही आंतरिक मोर्चे पर पनप रही सुरक्षा चुनौतियों को लेकर कही थी। जनरल रावत ने यह बात जून 2017 में कही थी जब वे देश के सशस्त्र बलों का नेतृत्व कर रहे थे। जनरल रावत बाद में देश के प्रथम सीडीएस बने और भारत की रक्षा नीति को आकार देने में उनका बड़ा योगदान रहा है। 'ढाई फ्रंट वार' को लेकर तब सशस्त्र बल कितना तैयार थे यह तो नहीं मामूल लेकिन जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को एक साथ तीन दुश्मनों के साथ युद्ध करना पड़ा, उसके मद्ददेनजर यह बात स्पष्ट हो गयी है कि अब भारत को ढाई फ्रंट ही नहीं बल्कि देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए न सिर्फ अति चौकस रहना होगा बल्कि हमारी तैयारी आगे बढ़ते हुए पाकिस्तान और चीन के साथ ही बांग्लादेश में कट्टरपंथ के उभार के मद्देनजर भी सुरक्षा रणनीति पर विचार करने की जरूरत है। पाकिस्तान के साथ संघर्ष में जिस तरह 'इस्लामी उम्मा' के नाम पर तुर्किए और अजरबैजान पुछल्ले की तरह पाकिस्तान के साथ खड़ा हुआ यह भी भारत की सामरिक और कूटनीतिक रणनीति के केंद्र में होना चाहिए।

> भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौती भी मिल रही है और बड़े देश हमारे समर्थन में भी हैं। कूटनीतिक समर्थन एक बात है, लेकिन भारत को अपनी लड़ाई खुद लड़नी है। इसलिए हमारी सामरिक सुरक्षा तैयारियां बहु-आयामी होनी चाहिए।

कुल मिलाकर अगर हम एक सॉफ्ट पावर वाला देश बनने की कोशिश करते रहे और भारत की पहचान में सिर्फ योग, संस्कृति, प्रोफेशनल और लेबर आपूर्तिकर्ता के साथ शांति प्रिय देश का टैग लगाये रहेंगे तो समय-समय पर भारत को पाकिस्तान और चीन से तो जख्म मिलता ही रहेगा लेकिन तुर्किए, अजरबैजान और ओआईसी जैसे इस्लामी संगठन भी कूटनीतिक चुनौती पेश करने की कोशिश करेंगे। इसलिए अब भारत को शांति प्रिय देश का टैग छोड़कर एक ऐसे देश के रूप में अपनी पहचान को पुख्ता करनी होगी जिसमें दुनिया के सभी देशों के साथ बराबरी और सम्मान के साथ कूटनीतिक संबंध रखने को प्राथमिकता देता हो साथ ही आंख दिखाने वालों का आंख निकाल लेने और जख्म देने वालों का पैर तोड़ने देने का संकल्प भी दिखाता हो। पहलगाम हमले के बाद भारत ने कुछ हद तक यह संकल्प दिखाया और अपने 26 नागरिकों की जान लेने वाले आतंकियों के ठिकानों पर हमला बोल दिया। भारत की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान के लिए यह बहुत सही कदम था। लेकिन भारत की युद्धनीति अति सावधानी वाली थी जिसके कारण संभवतः हमे कुछ नुकसान भी हुआ और बीच में ही युद्ध रोककर पाकिस्तान को उतना नहीं ठोक पाये जितनी सजा देने की जरूरत थी।

## सामरिक चुनौतियां

बहरहाल ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेना के साहस, पराक्रम और तैयारियों का बेजोड़ उदाहरण है। जिसमें सेना ने न सिर्फ अपने लक्ष्य को हासिल किया बल्कि पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई को पूरी तरह नाकाम कर बेजोड़ हवाई रक्षा प्रौद्योगिकी का भी प्रदर्शन किया। ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कामयाबी के साथ ही दुनिया को जांचने-परखने, कूटनीतिक समझ विकसित करने और दोस्त-दुश्मन की पहचान में बहुत ही निर्णायक साबित हुआ है। लेकिन हमारी चुनौती यहीं पर खत्म नहीं हुई। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत को अपनी सामरिक और कूटनीतिक रणनीति को दुरुस्त करने का अवसर दिया है। इस संदर्भ में देश के उप सेना प्रमुख ने जो कुछ कहा, वह काबिले गौर है। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक महत्वपूर्ण पक्ष का रहस्योद्घाटन किया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रत्यक्ष युद्ध किया। लेकिन चीन और तुर्किए भी भारत के प्रत्यक्ष दुश्मन की भूमिका में थे। चीन ने पाकिस्तान की हरसंभव मदद की और खुफिया सूचनाएं भी साझा कीं। चीन ने सेटेलाइट और अन्य माध्यमों के जरिए खुफिया लीड्स हासिल कीं कि भारत की सैन्य तैयारियां कैसी और क्या हैं? कहां, कौनसा लड़ाकू विमान, मिसाइलें मौजूद हैं। चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लाइव लैब की तरह खूब इस्तेमाल किया और अपने हथियारों और सैन्य उपकरणों की टेस्टिंग भी की। बेहद संवेदनशील पक्ष यह था कि जब दोनों देशों के डीजीएमओ में बातचीत चल रही थी, तो पाक डीजीएमओ ने हमारे समकक्ष अधिकारी को कहा था कि भारत का एक अहम वेक्टर तैयार है।
भारत पहले उसे हटा कर पीछे करें। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सवाल उठाया कि इतनी बारीक और सटीक जानकारी पाक डीजीएमओ को कहां से मिली? जाहिर है कि ऐसे खुफिया इनपुट चीन ने ही पाकिस्तान को दिए थे। बेशक यह चीन की सैन्य रणनीति थी जिसमें वह खुद सामने आने के बजाय 'किराए की छुरी से पर करता है।' अर्थात इस रणनीति के तहत चीन ने, भारत के खिलाफ, पाकिस्तान को 'किराए की छुरी' के तौर पर इस्तेमाल किया। इस तरह ऑपरेशन सिंदूर संघर्ष के दौरान भारत को एक साथ तीन दुश्मनों- पाकिस्तान, चीन और तुर्किए से लड़ना पड़ा। ये तीनों ही देश 'भारत के दुश्मन' साबित हुए और भविष्य में भारत का विरोध करते रहेंगे, यह बिल्कुल तय है। लिहाजा हमें अपनी सैन्य तैयारियां उसी स्तर की करनी होंगी। सेना ऐसा कर भी रही है। पाकिस्तान के पास जो हथियार, विमान हैं, उनमें से करीब 80 फीसद से अधिक चीन ने उसे बेचे अथवा उधार पर मुहैया कराये हैं। तुर्किए ने पाकिस्तान को आधुनिक ड्रोन ही नहीं दिए, बल्कि उसके लड़ाकों और पायलटों ने भी पाकिस्तान की ओर से संघर्ष में शिरकत की, लेकिन न तो चीन और न ही तुर्किए संघर्ष की दशा और दिशा बदल सके। भारत के हवाई हमलों ने चीन की मिसाइलें और तुर्किए के ड्रोन, हवा में ही 'हवा-हवाई' हो गये। पाकिस्तान के जितने एयरबेस और उधार के लड़ाकू विमानों को हमारी सेना ने बर्बाद किये उनका खुलासा धीरे-धीरे दुनिया के सामने आ रहा है। पाकिस्तान सैन्य रूप से कब तक हमलावर की स्थिति में लौट पाएगा, इसमें सालों भी लग सकते हैं। उप सेना प्रमुख ने ये तमाम खुलासे उद्योगपतियों के संगठन फिक्की के मंच से किए। उन्होंने वह मंच ही क्यों चुना? क्या निवेश का आह्वान किया जाना था? क्या सरकार के शीर्ष स्तरों से उन्हें यह काम करने का दायित्व सौंपा गया? कई सवाल हैं।
भारतीय सेना तीन मोर्चों पर एक साथ लड़ी, यह खुलासा मीडिया के जरिए देश के सामने आ चुका था। देश के दुश्मन तीन देश ही नहीं हैं, बल्कि बांग्लादेश में तुर्किए और चीन नये रणनीतिक मोर्चे बनाने की योजना पर विचार कर रहे हैं। आज का बांग्लादेश भारत-विरोधी है। क्या भविष्य में भारत को कई मोर्चों पर लड़ाई लड़नी पड़ सकती है? क्या हमारी उतनी बहुआयामी सैन्य तैयारियां हैं? ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली की अहमियत को उजागर किया है। चूंकि चीन खुफिया सूचनाओं के संदर्भ में पाकिस्तान की मदद भविष्य में भी करेगा, ऐसे में हमें मजबूत और आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली की जरूरत है, जो दुश्मन की निगरानी और उसके हमलों को रोक सके। भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौती भी मिल रही है और बड़े देश हमें समर्थन में भी हैं। कूटनीतिक समर्थन एक बात है, लेकिन भारत को अपनी लड़ाई खुद लड़नी है। इसलिए हमारी सुरक्षा तैयारियां बहुआयामी होनी चाहिए।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

इतिहासकार डॉ. मीनाक्षी जैन, पूर्व राजनयिक हर्ष श्रृंगला, वरिष्ठ अधिवक्ता उज्ज्वल निकम, समाज सेवी सी सदानंद मास्टर जी, को राज्यसभा में मनोनीत किये जाने पर हार्दिक बधाई। सीएम योगी.



चुनाव रोल रिवीजन लोकतांत्रिक प्रकिया का हिस्सा है, यह एन आर सी नहीं है। स्वच्छ निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए मतदाता के सत्यापन के लिए यह है। चिराग पासवान.



सरकार से आग्रह है कि वह बारिश को गंभीरता से ले। सही प्रशासनिक प्रयासों से हादसा टाला जा सकता है, सरकार की बदइंतजामी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। अखिलेश यादव



# मनुष्य की खूबियां

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्लयुद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

अंतर्दृष्टि

# रामगढ़ में ग्राउंड जीरो से...

व्यंग्यलोक

आइये रामगढ़ किंग खबर जी! वेलकम बैक टू कहकहा-ए-गब्बर! कार्यक्रम में आपका स्वागत है। एक जोरदार चीत्कार उड़ी है। न्यूज चैनल 'कल सबको खा जाऊंगा' (केएसकेजे) ने रामगढ़ जंगल के ग्राउंड जीरो पर अपनी पंचायत जोड़ रखी है। खादी कुर्ता-पाजामा धारण किए। गब्बर का प्रवेश होता है। पहाड़ियों में सांय-सांय की आवाज। बिल्ली, चमगादड़, कुत्तों के रोने की मिक्सिंग! गब्बर हर दिशा में हाथ जोड़ता, चट्टान पर बैठता है। एंकरनी को बहुत गर्मी लग रही है, उसने अत्यंत न्यून कपड़े धारण किए हैं। एंकर न्यूज कुमार को बहुत ठंड लग रही है। उसने थ्री पीस कोट, सूट, टाई, बेल्ट, मौजे, जूते आदि यंत्रों से अपने शरीर को पूरा ढका हुआ है। पहाड़ी पर रिमझिम बरसात हो रही है। गब्बर सहित सभी डाकू-गण अबके बरस सावन में... टाइप का गीत गा रहे हैं।



राम विलास जॉगिड़

गब्बर से वार्ता के लिए एंकरनी ने चीत्कारा- तो गब्बर जी, आपको कैसा लग रहा है? आप पिछले 80 वर्षों से डाकू की प्रख्यात पदवी पर बैठे हैं। चीत्कार से गब्बर घबराया। कहने लगा- प्लीज! धीरे बोलिए मुझे डर लग रहा है। कहां मेरी डाकू की शहंशाही पदवी? यह सब छूट गई है। जब बड़े-बड़े नेता को देखता हूं तो मेरा पसीना छूट जाता है। कुर्सी पर बैठे, एयर कंडीशनर में लेटे मंत्रीजी को डाका डालते देखता हूं, तो सिहर उठता हूं। सात समंदर पार हैकरों को बड़े-बड़े बैंकों और सरकारों के खजाने पर डाका डालते देखता हूं, तो मेरी रूह कांप उठती है। तभी एंकर न्यूज कुमार ने चीख कर कहा- लेकिन फिर भी आपका डाका डालने का अंदाज बहुत जोरदार था। आप चीखते थे, तो 50-50 कोस दूर... ! तब गब्बर ने हाथ जोड़े। कहा- श्रीमान जी! मुझे आपसे बहुत डर लग रहा है। कृपया धीरे बोलें! कहां मेरा डाका डालने का अंदाज! मुझे बाकायदा पहले सूचित करना होता था। मुंह पर पर्दा लगाना होता था। काली वर्दी पहननी होती थी। आज के इंसानों को देखता हूं, तो ये सारी बातें हवा हो जाती हैं। इस चालू काल के डाकुओं के पास न कोई मान है न मर्यादा! न कोई इज्जत है न आबरू! घर बैठे, बिस्तर लेटे, बाथरूम करते-करते ही डाके डाल देते हैं। मैंने खुद अपने डाकू गैंग सहित इन सभ्य डाकू बंधुओं के आगे आत्मसमर्पण कर, ये खादी खद्दर वाली टोपी धारण कर ली है। अब अरबों-खरबों लूटने का कार्यक्रम यहीं से किया जाता है। डाकू व्यवसाय का का यह नया वेरिएंट मुझे बहुत पसंद आया है। तभी एंकरी बाई ने संपूर्ण शरीर से चीखा- ब्रेकिंग न्यूज! ब्रेकिंग न्यूज!! अभी-अभी खबर मिली है कि एक मंत्री ने अस्थि विसर्जन प्रबंधन में घोटाला कर पांच हजार करोड़ रुपयों का डाका डाल दिया है। न्यूज सुनकर डाकूराज गब्बर ने साष्टांग प्रणाम किया।

# अंतरिक्ष अभियानों से खुलेंगे आकाशगंगा के रहस्य



विज्ञान

आसमान में शक्ति और शिव का मिलना खगोल विज्ञान के क्षेत्र में निःसंदेह एक क्रांतिकारी घटना है। तारों के समूह के इस अतिप्राचीन श्रृंखला का हिंदू देवी-देवता के नाम पर शिव और शक्ति नामित करने के भी गहरे निहितार्थ हैं। हिंदू वांग्मय में शिव और शक्ति के मिलन से ब्रह्मांड की उत्पत्ति का विवरण मिलता है। सृजन और ब्रह्मांड के गठन का प्रतीक यह नामकरण आकाशगंगा की लौकिक कथा में भारतीय दर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका दर्शाता है। सितारों के दो नए समूह शृंखला शिव और शक्ति के मिलने के बाद अब हम अपनी आकाशगंगा और बह्मांड के कई गूढ़ रहस्यों को जान सकेंगें। ये तारा समूह आकाशगंगा की प्राचीन वंशावली का मानचित्रण करते हैं। नये भारत में खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान या लाइफ साइंसेज जितना लोकप्रिय विषय नहीं रहा। माना जाता है कि यह आम जीवन को सीधे सीधे प्रभवित नहीं करता। इसलिए इस क्षेत्र की बड़ी से बड़ी खोजों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती और बहुधा नक्षत्र या ज्योतिष विज्ञान तक पहुंचकर ऐसी चर्चाओं की इतिश्री हो जाती है।

आमधारणा है कि जीवन संभावना से रहित किसी ग्रह, नये सितारे, उसके व्यवहार, क्रिया कलापों की खोज अथवा फिर उनके नामकरण से हमें आखिर क्या हासिल होने वाला है? आकाशगंगा के शोध अध्ययन से जो भी निकलेगा वह मात्र खगोल संबंधी, वायवीय और सैद्धांतिक होगा, व्यवहारिक नहीं। पर ऐसा नहीं है। इस संदर्भ में मात्र इतना ही कहना पर्याप्त है कि आकाशगंगाएं तारों की एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जिन सामग्री या तत्वों का पुनर्चक्रण करती हैं, उनके और इस पुनर्चक्रण की क्रिया के बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। आकाशगंगाएं हमारा आकाशीय घर हैं, हमारी उत्पत्ति और उद्भव की मूल हैं। हमें अपनी जड़ों को जहां तक हो, जानना चाहिए। आकाशगंगाओं के अध्ययन से हम ब्रह्मांड की प्रकृति के अलावा यह भी जान पाते हैं कि ब्रह्मांड में पदार्थ बड़े पैमाने पर कैसे व्यवस्थित रहता है? आकाश गंगाओं का इतिहास हमें बताएगा कि वर्तमान आकाशगंगा और उसका संगठन पुरानी आकाश गंगा से क्यों और कैसे भिन्न है? आकाशगंगा में स्थित तारों की आबादी की घटत-बढ़त का पता लगाने से तारों के विलय, जन्मने या मर जाने का पता चलता है। 100 अरब आकाशगंगाओं वाली इस अंतरिक्ष प्रणाली में गुरुत्वाकर्षण से बंधे अरबों तारे, तारकीय अवशेष, धूल, अंततारकीय गैस और ब्लैक मैटर मौजूद हैं। पृथ्वी के आकार के कम से कम 17 अरब क्षुद्र ग्रह आकाशगंगा में रहते हैं और हम अपनी आकाशगंगा की विकास प्रक्रिया को जानने के बाद इसे दूसरी आकाश गंगाओं पर लागू करके देख सकते हैं कि यह प्रक्रिया उन पर कैसे काम करती है। इन संदर्भों में देखें तो जर्मनी के मैक्स प्लांक इंस्टिट्यूट में खगोलविद ख्याति मल्हान द्वारा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गाइया टेलीस्कोप से पुरानी सितारों की दो श्रृंखलाओं शिव और शक्ति की खोज का महत्व समझ में आता है।

'एस्ट्रोफिजिकल' नामक पत्रिका में प्रकाशित शोधपत्र बताता है कि हमारे सूर्य से एक-एक करोड़ गुना ज्यादा भार वाली ये दोनों शिव और शक्ति शृंखलाएं 12 से 13 अरब साल पुरानी हैं। बिग-बैंग से आकाशगंगाओं का निर्माण भी 13.8 अरब पहले आरंभ हुआ था, इस लिहाज से ये तकरीबन नई आकाशगंगा के निर्माण की समकालीन हुईं। ऐसे में हमारी आकाशगंगा कैसे बनी यह रहस्य जाना जा सकेगा? आकाशगंगा के केंद्र से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित शिव और शक्ति दो धाराएं हैं। शिव केंद्र के पास है, जबकि शक्ति समूह दूर। माना जाता है कि बड़ी आकाश गंगा का निर्माण छोटी आकाशगंगाओं के टकराने से होता है। टक्कर में तारे नहीं टकराते बल्कि तारों का समूह मिलता है और छोटी आकाशगंगा का बड़ी में विलय हो जाता है। ज्यादातर सितारे विलय के बावजूद मूल आकाशगंगा की कोणीय गति और दिशा से जुड़े बुनियादी गुण बनाए रखते हैं, सितारों की स्थिति, दूरियां और गति का आंकलन करने से पता चला कि शिव और शक्ति दो अलग-अलग आकाशगंगाओं के अवशेष हैं, जिन्होंने मिलकर संभवतः हमारी पृथ्वी की आकाशगंगा मंदाकिनी के निर्माण में महती भूमिका निभाई। शोधकताओं ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गाइया दूरबीन से उपलब्ध कराए गए डाटा और यूएस स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे के आंकड़ें का मिलान करने पर पाया कि शिव और शक्ति के तारों की कोणीय गति आकाशगंगा के केंद्र में स्थित तारों की तुलना में अधिक है। नए तारों में धात्विक तत्व अधिक होते हैं, जबकि इनमें बहुत कम था सो जाहिर है इनका निर्माण बहुत समय पहले हुआ होगा। **संजय श्रीवास्तव.**

## आप की बात

### विवेकपूर्ण जनसंख्या जरूरी

देश बढ़ती जनसंख्या के बोझ से दब रहा है। इसलिए देश में विवेक पूर्ण जनसंख्या हमारी जरूरत है अन्यथा देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आज देश की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की आबादी अधिक तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं।
ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है। भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दो फाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्प संख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है। जैन, पारसी, ईसाई, बौद्ध, सिख समुदाय भी अल्पसंख्यक वर्ग में आते हैं। देश में पारसियों की आबादी तो करीब 57000 बताई जाती है, लेकिन उन्होंने अपने अधिकारों के लिए कभी भी जन-आंदोलन नहीं छेड़े। मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ती रही है, जो चिंता का विषय है।

**प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.**

### ऐतिहासिक उपलब्धियां

चार ट्रिलियन डॉलर के शिखर पर देश की अर्थव्यवस्था का पहुंचना पूरे देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। चार ट्रिलियल के शिखर पर पहुंचने के बाद अब भारत उस लक्ष्य के भी बहुत निकट आ गया है, जब जीडीपी आकार के मामले में 4.4 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान और 4.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत आगे निकल जायेगा और पांच ट्रिलियन के लक्ष्य को अगले तीन साल में प्राप्त कर लेगा। जीडीपी किसी देश की ठोस उपलब्धि होती है जिससे नागरिकों के जीवन में आमूलचूल बदलाव आता है। इसलिए जीडीपी का बढ़ना इस बात की गारंटी है कि भविष्य में शिक्षा का स्तर भी सुधरेगा, उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, सरकार कल्याणकारी कार्यक्रमों में और अधिक संसाधन लगा पायेगी, रोजगार के मौके बढ़ेंगे।

**आशुतोष कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी नहीं हो सकी चयन बैठक

सोहावल-अयोध्या।विकास खण्ड क्षेत्र की देवराकोट के मुबारक गंज सरकारी सस्ते गल्ले (कोटे) के दुकान की चयन बैठक जिला अधिकारी के आदेश के बावजूद नहीं हो पाई। आदेश का अनुपालन कराने में आपूर्ति और विकास विभाग को पसीना आ रहा है। दोनों विभाग इसके लिए एक दूसरे पर दोषारोपण कर हाथ खड़ा कर रहे है।

कोटेदार की मौत से खाली हुई इस दुकान के कोटेदार की चयन प्रक्रिया महीना भर से केवल कागजों में दौड़ रही है। परेशान ग्रामीण हर सप्ताह अर्जी लेकर डीएम का दरवाजा खटखटा रहे है। अब तक दो बार का आदेश अभी दफ्तरों का चक्कर लगा रहा है।खण्ड विकास कार्यालय कहता है कि अभी हमें आदेश मिला नहीं तो आपूर्ति विभाग की क्षेत्रीय निरीक्षक कहती हैं कि गांव में चयन बैठक विकास खण्ड को कराना है। हमारी भूमिका केवल सहयोगी की है।पिछले कई माह से गांव के राशन कार्ड धारक पड़ोसी गांव में अटैच की गई राशन की 5 किलोमीटर दूर दुकान से राशन ला रहे हैं।

# गोसाईगंज में बनेगा नया आरओबी

## अयोध्या के विकास को नयी गति प्रदान करेगा

जिला संवाददाता

अयोध्या। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार अयोध्या को विश्व स्तरीय तीर्थ और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए यातायात सुविधाओं को सुदृढ़ करने में जुटी है। इसी कड़ी में गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में एक नए रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण की योजना तैयार की गई है।

- महबूबगंज-गोसाईगंज मार्ग पर पश्चिमी रेलवे फाटक संख्या 94 पर बनेगा उपरिगामी पुल
- परियोजना पर आएगी 850 करोड़ लागत, सेतु निगम ने भेजा डीपीआर
- 750 मीटर की लंबाई में दो लेन बनाने का है प्रस्ताव

यह उपरगामी पुल महबूबगंज-गोसाईगंज मार्ग पर पश्चिमी रेलवे फाटक संख्या 94 पर बनाया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 850 करोड़ रुपये है, और इसके लिए सेतु निगम ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर मुख्यालय भेज दी है। प्रस्ताव के अनुसार इस आरओबी की लंबाई 750 मीटर होगी और इसमें दो लेन होंगी, जो क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाएंगे।इस परियोजना का उद्देश्य अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ते यातायात दबाव को कम करना और स्थानीय लोगों के साथ-साथ तीर्थयात्रियों के लिए आवागमन को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना है। गोसाईगंज क्षेत्र में रेलवे फाटक पर अक्सर जाम की स्थिति रहती है, जिससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों को असुविधा होती है। यह नया आरओबी न केवल यातायात की समस्या को हल करेगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा।

योगी सरकार ने अयोध्या में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

हाल ही में दर्शननगर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण पूरा हुआ, जिसकी लागत 104.46 करोड़ रुपये थी। यह आरओबी 15 अप्रैल 2025 को आम जनता के लिए खोला गया, जिससे अयोध्या में कनेक्टिविटी में सुधार हुआ। इसके अलावा, फतेहगंज, सूर्य कुण्ड, टेढ़ी बाजार और बड़ी बुआ (उदया चैराहा) में भी आरओबी बनाए गए हैं, जो अयोध्या की यातायात व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये परियोजनाएं न केवल स्थानीय लोगों के लिए आवागमन को आसान बना रही हैं, बल्कि अयोध्या को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक आधुनिक शहर के रूप में स्थापित करने में भी योगदान दे रही हैं।

नए आरओबी और अन्य यातायात परियोजनाओं से अयोध्या में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। योगी सरकार की ये पहल अयोध्या को न केवल एक तीर्थस्थल बल्कि एक आधुनिक और सुगम यातायात वाला शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सेतु निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजी गई है। यह नया रेलवे ओवरब्रिज गोसाईगंज के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात होगा और अयोध्या के विकास को नई गति प्रदान करेगा।

## 2027 के चुनाव में भाजपा का राम-राम सत्य कर देगी जनताः अवधेश



जिला संवाददाता

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि 2027 में भाजपा सरकार एक सपना हो जाएगी और एक कहानी बनकर रह जाएगी कि उत्तर प्रदेश में कभी बीजेपी की सरकार थी, उन्होंने कहा कि आगामी 2027 के चुनाव में जनता भी भाजपा की राम-राम सत्य कर देगी।

यह बाते रामनगरी अयोध्या में समाजवादी पार्टी द्वारा 26 जुलाई को फॉरएवर लॉन में आयोजित पीडीए महासम्मेलन को लेकर की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने प्रेसवार्ता के दौरान कही,उन्होंने कहा इसी दिन संविधान स्तंभ स्थापना दिवस है, इस दिन आरक्षण बचाओ और पीडीए का महासम्मेलन आयोजित होगा, यह सम्मेलन ऐतिहासिक होगा,भाजपा सरकार के खात्मे में ये सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा,यह सम्मेलन आज समय पर हो रहा है जब पूरे प्रदेश में तबाही और बबार्दी आई है, किसान परेशान है नौजवान परेशान है, आरक्षण को पूरी तरह से खत्म किया जा रहा है, सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में बेंचा जा रहा है, बिजली विभाग की संपदा 80 हजार करोड़ की है इसको 10 हजार करोड़ में बेचने की तैयारी की जा रही है।इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, अनूप सिंह, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, बख्तियार खान मौजूद रहे।

## कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया की अध्यक्षता मे संगठन सृजन अभियान की बैठक सम्पन्न



बाराबंकी।विकासखण्ड बंकी व देवां में संगठन सृजन अभियान 2025 की बैठक मुख्य अतिथि काग्रेस सांसद तनुज पुनिया की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रुप जिला प्रभारी ममता चैधरी मौजूद रही। बैठक में मुख्य अतिथि काग्रेस सांसद श्री पुनिया ने कहा कि अभियान के अन्तर्गत जो जोश नौयुवाओं में नजर आ रहा है।उसके साथ साथ बुद्धजीवी वर्गों का मार्ग दर्शन जरूरी है।क्योंकि जोश के साथ होश जहां पर भी होता है वह कार्य पूर्णता सफल एवं विजय का प्रतीक होता है। बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षित हो संगठित हो और संघर्ष करो तभी समाज में उत्थान हो सकता है। अर्थात संगठन हो या समाज इन विचार धाराओं को अमल करना ही सफलता की कुंजी है।कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि आज देश का नौजवान बेरोजगार लाचार वर्तमान सरकार में नजर आ रहा है। इतिहास इस बात का गवाह है कि, कोई भी लड़ाई बिना नौजवानों के जोश के नही जीती गई है।बैठक मे अखिलेश वर्मा, अनुराग यादव, रमेश कश्यप, प्रदीप वर्मा, आनन्द गौतम, मोहम्मद मियां, मोहम्मद फरीद, मोहम्मद इजहार, हिमांशु गोस्वामी, अवधराम वर्मा, मोहम्मद रईस प्रधान, सुशील मिश्रा मौजूद रहे।

## सुढियामऊ रेलवे स्टेशन में यात्रियो में मिष्ठान-जल वितरण



बाराबंकी।जल ही जीवन है यह कहावत धर्मसेवक नें प्यासे रेल यात्रियों को मिष्ठान सहित जल वितरण कर चरितार्थ किया है। उक्त विचार धर्मजागरण बाराबंकीधाम उ0प्र0 संयोजक अमित अवस्थी के नेतृत्व मे सुढियामऊ रेलवे स्टेशन पर यात्रियो मे मिष्ठान-जल वितरण कर रहे धर्मसेवको के बीच सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश चंद शुक्ल ने व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रतियोग रावत, अर्जुन कुमार, सालिक राम वर्मा, अभिषेक कुमार वर्मा, रामकिशोर पांडे, कुलदीप वर्मा, शशिकांत शुक्ल, लवकुश यादव, बैजनाथ वर्मा, सत्यवान, राकेश चंद्र रावत, रंजीत वर्मा मौजूद रहे।

## सामान्य प्रक्रिया के तहत हुआ बीडीओ जरवल का सथानान्तरणः सीडीओ

बहराइच । मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि सोशल मीडिया/अन्य माध्यमों से इस प्रकार की भ्रामक खबर प्रचारित की जा रही कि सोशल मीडिया पत्रकार श्री अशोक मिश्रा अन्ना के विरूद्ध खण्ड विकास अधिकारी जरवल द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज कराये जाने पर उनके विरूद्ध उच्चाधिकारियों से शिकायत किये जाने पर उनका स्थानान्तरण विकास खण्ड जरवल (बहराइच) से आयुक्त ग्राम्य विकास उ.प्र. द्वारा लखनऊ कर दिया गया है।सीडीओ श्री चन्द्र ने स्पष्ट किया है कि इस आशय की न तो कोई जानकारी शासन द्वारा चाही गई थी और न ही जनपद स्तर से इस प्रकार की कोई आख्या शासन को प्रेषित की गई थी।खण्ड विकास अधिकारी जरवल का स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया के तहत हुआ है।

## 14 जुलाई को राजकीय आईटीआई में आयोजित होगा वृहद रोजगार मेला

जिला संवाददाता

बहराइच । विश्व युवा कौशल दिवस की पूर्व संध्या पर कौशल प्रशिक्षित, आईटीआई उर्तीण तथा रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत/गैर पंजीकृत युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कौशल विकास, राजकीय आईटीआई तथा जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 14 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से राजकीय आईटीआई परिसर, निकट चैपाल सागर नानपारा रोड बहराइच में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के 20 से अधिक प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सह नोडल अधिकारी/जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में वेलस्पन, सिंटेक्स, सैमसंग इंडिया, डिक्सन, जीवन बीमा निगम, पी.एम. एंटरप्राइजेज, चैतन्य इंडिया, क्वैसकॉर्प, यंग इण्डिया, ब्राइट फयूचर आर्गेनिक हर्बल एव आयुर्वेदिक प्रा.लि. सहित अन्य प्रतिभागी कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से अर्ह एवं योग्य युवक-युवतियों का चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के फोटो के साथ 14 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे राजकीय आईटीआई परिसर बहराइच में उपस्थित होकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं। श्री कुमार ने जिले के युवक-युवतियों का आहवान किया है अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर आयोजन का भरपूर लाभ उठायें।

# मजदूर किसानों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है भाजपा सरकारः दान बहादुर सिंह

अयोध्या। समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी पर शिक्षक सभा की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आहुत की गयी, जिसका संचालन महासचिव डॉ. घनश्याम यादव ने किया एवं मुख्य अतिथि के रूप में पारसनाथ यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी उपस्थित रहे।बैठक को सम्बोधित करते हुए पारसनाथ यादव ने कहा ह्यह्यशिक्षक सभा नेताजी मुलायम सिंह यादव के नाम पर जो सम्मान प्रदान करती है इसके लिए दान बहादुर सिंह एवं उनकी पूरी कमेटी तथा सम्मान संस्थापक मा0 तेज नारायण पाण्डेय जी बधाई के पात्र हैं क्योंकि शिक्षक सभा बिना किसी भेदभाव के योग्य शिक्षकों का चयन करती है।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रकोष्ठ अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने कहा वर्तमान सरकार पूरी शिक्षा व्यवस्था को निजी क्षेत्र को सौंप कर गरीब मजदूर किसानों के बच्चों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है। बैठक में 4 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाले ह्यह्यमुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान 2025ह्णह्ण के लिए ग्यारह सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया। जो प्राप्त बायोडाटा के माध्यम से पांच योग्य शिक्षक/शिक्षिकाओं का चयन करके, जिलाध्यक्ष को रिपोर्ट सौपेंगी। चयन समिति में डॉ. घनश्याम यादव, विमल सिंह यादव, तहसीलदार सिंह, दल सिंगार गौड, आनन्द शुक्ला, डॉ० हनुमान प्रसाद मिश्र, सन्त प्रसाद मिश्रा, सुरेश कुमार, जे पी चैरासिया, प्रभाकर सिंह एवं प्रदीप कुमार तिवारी है। शिक्षक/शिक्षिकायें अपने बायोडाटा




व्हाट्सप नम्बर-9415716324 पर भी भेज सकते है। बैठक को विमल सिंह यादव, रामकैलाश यादव, अवनीश प्रताप सिंह, रमेश सिंह, दल सिंगार गौड, जय प्रकाश चैरसिया, जगप्रसाद यादव, रामचेत यादव, रणधीर सिंह, प्रदीप तिवारी एवं अनिल मिश्र ने भी सम्बोधित किया। आज की बैठक में समाजवादी शिक्षक सभा में चन्द्रभान यादव को जिला उपाध्यक्ष तथा कौशलेन्द्र सिंह को जिला सचिव के रूप में मनोनीत किया गया और उन से पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार की अपेक्षा की गयी। बैठक में संजय तिवारी, दिनेश कुमार तिवारी, मो0 आलम, तहसीलदार सिंह, श्री नारायण द्विवेदी, विजय यादव तथा अशोक कुमार साहनी भी उपस्थित रहे।

# सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का अल्पसंख्यक हित सिर्फ एक चुनावी मुद्दा थाः वसीम राईन

जिला संवाददाता

बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की मुसलमानों के प्रति कथित हमदर्दी सिर्फ कैमरे और मंचों तक सीमित रही है। उनकी 5 वर्षीय सरकार में अल्पसंख्यकों के नाम पर बड़ी-बड़ी घोषणाएँ तो खूब हुईं। मगर हकीकत यह है कि अल्पसंख्यक कल्याण से जुड़ी एक भी बैठक उन्होंने अपनी सरकार में नहीं की। यह क्या साबित करता है? कि अल्पसंख्यक हित सिर्फ एक चुनावी मुद्दा था। जमीन पर न नीयत थी, न ईमानदारी। उक्त प्रतिक्रिया आल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने व्यक्त किये। उन्होने आगे कहा कि सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अखिलेश यादव ने पसमान्दा मुसलमानों को सिर्फ ह्यबोट बैंकह्ण समझा। जब सत्ता मिली, तो दरी बिछाने और नारे लगाने से आगे उन्हें कोई भागीदारी नहीं दी गई। सत्ता, सदन और संगठन तीनों जगहों पर जो चेहरे नजर आए वो वही थे जो ऊँचे सामाजिक तबकों से आते हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने कहा कि अखिलेश यादव की सरकार में कितने पसमादा मुसलमान मंत्री बने? कितने जिलाध्यक्ष, विधानसभा टिकट या संगठनात्मक पद ऐसे लोगों को मिले जो जमीन से आए, जो दर्जी, नाई, बुनकर, हलवाई, लोहार, कासगर,

- भागीदारी, संगठन में प्रतिनिधित्व, जमीनी मुद्दों पर ठोस काम, अब पसमादा की प्राथमिकता



मल्लाह, धोबी या मोची समुदाय से थे? क्या सिर्फ ऊँची जातियों के नाम बदलकर उन्हें मुसलमान कह देने से हम सबका प्रतिनिधित्व पूरा हो गया? उन्होंने कहा कि हम अखिलेश यादव जैसे नेताओं को यह साफ संदेश देना चाहते हैं कि अब दिखावटी हमदर्दी से काम नहीं चलेगा। सत्ता में भागीदारी, संगठन में प्रतिनिधित्व और जमीनी मुद्दों पर ठोस काम, यही अब हमारी प्राथमिकता है। जो दल यह नहीं समझेगा, वह पसमान्दा समाज की आवाज खो देगा।

## जनवादी लेखक संघ की हुई बैठक

अयोध्या। जनवादी लेखक संघ की फैजाबाद इकाई की मासिक बैठक रविवार को जलेस के संयुक्त सचिव एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव के कार्यालय पर आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष मो. जफर ने की और संचालन कोषाध्यक्ष/कार्यकारी सचिव मुजम्मिल फिदा ने किया। सबसे पहले सचिव डॉ. विशाल श्रीवास्तव और कोषाध्यक्ष मुजम्मिल फिदा द्वारा पिछली बैठक के निर्णयों की पुष्टि की गई और संगठन के बजट और व्यय का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत बैठक में चर्चा के मुख्य विषय के रूप में आगामी राष्ट्रीय सम्मेलन बांदा में प्रतिभाग और उस हेतु सहयोग राशि की व्यवस्था के संबंध में बातचीत की गई।

सभी सदस्यों की सहमति से आगामी ३१ जुलाई को प्रेमचंद जयंती पर एक आयोजन किए जाने का निश्चय किया गया।

# निरीक्षण आख्या उपलब्ध न कराने वाले अधिकारियों का वेतन हुआ बाधित

बहराइच ।जिलाधिकारी मोनिका रानी कि अध्यक्षता में शनिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण विन्दुओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

श्रावण मास अन्तर्गत कावड़ यात्रा, मुख्य पर्व श्रावण शिवरात्रि, प्रत्येक सोमवार, श्रावण मास की पूर्णिमा के अवसर पर मन्दिरों, घाटों तथा कावड़ मार्गों की आवश्यक साफ-सफाई, मार्गों की आवश्यक मरम्मत तथा प्रकाश व्यवस्था के माकूल बन्दोबस्त करने के निर्देश दिये गये। उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों पर बैरीकेडिंग तथा गहरे पानी में संकेतांक लगवा दें ताकि अप्रिय घटना न होने पाये। श्रावण मास के दृष्टिगत घाटों,



मंदिरों, कांवड़ मार्गो पर आवश्यक प्रबंध की समीक्षा के दौरान निरीक्षण आख्या न उपलब्ध कराने वाले अधिकारियों पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अग्रिम आदेशों तक वेतन बाधित करने का निर्देश दिया।

डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि कोई भी विभाग यदि मेरे स्तर से अपने विभागीय योजनाओं के सत्यापन के लिए आदेश कराता है और निर्धारित समय में सत्यापन आख्या प्राप्त नहीं होती है तो संबंधित विभाग द्वारा सत्यापनकर्ता अधिकारी का वेतन बाधित करने से सम्बन्धित पत्रावली मेरे समक्ष प्रस्तुत की जाये।आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा में पाया गया कि बाल विकास पुष्टाहर, पिछड़ा वर्ग कल्याण, परिवहन, जल निगम व माध्यमिक शिक्षा विभाग का निस्तारण 70 प्रतिशत से कम है और असंतुष्टि भी अधिक है। इस स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों का वेतन बाधित करने का निर्देश दिया। प्लास्टिक मैनेजमेंट इकाई की स्थापना, पंचायत उत्सव व अंत्येष्टि स्थल निर्माण की समीक्षा के दौरान डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि प्रयास कर प्रगति में अपेक्षित सुधार लायें।

बैठक के दौरान अंत्योदय राशन कार्डों का सत्यापन एवं जीरो पावरटी अभियान तथा अन्नपूर्णा भवन निर्माण की समीक्षा के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## बहराइच में मादा तेंदुए का शव मिला

जिला संवाददाता



बहराइच । जिले में स्थित कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार में करीब दो वर्षीय एक मादा तेंदुए का शव बरामद किया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को तेंदुए का शव निशानगाढ़ा के आजमगढ़पुरवा गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर ग्रामीणों ने देखा और उसकी सूचना दी। वन रेंज अधिकारी एस.के. श्रीवास्तव, वनपाल मनीष कुमार समेत कई अन्य मौके पर पहुंचे और गहन जांच शुरू की। तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित थे, ऐसे में अधिकारियों ने शिकार की आशंका को खारिज किया है।

अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल के पास किसी वन्य बड़े जीव के पंजों के निशान मिले हैं, जिससे आपसी संघर्ष का संदेह जताया जा रहा है। विभागीय अधिकारी व संबंधित संस्थाएं प्रकरण की जांच कर रही हैं और मृत तेंदए का पोस्टमार्टम कराया गया है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दीपक वर्मा ने बताया कि तेंदुए की मौत सिर पर गहरी चोट और दांत व पंजों के हमले के कारण हुई है। ये घाव संभवतः किसी बड़े तेंदुए से संघर्ष के दौरान लगे होंगे। विसरा सुरक्षित कर लिया गया है, इसे जांच हेतु आईवीआरआई बरेली भेजा जाएगा।

इस साल की शुरुआत से अब तक कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के अलग-अलग क्षेत्रों में पांच तेंदुए, एक बाघ और एक हाथी मृत मिल चुके हैं। शनिवार को तेंदुए की मौत की छठी घटना सामने आई है। इससे पूर्व 2024 में भी यहां चार तेंदुए और एक बाघ मृत मिले थे।

अनुमान के मुताबिक मौजूदा समय में कतर्नियाघाट के जंगलों में लगभग 100 तेंदुए और 70-80 बाघ हैं। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग करीब 550 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।

## कृषि मंत्री ने की धान की रोपाई, लगाये छायादार पौधे



अयोध्या। कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही शनिवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज पहुंचे। यहां मंत्री ने वृहद वृक्षारोपण महाअभियान में हिस्सा लिया। नेहरू पुस्तकालय के सामने लगभग दो हेक्टेयर क्षेत्र में पौधे लगाए गए। इस अभियान का शुभारंभ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह व मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने महोगनी एवं फलदार पौधों को लगाकर किया। विवि के समस्त शिक्षकों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने लगभग 2000 हजार पौधों को लगाया। इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मां के प्रति सम्मान एवं प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को समर्पित यह अभियान, भावी पीढियों के लिए हरित और सुरक्षित भविष्य की ओर एक सकारात्मक कदम है। कहा कि पौधों को लगाने के साथ-साथ उनका देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि विवि के पर्यावरण में वृहद स्तर पर बदलाव हुआ है। स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण विवि परिवार के लोगों की सकारात्मक विचार का परिणाम है। पौधरोपण के बाद मंत्री बायोटेक्नोलॉजी स्थित टीशू कल्चर लैब पहुंचे। कुलपति ने टीशू कल्चर विधि से केले की तैयार की जा रही पौधों एवं उनके रखरखाव के बारे में मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने नेट हाउस और ग्लास हाउस में रखे केले के पौधों को भी देखा। केले के पौधों की खेप देखकर मंत्री ने विवि द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रशन्नता वयक्त की। मंत्री ने कहा कि केले की अधिक से अधिक पौध किसानों तक पहुंचाना होगा। इस दौरान मंत्री ने मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण किया इसके बाद वे शैक्षिक प्रक्षेत्र पहुंचे। कुलपति व किसानों के साथ मिलकर उन्होंने धान की रोपाई भी की। उन्होंने फसलों की उचित पैदवार के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

- मंत्री ने टिश्यू कल्चर लैब का किया निरीक्षण, केले के पौधों की खेप देखकर जतायी प्रशन्नता

## कार व बाइककी टक्कर में तीन घायल, एक घायल



बहराइच ।जनपद बहराइच के थानाक्षेत्र पयागपुर के गोंडा बहराइच मार्ग पर कार तथा बाइक के आमने-सामने भीषण टक्कर में बाइक चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को पयागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है जिसमें बाइक चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है !

रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे बहराइच की तरफ से आ रही कार जिस पर मात्र दो लोग सवार थे वही बहराइच की तरफ बाइक से जा रहे दिलीप कुमार मिश्रा निवासी पंडित पुरवा चैसार थाना पयागपुर सीधे कार से टकरा गए जिसमें मार्ग के बगल बन रहे सड़क के गढढे में कार व बाइक दोनों जाकर गिरी जिसमे कार चालक आशीष कुमार गुप्ता निवासी रानी बाजार गोंडा तथा उनकी माता गायत्री देवी उम्र 55 वर्ष को भी गंभीर चोटे लगी है सभी घायलों को स्थानीय चिकित्सालय पयागपुर पहुंचाया गया है जहां बाइक चालक दिलीप कुमार मिश्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है !

## डॉ. प्रशान्त पाण्डेय मानद प्रोफेसर की उपाधि से सम्मानित



अयोध्या।का.सु. साकेत महाविद्यालय में गणित विषय के प्राध्यापक डॉ. प्रशान्त पाण्डेय को अमेरिका के अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त साइप्रस यूनिवर्सिटी द्वारा ह्लमानद प्रोफेसरह्व की उपाधि प्रदान की गई है ।यह प्रतिष्ठित उपाधि उन्हें गणित के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय अनुसन्धान, शिक्षण कार्य तथा फ्रॅक्शनल कैलकुलस एवं एप्लाइड मैथेमेटिक्स में उनके अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे योगदान के लिए प्रदान की गई है।

यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे भारतवर्ष के अकादमिक जगत, विशेष रूप से गणित समुदाय के लिए गौरव का विषय है ।डॉ. पाण्डेय की यह उपलब्धि विद्यार्थियों और नवाचार की दिशा में कार्य कर रहे शोधकताओं के लिए एक प्रेरणा स्वरूप है।

उनके मार्गदर्शन और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मापदण्ड स्थापित किया है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी, ऑक्टा अध्यक्ष डॉ. जनमेजय तिवारी सहित समस्त महाविद्यालय परिवार, शिक्षक समुदाय एवं समस्त गणित प्रेमियों की ओर से डॉ. प्रशान्त पाण्डेय को बधाई शुभकामना दी गई।

संक्षेप

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**तिलोई, अमेठी।** थाना क्षेत्र के लखनऊ सुल्तानपुर हाइवे पर रविवार की सुबह लखनऊ सुल्तानपुर राजमार्ग पर चिलौली गांव के निकट स्थित पेट्रोल पंप के पास एक पिकप वाहन खड़ा था जिसे किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसमे सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जहाँ इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गयी। मृत युवक की पहचान अल्तमश सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी बालागंज जनपद लखनऊ के रूप में हुई है। घायल के नाम पता मालूम नहीं हो सका। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्यवाही हैदरगढ़ थाना द्वारा की जाएगी।

## दोस्तपुर में व्यापारी पर हमला, पुलिस ने शुरू की जांच

**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के ब्लॉक चौराहे के पास स्थित एक हिंदू होटल पर खाना खाने के बाद बाहर निकले व्यापार मंडल के कार्यकर्ता मनोज गुप्ता पर शुक्रवार रात तीन युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रानू सिंह नामक युवक और उसके दो अज्ञात साथी शराब के नशे में धुत थे और अचानक मनोज गुप्ता पर टूट पड़े। हमले में मनोज गुप्ता को सिर में गंभीर चोट लगी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें बेहोशी की हालत में दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। फिलहाल उनका इलाज जारी है और स्थिति स्थिर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह के निर्देश पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद है। स्थानीय व्यापारियों में घटना को लेकर आक्रोश है।

## शादी के एक महीने बाद युवक की संदिग्ध हालात में मौत



**मथुरा।** थाना बलदेव क्षेत्र के गांव छौली के समीप मुख्य सड़क पर एक अज्ञात युवक का शव कीचड़ में लथपथ मिला। शव उल्टा पड़ा हुआ था। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। शव मिलने के काफी देर बाद युवक की शिनाख्त गांव अवैरनी निवासी विकास अग्रवाल (35) पुत्र रमेश अग्रवाल के रूप में हुई। मौत को लेकर पुलिस पड़ताल में जुटी हुई है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सीओ संजीव कुमार राय ने बताया युवक की शादी एक माह पहले ही हुई है। युवक गोवर्धन चैराहे पर होटल व्यवसाय का कार्य करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अभी जांच-पड़ताल जारी है। तहरीर नहीं मिली है।

# शिव भक्तों ने निकाला भव्य जुलूस उमड़ा आस्था का सैलाब



**कूरेभार, सुलतानपुर।** सावन माह में शिवभक्तों का उत्साह चरम पर है। रविवार को कूरेभार कस्बे में बाबा बैजनाथ धाम रवाना होने से पहले कावड़ संघ कूरेभार द्वारा भगवान भोलेनाथ की भव्य झांकी निकाली गई,जिससे पूरा कस्बा शिव मय हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत रेलवे स्टेशन के पास स्थित शिव मंदिर में थाना प्रभारी रवींद्र सिंह द्वारा आरती कर की गई। इसके बाद झांकी कस्बे के चारों प्रमुख मार्गों पर भ्रमण करते हुए गीता मंदिर पर समापन की ओर बढ़ी। इस दौरान शिवभक्तों का जोश देखते ही बनता था। ढोल-नगाड़ों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

**सेवा में जुटे रहे सामाजिक संगठन**

झांकी मार्ग में जगह-जगह भक्तों के लिए जलपान व लंगर की व्यवस्था की गई। हनुमानगढ़ी पर कूरेभार प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कसौधन की अगुवाई में सेवा टीम ने व्यवस्थाएं संभालीं। वहीं युवा समाजसेवी लाडिल खान एवं उनकी टीम ने चौक क्षेत्र में कावड़ियों को हलवा वितरित कर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। लक्ष्मी मार्केट और गीता मंदिर परिसर में भी विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते दिखे।

**पुलिस प्रशासन भी रहा मुस्तैद**

श्रृंखला में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए कूरेभार पुलिस पूरे दल-बल के साथ चाक-चौबंद रहे। निगरानी की व्यवस्था में भारी बंदोबस्त किया गया झांकी में शामिल प्रमुख लोगः गौरी शंकर, राजेश कुमार अरुण, रामचंद्र बाबा, छोटेलाल कसौधन, पप्पू डीजे, सुनील गुप्ता, सतीश जायसवाल, अनिल, अनीश, मिथुन, दीप चंद्र अग्रहरि समेत सैकड़ों शिवभक्तों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## विद्यालय में गायत्री परिवार की ओर से हुआ भव्य रुद्राभिषेक

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** सावन माह के पावन अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर दिरा विद्यालय में गायत्री परिवार की ओर से भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस अनुष्ठान में इक्यावन श्रद्धालु जोड़ों ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया। कार्यक्रम में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।



सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर प्रांगण में जुटना शुरू हो गया था। वैदिक आचार्यों के मार्गदर्शन में हवन और रुद्राभिषेक की प्रक्रिया आरंभ हुई। सभी जोड़ों ने पारंपरिक विधियों के अनुसार भगवान शिव का जल, दूध, पंचामृत और बेलपत्र से अभिषेक किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से शांति, सुख-समृद्धि और लोकमंगल की कामना की गई।

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में गायत्री परिवार के कार्यकताओं के साथ-साथ क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकताओं और ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। आयोजन में विजय मोदनवाल, मनीष अग्रहरि, कपिलकांत बरनवाल, मोहित, प्रगेश, विनय शर्मा और अमरनाथ सहित अनेक लोगों ने तन-मन-धन से सहयोग किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया और भजन-कीर्तन के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को अद्भुत, प्रेरणादायक और समाज को आध्यात्मिक दिशा देने वाला बताया।

ग्रामवासियों की बड़ी भागीदारी और युवाओं की सेवा भावना ने इस धार्मिक आयोजन को विशेष बना दिया। अंत में गायत्री परिवार की ओर से सभी सहयोगियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में आयोजित अनुष्ठान में बढ़ रहे साधक



**अमेठी।** गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में चल रहे चालीस दिवसीय अनुष्ठान के चौथे दिन भी साधकों की बड़ी संख्या रही। अनुष्ठान को लेकर क्षेत्र के लोगों में आस्था का जागरण भी हो रहा है। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित जप अनुष्ठान में रविवार को प्रातः से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। जप अनुष्ठान में भागीदारी निभाने वाले साधक ब्रह्म मुहूर्त से ही गायत्री शक्तिपीठ पहुंचकर मंत्र जप में लग जाते हैं। रविवार को गायत्री परिवार के लोगों ने आवास विकास कालोनी में वृक्षारोपण कर लोगों को स्वस्थ्य पर्यावरण का संदेश दिया। जिला युवा समन्वयक डॉ प्रवीण सिंह दीपक ने कहा कि गायत्री परिवार में युवाओं की भूमिका भी बढ़ी है। युवा अध्यात्म में रुचि ले रहे हैं। बताया कि युवाओं में इस उत्साह से आने वाली पीढ़ियाँ भी लाभान्वित होंगी। रविवार को मंत्र जप में शिव प्रसाद तिवारी, महेश बरनवाल, शकुंतला पाण्डेय, बिन्दु सिंह, संगीता शर्मा के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## विजय प्रकाश बने संगठन सचिव

**अमेठी।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजपाल कश्यप ने क्षेत्र के बहोरखा गांव निवासी विजय प्रकाश यादव पूर्व प्रधान को संगठन का प्रदेश सचिव मनोनीत किया प्रदेश सचिव मनोनीत किए जाने पर समर्थकों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए कहा कि पार्टी को मजबूती मिलेगी। सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ राजपाल कश्यप ने शाहगढ़ ब्लॉक के बहोरखा गांव निवासी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विजय प्रकाश यादव के मनोनयन का पत्र जारी करते हुए कहा सपा की नीतियों का प्रचार प्रसार के साथ ही पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करने का निर्देश दिया ।प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर स्थानीय सपाइयों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी और राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया है ।बधाई देने वालों में गिरीश यादव एडवोकेट विजय यादव धर्मराज पाल महेंद्र यादव हनुमान बक्स पासी सत्य नारायण यादव जैनुल हसन केडी सरोज ललित यादव जग प्रसाद यादव हीरालाल यादव अजय कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## परिषदीय विद्यालयों के विलय के विरोध में शिक्षक संगठन ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों के मर्जर/पेयरिंग के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा सदर विधायक राजबाबू उपाध्याय को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय के नेतृत्व में शिक्षकों व पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। शिक्षक संघ का कहना है कि विद्यालयों का विलय केंद्रीय आरटीई एक्ट का उल्लंघन है और इससे ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था को गंभीर नुकसान होगा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आर-पार का संघर्ष होगा। विधायक ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वे स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर शिक्षकों की बात को प्रमुखता से रखेंगे। इस अवसर पर जयसिंहपुर अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह, मंत्री शिव नारायण वर्मा, कूरेभार अध्यक्ष अरुण वर्मा, मोतिगरपुर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, जिला मंत्री राम आशीष मौर्य, दूबेपुर अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिक्षकों का यह प्रयास शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# डॉ शिव बहादुर सिंह भदौरिया जयंती अलंकरण कार्यक्रम होगा आयोजित, तैयारियां प्रारंभ

**लालगंज, रायबरेली।** डॉक्टर शिव बहादुर सिंह भदौरिया जयंती अलंकरण एवं काव्यांजलि समारोह के संबंध में एक आवश्यक प्रेस वार्ता बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित की गईस डॉक्टर शिव बहादुर सिंह भदौरिया बैसवारा के ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष के प्रसिद्ध नवगीतकार थे ।उनके व्यक्तित्व कृतित्व से नई पीढ़ी को भी प्रेरणा मिले, इसलिए काव्यलोक संस्था द्वारा 15 जुलाई को उनका जयंती समारोह नारायण उत्सव लॉन में मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए काव्यालोक संस्था के अध्यक्ष बीएमपीएस के प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष भारतवर्ष के प्रसिद्ध गीतकारों को कार्यक्रम के तहत सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष शिवबहादुर सिंह भदौरिया स्मृति सम्मान डॉक्टर बुद्धिनाथ मिश्र नवगीतकार देहरादून को दिया जा रहा है। प्रोफेसर हरेंद्र बहादुर सिंह स्मृति



सम्मान शैलेंद्र प्रताप सिंह पूर्व पुलिस महानिरीक्षक रनमऊ को दिया जा रहा है ।प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेश नारायण सिंह बच्चा बाबू स्मृति सम्मान दानवीर ठाकुर सुरेंद्र बहादुर सिंह को दिया जा रहा है और सामाजिक कार्यकर्ता सम्मान अवनेंद्र सिंह काव्यालोक परिवार के पूर्व महामंत्री को दिया जाएगा। काव्यांजलि समारोह में प्रसिद्ध व्यंगकार श्लेष गौतम प्रयागराज व प्रदीप महाजन हास्य बाराबंकी, प्रवीण प्रसून गजलकार फतेहपुर भी अपने गीतों से लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। संयोजक विनय भदौरिया ने भी डॉक्टर शिव बहादुर सिंह के विषय में विस्तृत रूप से बताते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक नेता आशीष प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। प्रेस वार्ता मे हरिनाम सिंह संरक्षक व आशीष प्रताप सिंह महामंत्री, विश्वास बहादुर सिंह कोषाध्यक्ष, योगेंद्र प्रताप सिंह व उदय बाजपेई उपस्थित रहे ।

## पांच लाख के जेवर और 45 हजार नकद चोरी

**संग्रामपुर, अमेठी ।** पुन्नपुर गांव में बीते शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर छत के सहारे आंगन में उतरकर दो कमरों के दरवाजों की कुंडी तोड़कर अंदर दाखिल हुए और बक्शे की कुंडी व आलमारी का लॉक तोड़कर उसमें रखे करीब पांच लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहने और 45 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। पीड़ित राम मूरत ने रविवार सुबह संग्रामपुर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि रात लगभग साढ़े नौ बजे खाना खाने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। सुबह पांच बजे जब वह जागे तो देखा कि दोनों कमरे के दरवाजों की कुंडी टूटी हुई थी। कमरे में रखे बक्शे की कुंडी और आलमारी का लॉक टूटा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि उसमें रखे पत्नी, बहू और बेटी के सभी जेवरात गायब थे। साथ ही बेटी के इलाज के लिए रखी गई 45 हजार रुपये की नकदी भी चोरी हो गई। घटना की सूचना पर संग्रामपुर थाने से उपनिरीक्षक राम प्रकाश यादव और विनोद कुमार तिवारी ने मौके पर पहुंच कर घटना की जांच पड़ताल की। एसएचओ बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके की जांच पड़ताल की गई है। तहरीर मिलने पर एफआईआर दर्ज कर जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## पुलिस बूथ के बगल दिन दहाड़े हजारों की चोरी

**जगदीशपुर, अमेठी।** पुलिस की उदासीनता के चलते चोरो के हौसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस बूथ के बगल ही दिन दहाडे अज्ञात चोर दुकान के अदर घुसकर हजारों की चोरी करने मे सफल रहे। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बाजार शुकुल मोड पर स्थित पुलिस बूथ के बगल मिष्ठान विक्रेता की दुकान से उस वक्त अज्ञात चोर चोरी करने मे सफल रहे जब दुकान मालिक मोहम्मद रईस निवासी कस्बा निहालगढ दुकान का शटर खोलकर शर्ट दुकान मे टांगकर सो गया इसी बीच मौका पाकर शर्ट मे रखा 21720 रुपए अज्ञात चोर जेब से निकाल कर फरार हो गया पीडित ने बताया कि दुकान का भाडा देने के लिए घर से पैसा लेकर आया था नींद से जागा तो रुपए जेब से नदारद मिले बाहर निकल कर देखा तो कोई दिखाई नहीं दिया जब सीसीटीवी कैमरै मे देखा गया तो चोरी करने वाले युवक का फोटो मिला घटना की तहरीर थाने मे देकर कार्यवाई की मांग किया ।इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है मामले की जांच जारी है।

# डॉ शिव बहादुर सिंह भदौरिया साहित्य सम्मान से सम्मानित होंगी पद्मश्री डॉ विद्याबिंदु सिंह

- **राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति की बैठक में लिया गया निर्णय**

**रायबरेली।** अमर सेनानी राणा बेनी माधव बख्श सिंह की 221 वीं जयंती को साकार रूप देने के लिए रायबरेली क्लब में समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पद्मश्री व लेखिका डॉक्टर विद्या बिंदु सिंह को डॉ शिव बहादुर सिंह भदौरिया साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।



रविवार को आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को संपादित करने के लिए बनी समिति के अनुसार डॉ विद्या बिंदुसिंह को डॉ शिव बहादुर सिंह भदोरिया साहित्य सम्मान से नवाजा जाएगा। वहीं स्वर्गीय दिलीप सिंह पत्रकारिता सम्मान पत्रकार प्रबल प्रताप सिंह को दिया जाएगा। राणा बेनी माधव बख्श सिंह षौर्य सम्मान व वीरा पासी सामाजिक सेवा सम्मान के लिए अभी निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि राणा बेनी माधव बक्श सिंह सभागार का निर्माण कार्य तीव्र गति से कराया जा रहा है कार्य अंतिम चरण में है उम्मीद है कि 24 अगस्त का कार्यक्रम सभागार में ही संपन्न होगा। अमर सेनानी की जयंती के पूर्व होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रमों में स्वास्थ्य शिविर की तैयारी के बारे में डॉक्टर मनीष चैहान ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर की तैयारी पूरी हो चुकी है। इसी के साथ-साथ कई अन्य डॉक्टर बाहर से बुलाए गए हैं। इस बार पहले से बेहतर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शंकरपुर में कराया जाएगा। लालचंद स्वर्णकार मेधा सम्मान जिले की तीन बेटियों को दिया जाएगा। समिति के सदस्य व समिति के संरक्षक रहे स्वर्गीय गजाधर सिंह के पुत्र अभिषेक विक्रम सिंह ने कहा कि स्वर्गीय गजाधर सिंह स्मृति मेधा सम्मान के अंतर्गत 11000 रुपए के साथ-साथ छात्रा की पढ़ाई का पूरा खर्च वे वहन करेंगे। रक्तदान शिविर के बारे में शिवम सिंह ने बताया कि 101यूनिट का लक्ष्य रखा गया है समिति के सभी सदस्य कम से कम एक यूनिट का रक्तदान करें या कराएं। चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के बारे में गोविंद खन्ना ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता चार ग्रुप में आयोजित की जाएगी तथा डिबेट प्रतियोगिता हर स्कूल से दो प्रतिभागी पक्ष एवं विपक्ष में अपनी बात रखेंगे। सभासद एसपी सिंह ने बताया कि 221वीं जयंती के अवसर पर 221 दीपक जलायें जायेंगे।

इस अवसर पर मदन सिंह चैहान, रवींद्र सिंह, पूर्व प्रमुख सतेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख कौशलेंद्र सिंह, महेंद्र अग्रवाल, शिवकुमार सिंह, अमित सिंह, बबलू सिंह केसरिया, रामसेवक चैधरी, गोपाल खन्ना, एसपी सिंह, बीपी सिंह, अमरेंद्र सिंह, सुभाष महर्षि, लखन सिंह, नरेंद्र सिंह फौजी, राजेश सिंह, षषांक राठौर, विनय द्विवेदी, रमेश सिंह, अजीत सिंह, हरीशानंद मिश्रा, राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## चोरों ने उड़ाये 18 लाख के मोबाइल

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र की अवधपुरी कॉलोनी में देर रात चोरों ने एक मोबाइल शॉप को निशाना बनाते हुए करीब 18 लाख रुपए के मोबाइल चोरी कर लिए। चोर दुकान का शटर सब्बल से तोड़कर भीतर घुसे और अलग-अलग कंपनियों के लगभग 70 मोबाइल फोन समेटकर फरार हो गए। वारदात की तस्वीरें दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हैं, जिनमें दो चोर साफ नजर आ रहे हैं। सुबह जब दुकान स्वामी अपनी दुकान पर पहुंचा तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो दुकान पूरी तरह से खाली पड़ी थी। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर थाना जगदीशपुरा पुलिस के साथ डीसीपी सिटी सोनम कुमार भी पहुंचे और मौका मुआयना कर दुकान स्वामी से विस्तृत जानकारी ली। पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगालना शुरू कर दिया है। फुटेज में दो चोर रात करीब 2 बजे शटर तोड़ते और मोबाइल समेटते नजर आ रहे हैं।

## बाबा अमरनाथ बफार्नी की तीर्थ यात्रा पर जा रहे शिव भक्तों को नपं अध्यक्ष ने किया रवाना



**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां नगर से बाबा अमरनाथ बफार्नी की तीर्थ यात्रा पर जा रहे 18 शिव भक्तों को आज बछरावां नगर के मुख्य चैराहे पर स्थित बस स्टैंड से नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने शिव भक्तों को जलपान करा कर ट्रेन पकड़ने के लिए बछरावां से बस द्वारा लखनऊ के लिए रवाना किया। बाबा अमरनाथ बफार्नी भूखे को अन्न प्यासे को पानी की तीर्थ यात्रा के लिए प्रतिवर्ष बाबा अमरनाथ मानस सेवा मंडल द्वारा जनपद से हजारों की संख्या में शिव भक्त तीर्थ यात्रा के लिए जाते हैं। बछरावां क्षेत्र से लगभग 18 यात्रियों का यह पहला जत्था रामखेलावन साहू के नेतृत्व में अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया गया। बछरावां नगर से नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी के नेतृत्व में उनके सहयोगी संजय सिंह नगर पंचायत कर्मी मंशू धानुक सहित कई अन्य लोगों ने शिव भक्तों को अंग वस्त्र अर्पित करके यात्रा के लिए रवाना किया है। इस मौके पर शिव भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वही नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने यात्रा पर जा रहे सभी शिव भक्तों को शुभ यात्रा मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए अमरनाथ यात्रा के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देकर रवाना किया है।

## अधिवक्ता दीक्षित ने लोकायुक्त के समक्ष विवि में भ्रष्टाचार का परिवाद दर्ज कराया

**आगरा।** शहर के अधिवक्ता ड ?. अरुण दीक्षित ने डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार को लेकर अब लोकायुक्त के यहां परिवाद दर्ज कराया है। लोकायुक्त ने इस परिवाद को स्वीकार करते हुए कुलपति प्रो. आशु रानी समेत विवि के कुल 10 अधिकारियों और प्रोफेसरों से 30 जुलाई 2025 तक शपथ पत्र सहित जवाब मांगा है। शिकायत में रूसा योजना के करोड़ों रुपए में बड़े स्तर पर घोटाले का आरोप लगाया गया है। लोकायुक्त ने इस परिवाद की जांच उप लोकायुक्त को सौंपी है। डॉ. दीक्षित ने शिकायत में यह कहा है कि रूसा के अंतर्गत प्राप्त करोड़ों रुपए का विवि में दुरुपयोग किया गया है। कई इमारतें केवल फाइलों में बनाकर भुगतान कर दिया गया, जबकि जमीनी स्तर पर उनका अस्तित्व ही नहीं है। प्रयोगशालाओं के लिए बिना टेंडर घटिया गुणवत्ता के उपकरण खरीदे गए, जिससे विश्वविद्यालय को वित्तीय नुकसान हुआ। शिकायत में एक प्रोफेसर पर छात्रा के यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। साथ ही यह भी आरोप है कि विश्वविद्यालय द्वारा राजभवन को भेजे गए जवाबों में फर्जी दस्तावेज तैयार कर जवाब दाखिल किया गया। शिकायतकर्ता ने कहा कि शिकायतों के बदले में उन्हीं के खिलाफ कार्रवाई की गई। शिकायत में कुलपति प्रो. आशु रानी, तत्कालीन कुलसचिव राजेश कुमार, प्रो. संजय चौधरी, प्रो. मनु प्रताप सिंह, प्रो. राजीव वर्मा, उप कुलसचिव पवन कुमार, अनूप केशरवानी, परीक्षा नियंत्रक ओमप्रकाश, पीआरओ पूजा सक्सेना और वरिष्ठ सहायक राधिका प्रसाद को आरोपी बनाया गया है। लोकायुक्त ने सभी आरोपियों को 30 जुलाई 2025 तक सभी तथ्यों और साक्ष्यों के साथ शपथ पत्र पर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। अब देखना यह है कि लोकायुक्त के समक्ष विश्वविद्यालय की ओर से क्या जवाब दाखिल किया जाता है।

# नपाप को स्मार्ट सिटी योजना में किया गया चयनित

जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** जिले वासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि नगर पालिका परिषद सुलतानपुर को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्ट पालिका के रूप में चयनित किया गया है। प्रदेश भर के 58 नगरीय निकायों में शामिल सुलतानपुर की इस उपलब्धि पर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा का आभार व्यक्त किया है। रविवार को नगरीय निकाय निदेशालय के सहायक निदेशक (लेखा) अखिल सिंह व कन्सल्टेंट परनीत ने नगर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया।



पालिकाध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज के साथ नगर की परिसम्पत्तियों जैसे पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार, पर्यावरण पार्क, कान्हा गौशाला, वेन्डिंग जोन, चौराहे आदि का सर्वेक्षण किया गया। समीक्षा में प्रस्तावित कार्यों में नए पार्कों का निर्माण, चौराहों का सौंदर्यीकरण, डिजिटल एलईडी बोर्ड, लाइब्रेरी व स्टडी सेंटर, स्मार्ट रिकॉर्ड रूम, सीसीटीवी सर्विलांस और नागरिक सुविधा केंद्र शामिल हैं। साथ ही, सहायक निदेशक ने आधुनिक डीसीसीसी केंद्र स्थापित करने का निर्देश भी दिया। शासन की स्वीकृति के पश्चात सोलर स्ट्रीट लाइट, ऑडिटोरियम, डिजिटल क्लासरूम, एग्जीबिशन सेंटर आदि के निर्माण हेतु भी प्रस्ताव भेजा जाएगा। यह पहल सुलतानपुर के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## करंट से युवक की मौत

**अमेठी।** 6 महीने पहले हुई थी शादी, दिहाड़ी मजदूरी के लिए मुबारकपुर के बरना गांव गया था अमेठी के पूरे चुल्लू गांव निवासी अमित कुमार कश्यप की मुसाफिरखाना के मुबारकपुर में शनिवार दोपहर बिजली के करंट से मौत हो गई। अमित दिहाड़ी मजदूरी के लिए मुबारकपुर के बरना गांव गया था। वहां 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। अमित अपने पिता सोहन कश्यप की दो संतानों में छोटा कमाऊ बेटा था। परिवार ने अभी तक उसकी पत्नी और मां को मौत की खबर नहीं दी है। अमित का बड़ा भाई कुमार कश्यप भी इस हादसे से टूट चुका है।

## पर्यावरण को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**सुल्तानपुर।** कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा सुल्तानपुर जनपद स्थिति करौंदिया शंकरपुरम में पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता होम्योपैथिक चिकित्सा डॉक्टर अनूप मिश्रा ने बताया कि पर्यावरण प्रकृति का ही हिस्सा है। मानव जीवन प्रकृति के साथ अनुकूलता में ही संभव है। हम प्रकृति के पोषण, संरक्षण तथा आर्वतनशील पद्धति से अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करें तो सदियों तक प्रकृति हमें पोषित करती रहेगी। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक और सचेत रहना चाहिए। प्रकृति बिना मानव जीवन संभव नहीं है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि हम पेड़-पौधों, जंगलों, नदियों, झीलों, भूमि, पहाड़ सबके महत्व को समझें। इस मौके पर सूबेदार राजेश कुमार पांडेय ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था के तरफ से शिवांगी पांडेय को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अनुराग पांडेय, संतोष पांडेय, वरुण तिवारी, संतोष सिंह, रुद्रांश पाण्डेय, कृष्णा पांडेय, पलक पाण्डेय दर्जनों लोगों उपस्थित रहे।

संक्षेप

## तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने एक अभियुक्त को एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। रविवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त हरिओम पुत्र लानदास निवासी बसई अरेला थाना बसई अरेला जिला आगरा को एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गाँव एलई से छारी जाने वाले रास्ते थाना क्षेत्र नगला सिंघी से गिरफ्तार किया, थाना पुलिस ने अभियुक्त को हिरासत में लेकर अन्य विधिक कार्यवाही की है।

## परिवार परामर्श केंद्र ने 6 परिवारों की खुशियां लौटायीं

**फिरोजाबाद।** पुलिस लाइन परिसर में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र टीम द्वारा 06 परिवारों का आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए परिवारों की खुशियाँ लौटाई गई। एसएसपी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में फिरोजाबाद पुलिस के परिवार परामर्श केंद्र दीदी प्रोजक्ट के अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा रविवार को 6 घरेलू मामलों में आपसी सुलहनामा कराते हुए समझौता कराया गया। उक्त परिवारों के आपसी चल रहे घरेलू विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए घर रवाना किया गया। सभी पक्षों ने फिरोजाबाद पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा कर धन्यवाद व्यक्त की।

## दो हत्यारोपित गिरफ्तार

**मथुरा।** छाता थाना क्षेत्र के गांव लाडपुर में जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। पांच बीघा जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना 9 जुलाई की है। इंदो सिंह और मान सिंह के बीच पांच बीघा जमीन का विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले दोनों में ढाई-ढाई बीघा का बंटवारा हुआ था। सुबह 9 बजे इंदो सिंह के बेटे पदम, महेंद्र, राजाराम और कल्लू अपनी मेड़बंदी करने पहुंचे। उनके साथ पदम की पत्नी कमलेश भी थी। खेत पर पहले से मौजूद मान सिंह के बेटे सोरन और उनके साथियों ने गोलियां चला दीं। पदम सिंह के सीने में दो गोलियां लगीं। हमलावरों ने पदम की पत्नी और उनके भाइयों को भी पीटा। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने पदम सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मान सिंह, वीरेंद्र, प्रेम सिंह, सोरन, रामराज, जस्सो, पूनम और हुकुम के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। छाता थाना प्रभारी कमलेश सिंह के अनुसार, बरसाना रोड पर भदावल नहर की पुलिया से सोरन व प्रेम सिंह को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से तमंचा, कारतूस और लाठी बरामद हुई है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## पार्षद ने किया पार्क का शिलान्यास

**मथुरा।** नगर निगम वार्ड नंबर 31 में आज पदमपुरी में ब्रजेश्वरी मंदिर स्थित वाले पार्क में लगभग 12 लाख की लागत से नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का क्षेत्रीय पार्षद मुन्ना मलिक ने नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया और मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्क का निरीक्षण कर जरूरतों और भावी सुविधाओं की जानकारी भी ली गई। यह कार्य क्षेत्रवासियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक और सकारात्मक प्रयास है। हरियाली के बीच खुशहाली विकास की यही असली पहचान है।

# वृन्दावन को पुनः धरोहर रेल लाइन देने की उठ रही मांग

### धर्म रक्षा संघ ने दिया वृंदावन रेल बचाओ मोर्चा को पूर्ण समर्थन



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** वृन्दावन नगर में धर्म रक्षा संघ की एक संगोष्ठी भागवत मंदिर में आचार्य बद्रीश महाराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संगोष्ठी में मथुरा वृन्दावन रेल लाइन को सरकार से पुनः प्रारंभ कराने हेतु चर्चा की गई।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि मथुरा वृन्दावन रेल लाइन हमारे वृन्दावन की संस्कृति का एक हिस्सा होने के साथ हमारी ऐतिहासिक विरासत है जिसे जयपुर के महाराजा सवाई माधव सिंह ने अपने खर्चे से बनवाकर सरकार को सोंपकर सरकार से यह वचन लिया कि इस रेलवे लाइन को कभी समाप्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने राधारानी एक्सप्रेस समाप्त करने के साथ वृन्दावन में रेलवे रिजर्वेशन की व्यवस्था समाप्त करने पर भी कड़ा रोष व्यक्त किया। राष्ट्रीय संयोजक आचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि यदि सरकार हमें कुछ दे नहीं सकती तो सरकार को हमारी रेलवे लाइन को छीनने का भी कोई हक नहीं है, उन्होंने कहा कि जल्द ही रेलवे लाइन प्रारम्भ की जाय नहीं तो वृन्दावन रेल बचाओ मोर्चा बड़ा आंदोलन खड़ा करेगा। महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि जिस समय यात्रियों की संख्या बहुत कम होती थी तब रेलवे की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही थीं मगर आज यात्रियों की संख्या में इतनी वृद्धि होने के बाद रेलवे जैसे महत्वपूर्ण आवागमन के साधन को समाप्त कर देना वृन्दावन की जनता और वृन्दावन आने वाले श्रद्धालुओं पर किसी अत्याचार से कम नहीं है, अब हम वृन्दावनवासी चुप नहीं बैठेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने कहा कि धर्म रक्षा संघ वृन्दावन रेल बचाओ मोर्चा को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए 16 जुलाई 2025 को सायं 5:00 बजे नगर में होने वाले विशाल जुलूस के कार्यक्रम में पूरी ताकत के साथ भाग लेगा। संगोष्ठी में महामंडलेश्वर स्वामी डा. आदित्यानंद महाराज, स्वामी अतुल कृष्ण दास महाराज, आचार्य ज्ञानेश महाराज, अमरेश पुण्डीर, अजय शर्मा पप्पी भैया, ध्रुव शर्मा और विकास शर्मा, श्रीदास प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## महिलाएं कैसे रहेंगी सुरक्षित, पुलिस कमिश्नर के आदेश हवा हवाई

**आगरा।** खंदौली का नंबर वन आईएसओ ब्लॉक जुआरियों और शराबियों को अड्डा बन गया है। ब्लॉक परिसर में असामाजिक तत्व जुआ और नशा कर रहे हैं। शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावाड़ा ब्लॉक परिसर में शुरू हो जाता है। कुछ लोग परिसर में शराब, गांजा, सहित अन्य नशीले पदार्थ का सेवन व जुआ खेलते हैं। वहीं परिसर के कमरों के पास शराब की बोतलों को फोड़कर कचरा फैला देते हैं। जिससे ब्लॉक में खेलने वाले बच्चों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। भाकियू के उप्र प्रचार मंत्री गिर्राज सिंह नौहवार ने बताया कि दिन के समय में भी असामाजिक तत्व परिसर में घुस आते हैं। जिससे कि ब्लॉक में खेलने वाले बच्चों को असहजता महसूस होती है। उन्होंने बताया गेट पर चौकीदार न होने से जुआरियों व शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। वहीं परिसर के बाहर कूड़ा फेंके जाने से दुर्गंध आती है, जिससे लोगों में घातक बीमारी होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया कि ऐसे में परिसर में महिलाओं के लिए बने शौचालय भी सुरक्षित नहीं है। आगरा पुलिस कमिश्नर ने हाल ही में निर्देश दिए हैं कि सार्वजनिक जगह पर शराब पीते पाए गए तो जेल जाना पड़ेगा लेकिन जिसको जैसी आदत है उसका कौन क्या बिगाड़ पायेगा अंगूर की बेटी का नशा ऐसा होता है अगर जिसको लत लग जाए उसको अपना बना लेती है इससे फिर दूर जाना मुश्किल की बात है एक नजर हम आपको दिखा रहे हैं ब्लॉक खंदौली का यहां जाम छलकाते लोग नजर आ रहे हैं क्या ब्लॉक में कोई कर्मचारी नहीं रहता कोई चौकीदार नहीं रहता पूरा ब्लॉक दिन में ही खाली हो जाता है। आपको बता दें कि आगरा के खंदौली ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा के कार्यालय पर आज सुबह दस बजे ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत संगठन के आगरा जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा गौ पुत्र गिर्राज सिंह नौहवार पहुंचे टीम के साथ तथा वहा देखा कि कुछ लोग अंगूर की बेटी के साथ अपनी जीवन लीला रचा रहे तथा कुछ लोग जूआ खेल रहे हैं गौ पुत्र गिर्राज सिंह नौहवार ने बताया कि लोगों को वहा से जाने के लिए कहा तो दारु पीकर लोग गाली देने लगे और ब्लाक अध्यक्ष आशीष शर्मा को भी गन्दी गालियां दी। बड़े दुःख का विषय है कि ब्लाक अध्यक्ष इतने लापरवाह कैसे हो गए। उनको कैसे जानकारी नहीं होती कार्यालय के बाहर जिस तरह शराब पीते लोग नजर आ रहे हैं इससे बदनामी ब्लॉक प्रमुख की ही है जबकि बताया जाता है कि ब्लॉक का गेट बंद कर दिया जाता है फिर लोग कहां से आते हैं आखिरकार शराब पीने वाले कुछ भी कर सकते हैं।

## एमजी गर्ल्स इंटर कॉलेज में रोजगार मेला आयोजित



**फिरोजाबाद।** एमजी गर्ल्स इण्टर कॉलेज फिरोजाबाद में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर उप्र कौशल विकास मिशन, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना राजकीय आईटीआई एंव सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का निरीक्षण मोहन लाल गुप्ता एडीएम नमामि गंगे द्वारा किया गया, जिसमें 12 नियोक्ता कम्पनियों एंव 525 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेले में विभिन्न कम्पनियों ने 279 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया व मौके पर एडीएम ने 15 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किया। रोजगार मेला आज 14.07.2025 को भी निरंतर जारी रहेगा। मेले में सुश्री खुशबू शाक्य, जिला रोजगार सहायता अधिकारी कौशल विकास मिशन से जिला कौशल प्रबन्धक- सत्येन्द्र श्रीवास्तव, पंकज यादव व जिला प्रोग्राम मैनेजर, अजीत कुशवाह जिला सेवायोजन कार्यालय से विपिन कुमार, राजकीय आईटीआई शिकोहाबाद से गुलशन कुमार, ऋतुराज चैरसिया व यूपीएसडीएम के केन्द्र प्रबन्धक वीरपाल सिंह शैलेश देवेश कुमार भगत सिंह, अभिषेक सैय्यद सावेज अली संजय कुमार आदित्य कुमार व अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## आगरा का माहौल बिगाड़ने का प्रयास, असामाजिक तत्वों ने मंदिर में की तोड़फोड़, लोगों में आक्रोश

**आगरा।** मंदिर में तोड़फोड़ की घटना सामने आई। इसको लेकर लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सावन माह की शुरूआत हो गई है। लोग शिव भक्ति में लीन हैं। ऐसे में आगरा में माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। शनिवार सुबह थाना किरावली क्षेत्र के कस्बा मिढ़ाकुर में भाजपा नेता के घर के बाहर बने मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा शिव परिवार की मूर्तियों को तोड़कर खंडित कर दिया गया। घटना के बाद इलाके के लोगों में नाराजगी है। थाना किरावली के कस्बा मिढ़ाकुर के सामर थोक के रहने वाले तेजसिंह सोलंकी पुत्र मंगो सिंह भाजपा नेता हैं और अकोला के मंडल मंत्री हैं। तेजसिंह ने बताया कि उनके घर के बाहर करीब 20 साल पुराना मंदिर बना हुआ है। मंदिर में शिव परिवार की मूर्तियां रखी हुई हैं। रोजाना मोहल्ले के करीब 150 लोग यहां पूजा करने आते हैं। भाजपा नेता तेजसिंह के मुताबिक शनिवार सुबह चार बजे श्रद्धालु मंदिर में पूजा करने आए। मंदिर में शिव परिवार की मूर्तियों को टूटा देख वे हैरान रह गए। शोर सुनकर अन्य लोग भी आ गए। सूचना पर थाना पुलिस पहुंच गई। थानाध्यक्ष किरावली नीरज कुमार ने बताया है कि मामले में अज्ञात के खिलाफ तहरीर आई है।

## वृन्दावन में यातायात अव्यवस्था पर विधायक ने जतायी कड़ी नाराजगी

**मथुरा।** तीर्थराज वृन्दावन में लगातार बिगड़ती यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं की बढ़ती परेशानी को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक श्री कांत शर्मा ने रविवार प्रातः मल्टी लेवल पार्किंग, प्रेम मंदिर तिराहा, वाराह घाट, सुनरख रोड सहित प्रमुख मार्गों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री शर्मा ने प्रतिबंधित मार्गों पर बिना अनुमति प्रवेश कर रहे बाहरी वाहनों, सार्वजनिक सड़कों पर खड़े निजी वाहनों और विभिन्न स्थलों पर हो रहे अस्थायी अतिक्रमण को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थित यातायात, घंटों जाम और अवैध पार्किंग से न केवल श्रद्धालु, बल्कि स्थानीय नागरिक भी अत्यंत परेशान हैं। यह स्थिति वृन्दावन जैसे आध्यात्मिक नगर की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है। कड़े निर्देश दिए गए मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि विधायक श्री कांत शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया किः समस्त अवैध अतिक्रमण तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक स्टाफ की नियमित और प्रभावी तैनाती सुनिश्चित की जाए रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों के लिए वेंडिंग जोन निर्धारित कर उन्हें सुव्यवस्थित किया जाए। वरिष्ठ अधिकारियों को चेताया विधायक ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वह स्वयं इस विषय को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने आयुक्त आगरा मंडल शैलेन्द्र सिंह और डीआईजी शैलेश कुमार पांडे से मामले का तत्काल संज्ञान लेने की अपेक्षा जताई।



# बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर ने किये ठाकुर राधारमण लाल के दर्शन

- वृंदावन की यह पावन भूमि सनातन संस्कृति की जीवंत धरोहर है : धीरेंद्र शास्त्री

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** वृंदावन में रविवार प्रसिद्ध कथा वाचक और बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री राधा रमन मंदिर पहुंचे। उन्होंने ठाकुर राधा रमण लाल के दर्शन कर विशेष प्रार्थना की और मंदिर परिसर में चल रहे अमृत महोत्सव में भाग लिया। यह अमृत महोत्सव पुंडरी गोस्वामी की सेवा में आयोजित हो रहा है जिसमें देशभर से संत, महात्मा और भक्तजन भाग ले रहे हैं। ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि वृंदावन की यह पावन भूमि सनातन संस्कृति की जीवंत धरोहर है। धीरेंद्र शास्त्री के आगमन पर मंदिर प्रशासन और श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया।



प्रख्यात धर्म प्रचारक धीरेन्द्र शास्त्री रविवार को धार्मिक नगरी पहुंचे। जहां उन्होंने प्राचीन श्री राधारमण देव जू के अमृत सेवा महोत्सव में दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

श्री बागेश्वर धाम सरकार के परम भक्त धीरेन्द्र शास्त्री रविवार की सुबह कान्हा की नगरी पहुंचे। जहां सबसे पहले सप्त देवालयों में प्रमुख श्री राधा रमण देव मंदिर में सेवायत पुंडरीक गोस्वामी के सान्निध्य में आयोजित ठाकुर जी के अमृत सेवा महोत्सव में सहभागिता की। आचार्य पुंडरीक गोस्वामी द्वारा उन्हें ठाकुर जी का छप्पन भोग प्रसाद भेंट किया। इस मौके पर पत्रकारों को बताया कि ब्रज मंडल में मांस, मदिरा की बिक्री प्रतिबंधित करने और सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से 7 नवंबर से 16 नवंबर तक वृन्दावन से दिल्ली की पदयात्रा प्रस्तावित है। जिसकी तैयारियां पूरे जोरशोर से चल रही हैं।

## बारिश से ढहा कच्चा मकान : आगरा के खेड़िया गांव में परिवार के पांच लोग मलबे में दबे

**आगरा।** एत्मादपुर में खंदौली क्षेत्र के खेड़िया गांव में शुक्रवार तड़के एक कच्चा मकान बारिश से ढह गया। हादसा सुबह 4 बजे हुआ। मकान मालिक अयूब, उनकी पत्नी मेहराज और तीन बच्चे मलबे में दब गए। अयूब के तीन बच्चे अफजाल (12), फैजल (10) और इकरा (8) अपने माता-पिता के साथ सो रहे थे। सीमेंट की टिन की छत उनके ऊपर गिर गई। आसपास के लोगों ने चीख-पुकार सुनकर मलबा हटाया और सभी को बाहर निकाला। 112 पुलिस टीम और एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची। अयूब को गंभीर चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आगरा एस.एन. मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। परिवार के अन्य सदस्यों को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मजदूरी से परिवार चलाने वाले अयूब की आर्थिक स्थिति कमजोर है। हादसे के बाद परिवार के पास खाने-पीने की व्यवस्था नहीं है। समाजसेवी राजू ठेनुआ और ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे और परिवार के पुनर्वास की मांग की है।

# सेवा भाव समिति ने मंत्री धर्मवीर प्रजापति का जन्मदिन मनाया

### किया 62 पौधों का वितरण, सेवा भाव समिति की इस अनूठी पहल की चहूं ओर हो रही सराहना





**आगरा।** जन्मदिन को हम में से ज्यादातर लोग या तो होटल-रेस्टोरेंट में पार्टी करके सेलेब्रेट करते हैं, या घर पर फैमिली गेट-टुगेदर करके इसे मनाते हैं। लेकिन क्या कभी आपने अपने जीवन के इस खास दिन को ऐसे अंदाज से मनाने की सोची है जो इस प्रकृति के लिए किसी रिटर्न गिफ्ट की तरह हो। जी हां हम आपको बताते है कि शनिवार को सेवा भाव समिति के द्वारा मंत्री धर्मवीर प्रजापति (होमगार्ड नागरिक सुरक्षा मंत्री) का जन्मदिन कुछइसी तरह की सोच के साथ 62वें जन्मदिन को अनूठे अंदाज से मनाया गया। मंत्री धर्मवीर के जन्मदिन पर 62 पौधों का वितरण करके मनाया। सेवा भाव समिति अध्यक्ष सुमित कुमार प्रजापति और उनकी टीम के इस अंदाज की हर कोई सराहना कर रहा है। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि इस प्रकृति ने हमें इतना कुछ दिया है जिसे जितना लौटाओ उतना कम है। वृक्षारोपण का कार्यक्रम सेवा भाव समिति ने जो मेरे जन्मदिन पर शुरू करके यह एक नई पहल की शुरूआत की है। सभी इस पहल को बनाए रखें। दीन दयाल मंडल अध्यक्ष राहुल जैन ने बताया कि सेवा भाव समिति की इस अनूठी पहल अब औरों के लिए प्रेरणा बन गई है। जन्मदिन पर पौधरोपण करने के अंदाज को देखते हुए जनपद के अन्य नागरिकों ने भी अपने जन्मदिन पर पौधरोपण करने का मन बना लिया है। मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने सेवा भाव समिति की सराहना करते हुए कहा कि सभी लोग अपने जन्मदिन पर ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाकर पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अपना योगदान दें। इस दौरान बेनीराम ठेकेदार, सतीश प्रजापति, हीरा लाल दक्ष, लाखन सिंह धाकड़, युवा समाजसेवी दिनेश प्रजापति, अध्यक्ष सुमित प्रजापति, सचिव अनुज कुलश्रेष्ठ, डॉ घनश्याम सिंह, सुभाष गोला, डॉ सुनील राजपूत, विजय पाल नरवार, (महामंत्री), डॉ शिव कुमार गोला (महामंत्री), विनीत मल्होत्रा, अर्जुन, सुनील बाबू, धर्मवीर प्रजापति, रामू प्रजापति (मीडिया प्रभारी), अजय कुमार, भीष्म पाल, अजय, नरेश दक्ष, रवि कुमार, बबली धाकड़, मनोज चौहान, नकुल गोला, दीपक, सौरव, नरेश राजपूत, मनोज भगोरिया, शैलेश धाकड़ सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

## वृद्धा से दुष्कर्म करने वाला डॉक्टर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना फरह पुलिस ने 12 घंटे के अंतर्राल में वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ रिफाइनरी श्वेता सिंह ने बताया एक वृद्ध महिला बीमार होने के कारण दवा लेने क्लीनिक पहुंची थी। आरोपी झोलाछाप डॉक्टर ने उसे नींद की गोली दे दी। इसके बाद उसने महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपने बेटे को घटना की जानकारी दी। बेटा अपनी मां को लेकर थाना फरह पहुंचा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना फरह प्रभारी त्रिलोकी सिंह, उ0 नि0 निरीक्षक यशपाल सिंह, उ0नि0 अजय सिंह प्रभारी चैकी कस्बा थाना फरह, है0का0 कुलदीप कुमार ने वांछित अनिल कुमार पुत्र राम अवतार उर्फ रामताल निवासी ग्राम बरारी थाना रिफाइनरी मथुरा को झण्डीपुर मोड़ एनएच- 19 के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## समस्याओं को लेकर पत्रकारों ने की बैठक



**टूंडला।** रविवार को नगर के पत्रकारों ने एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया, जिसमें प्रेस क्लब की वार्षिक बैठक आयोजित कर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों के चुनाव कराने के विषय में विस्तार से चर्चा की गई, साथ ही पत्रकारों के उत्पीड़न और उनकी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक राजू उपाध्याय ने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सभी पत्रकारों का सम्मान किया जाये, कलम के सिपाही हमेशा जुर्म के खिलाफ लड़ते रहे हैं और लड़ते रहेंगे। पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है, जो अपनी जान जोखिम में डालकर जनता को सच दिखाने का कार्य करता है। अधिकतर मीडिया कर्मियों को सेलरी नहीं मिलती है। फिर भी मीडिया कर्मी अपनी पेट्रोल खर्च कर घटना स्थल पर पहुंचकर अपने कैमरे में कैप्चर कर जनता को घटना से रुबरु कराता है। चाहे आधी आये, पानी पड़े या तेज धूप पड़े सूचना मिलते ही मीडिया कर्मी घटनास्थल पर पहुंच जाता है। इस बीच अगर मीडिया कर्मी के साथ कोई भी दुर्घटना होती है तो सरकार उसे कोई भी मुआवजा नहीं देती है। हमें उन सब पत्रकारों की आवाज बनना है और हालातों का डट कर सामना करना है। बैठक में संजय पचौरी, सोमेंद्र पौनिया, हितेंद्र यादव, रामपाल सिकरवार, जावेद अली, विवेक शर्मा, गिरधारी लाल, उपेन्द्र यादव, विमल किशोर, दुर्गेश यादव, प्रिंस कुशवाहा आदि शामिल रहे।

## दो शातिर चोर गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा मोटर साईकिल चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को चोरी की तीन मोटरसाईकिलों व 4500 रुपये नगद बरामदगी गिरफ्तार किया गया। थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैंकिंग के दौरान मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो शातिर चोरों कुलदीप जाटव पुत्र राजवीर सिंह अम्बुज पुत्र ग्रीश जाटव निवासी कस्बा नारखी धौंकल थाना नारखी फिरोजाबाद को गांधी पार्क खाली ग्राउण्ड थाना उत्तर फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## सिपाही ने कोचिंग से लौट रहीं किशोरियों से की छेड़छाड़, लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**आगरा।** सिपाही की करतूत देखकर लोगों का खून खौल उठा। बाइक सवार सिपाही कोचिंग से लौट रहीं किशोरियों से छेड़छाड़ कर रहा था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फतेहाबाद थाना क्षेत्र में कोचिंग से लौट रही किशोरियों से बाइक सवार सिपाही ने छेड़खानी की। परिजन ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उनकी तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। कोचिंग से चार किशोरियां लौट रही थीं। बाइक सवार सिपाही उनके पीछे लग गया और कभी आगे बाइक ले जाता तो कभी पीछे। किशोरियां बचते-बचाते अपने मोहल्ले की गली तक पहुंचीं तो सिपाही ने गली में बाइक तिरछी कर सामने लगा दी और छेड़खानी करने लगा। किशोरियां डर गईं और रोती-रोती अपने घर पहुंचीं। घटना की जानकारी परिजन को दी। लोगों ने दौड़कर बाइक सवार सिपाही को पकड़ लिया। उसे थाना फतेहाबाद पुलिस के हवाले कर दिया। युवक ने अपने को मैनपुरी के एक थाने में तैनात बताया। सिपाही इन दिनों छुट्टी पर आया है। डीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। तहरीर मिलते ही केस दर्ज किया जाएगा। आरोपी सिपाही बताया जा रहा है, जिसकी जांच कराई जा रही है।

## लूट की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने लूट छिनैती का झूठा अभियोग पंजीकृत कराने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 10-07-2025 को शहबाज पुत्र शाकिर हुसैन निवासी शीतल खाँ रोड थाना रसूलपुर फिरोजाबाद द्वारा थाना शिकोहाबाद पर तहरीर दी गई कि 8-07-2025 को की पेटीज की दुकान में काम करने वाले फैज पुत्र भइय्ये से स्पलेडर बाइक सवार 3 व्यक्ति भूढा नहर पुल से स्टेशन रोड की तरफ जाने वाली सड़क पर ग्राम नगला प्रभु के सामने नहर की पटरी पर 10,800 रु. लूट कर भाग गये जिसके संबंध में थाना शिकोहाबाद पर केस पंजीकृत किया गया था। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि फैज पुत्र भइय्ये व दो साथियों शारिक पुत्र शाकिर व सादिक पुत्र तौफीक ने छिनैती लूट की झूठी सूचना दी थी। अभियुक्तों ने उक्त रुपयों को आपस में बाँट लिया था। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तीनों अभियुक्तों फैज पुत्र भइय्ये सादिक पुत्र तौफीक व मुकदमा वादी के भाई शारिक पुत्र शाकिर को एनडी. कालेज ग्राउन्ड के पास से गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।





# जिस घर में अंधकार है, वहां रोशनी पहुंचाना ही सच्ची ईश्वर सेवा

**मथुरा।** परम पूज्य संत परमानन्द महाराज आज भौतिक रूप में हमारे बीच नहीं हैं, वे गोलोक गमन कर चुके हैं, परंतु उनका सेवा और करुणा का संदेश आज भी जीवित है, और उसी दिव्य प्रेरणा से समाज में उजाला फैलाने का यह प्रयास निरंतर जारी है। अमरीश अग्रवाल, नई दिल्ली, विगत दो वर्षों से कल्याणं करोति, मथुरा के माध्यम से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन करवा रहे हैं। उनके इस प्रयास को ह्यकल्याणं करोति, मथुराह्न द्वारा संचालित ह्यश्रीजी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थानह्न और संस्था के महासचिव तथा समर्पित टीम के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त है, जिसके संयुक्त प्रयास से यह अभियान गरीब, वंचित और वृद्धजनों के जीवन में नई रोशनी लाने का कार्य कर रहा है। यह निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 10 जुलाई को प्रारम्भ हुआ था, जिसका समापन 13 जुलाई को श्रद्धा एवं सेवा भाव के वातावरण में श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अमरीश अग्रवाल, नई दिल्ली ने कहा कि कल्याणं करोति, मथुरा वास्तव में एक समर्पित संस्था है, जो निःस्वार्थ भाव से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक नेत्र चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाने का कार्य कर रही है। ह्यकल्याणं करोति नेत्र चिकित्सा संस्थानह्न नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में जो उत्कृष्ट सेवाएँ दे रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है। यहाँ के डॉक्टर, महासचिव और पूरी टीम जिस सेवा भावना, विनम्रता और मानवता से कार्य कर रही है, वह हम सभी के लिए प्रेरणा है। यह देखकर संतोष होता है कि संस्था द्वारा गाँव-गाँव जाकर भी नेत्र रोगियों की जाँच और ऑपरेशन की व्यवस्था की जा रही है। मैं समझता हूँ कि आज समाज को ऐसी ही संस्थाओं की आवश्यकता है, जो बिना भेदभाव के हर जरूरतमंद तक रोशनी पहुँचाने का काम कर रही हैं। मेरा यह सहयोग तो एक प्रयास भर है, असली कार्य तो कल्याणं करोति नेत्र चिकित्सालय और इसकी समर्पित टीम कर रही है। मैं सभी से अपील करता हूँ कि वे आगे आकर इस सेवा कार्य में सहभागी बनें ताकि हम समाज में अंधकार को दूर कर अधिक से अधिक लोगों की आँखों में रोशनी ला सकें।



संस्था के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में मथुरा सहित आस-पास के क्षेत्रों से आए कुल 396 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 101 रोगियों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान मरीजों को पूरी तरह निःशुल्क सुविधा प्रदान की गई, जिसमें दवा, चश्मा, भोजन, बिस्तर की व्यवस्था शामिल रही। कार्यक्रम का संचालन निरूपम भार्गव ने किया।

संक्षेप

## विशाखापट्नम ने रचे दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

विशाखापट्नम। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्नम ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया। यह आयोजन लाखों प्रतिभागियों की भागीदारी और देश-प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आंध्र प्रदेश सरकार के आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वयं भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग न केवल व्यक्ति को रूपांतरित करता है, बल्कि स्वस्थ समाज निर्माण में भी अहम भूमिका निभाता है। विशाखापट्नम ने दो श्रेणियों में रिकॉर्ड बनाए। पहला एक ही स्थान पर सबसे बड़ा सामूहिक योग सत्र और दूसरा सर्वाधिक लोगों द्वारा एकसाथ सूर्य नमस्कार। पहला रिकॉर्ड 30 किलोमीटर लंबे बीच रोड पर आयोजित भव्य योग सत्र में बनाया गया, जहां 3 लाख से अधिक लोगों ने प्रमाणित प्रशिक्षकों के निर्देशन में एकसाथ योग किया। दूसरे रिकॉर्ड में 25,000 से अधिक लोगों ने एकसाथ सूर्य नमस्कार किया। यह प्रदर्शन संयोजन, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक बन गया। इस ऐतिहासिक आयोजन का नेतृत्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने किया।

## भुजंगासन में बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

अहमदाबाद। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुजरात के ऐतिहासिक नगर वडनगर ने भुजंगासन में सर्वाधिक लोगों द्वारा एकसाथ योगाभ्यास कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। इस भव्य आयोजन का आयोजन गुजरात योग बोर्ड द्वारा आयुष मंत्रालय के सहयोग से किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मस्थली वडनगर में इस रिकॉर्ड के लिए राज्य भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वडनगर स्थित ताना-रीरी बाग में 1,000 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रशिक्षित योगाचार्यों के मार्गदर्शन में एकसाथ भुजंगासन किया। यह आयोजन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के दिशा-निर्देशो के अनुसार किया गया, और इसमें समयबद्धता, समन्वय और शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया। इस आयोजन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल और गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी ने भी भाग लिया और लोगों के साथ मिलकर भुजंगासन किया। उनकी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बल प्रदान किया और राज्य सरकार की योग एवं परंपरागत स्वास्थ्य पद्धतियों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाया।

## 14 तक चलेगा अमेजॉन प्राईम डे

नई दिल्ली। एमेजॉन इंडिया पर 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 के बीच बहुप्रतीक्षित प्राईम डे शुरू हो रहा है इस दौरान शानदार डील्स, सेविंग्स, नए लॉन्च और एक्सक्लुसिव एंटरटेनमेंट के साथ न केवल प्राईम मेंबर्स को, बल्कि एमेजॉन एसोसिएट्स, पार्टनर्स और कर्मचारियों को भी अपार खुशी मिलेगी, जो इस सबके लिए पर्दे के पीछे रहकर कड़ी मेहनत करते हैं एमेजॉन में एसोसिएट, सैलिंग पार्टनर सपोर्ट (एसपीएस) आकाश मिश्रा वो पूरे साल और इस शॉपिंग फेस्टिवल में सैलर्स को सुगम अनुभव प्रदान करने में मुख्य भूमिका निभा रहे हैंएमेजॉन के साथ आकाश का सफर दृढ़ता और लगातार सीखने का सफर है इससे उन्हें अपनी उपलब्धता और सुविधा के अनुसार डिलीवरी ब्लॉक चुनने की फ्लेक्सिबिलिटी मिलती थी व्यवसायिक विकास करने की इच्छा के साथ उन्होंने पहले इंग्लिश बोलने और कौशल निर्माण के कोर्स लेने शुरू किए ये कोर्स वो अक्सर पूरे दिन काम करने के बाद लेते थे।

## द भूतनी का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर 18 को

नई दिल्ली। जी5 और जी सिनेमा 18 जुलाई को रात 8 बजे डरावनी और बेहद मजेदार हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सिनेमाघरों में दर्शकों को गुदगुदाने और डराने के बाद, 'द भूतनी' अब अपने जबरदस्त धमाल, रोंगटे खड़े करने वाले रोमांच और जोरदार हँसी के साथ आपके घर आ रही है। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के दीपक मुकुट और श्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के संजय दत्त द्वारा प्रोड्यूस की गई, और सिद्धांत सचदेव द्वारा लिखी और डायरेक्ट की गई फिल्म, द भूतनी में कई दमदार कलाकारों ने मुख्य किरदार निभाए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त बड़े ही अतरंगी भूत भगाने वाले की भूमिका में हैं, जिसके अपने राज हैं, जबकि मौनी रॉय ने बेहद खतरनाक और दिलों को लुभाने वाली आत्मा, मोहब्बत का किरदार निभाया है।

# 10 कंपनियों की पूंजी 2.07 लाख करोड़ घटी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ रुपये (2,07,501.58 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 में से केवल बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई।

समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 56,279.35 करोड़ रुपये घटकर 11,81,450.30 करोड़ रुपये पर आ गया। कंपनी के जून तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित करने में विफल रह हैं। शुक्रवार को टीसीएस के शेयर में लगभग 3.50 प्रतिशत की गिरावट आई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 54,483.62 करोड़ रुपये घटकर 10,95,887.62 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 44,048.2 करोड़ रुपये घटकर 20,22,901.67 करोड़ रुपये पर आ गई। इन्फोसिस के मूल्यांकन में 18,818.86 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,62,564.94 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,556.84 करोड़ रुपये घटकर 10,14,913.73 करोड़ रुपये पर आ गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 11,954.25 करोड़ रुपये घटकर 5,83,322.91 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक के बाजार पूंजीकरण में 4,370.71 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 15,20,969.01 करोड़ रुपये रही। भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 2,989.75 करोड़ रुपये घटकर 7,21,555.53 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का मूल्यांकन 42,363.13 करोड़ रुपये बढ़कर 5,92,120.49 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) के शेयर में शुक्रवार को लगभग पांच प्रतिशत का उछाल आया। हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रिया नायर को कंपनी की पहली महिला मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की है। बजाज फाइनेंस की मूल्यांकन 5,033.57 करोड़ रुपये बढ़कर 5,80,010.68 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

# कृषि मंत्री ने राज्यों से नकली उर्वरकों की बिक्री पर रोक लगाने को कहा



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नकली और घटिया उर्वरकों की बिक्री के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्वाई करने को कहा।

मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में चौहान ने उनसे उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी करने के साथ-साथ नकली और घटिया उत्पादों के नमूने लेने और परीक्षण करने को कहा है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरकों पर जबरन टैगिंग तुरंत बंद की जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोषियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज करने सहित सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए और दोषसिद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। राज्यों को निर्देश दिया गया है कि वे किसानों और कृषक समूहों को निगरानी प्रक्रिया में शामिल करने के लिए प्रतिक्रिया और सूचना प्रणालियां विकसित करें और किसानों को असली-नकली उत्पादों की पहचान करने के बारे में शिक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करें। मंत्री ने सभी राज्यों से नकली और घटिया कृषि आदानों की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए उपरोक्त निर्देशों के अनुसार राज्यव्यापी अभियान शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा कि राज्य स्तर पर इस कार्य की नियमित निगरानी से किसानों के हित में एक प्रभावी और स्थायी समाधान निकलेगा। चौहान ने सही समय पर, किफायती दामों पर और मानक गुणवत्ता वाले उर्वरक उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह पत्र नकली उर्वरकों की बिक्री, सब्सिडी वाले उर्वरकों की कालाबाजारी और देशभर में जबरन टैगिंग जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जारी किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि नकली या घटिया उर्वरकों की बिक्री उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत प्रतिबंधित है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत आता है।

## बेहतर कंपनियों के चयन से छोटी, मझोली इकाइयों के शेयर भी देते हैं अच्छा रिटर्न

नयी दिल्ली। हाल में छोटी (स्मॉल कैप) और मझोली कंपनियों (मिडकैप) के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के बीच बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि स्मॉलकैप और मिडकैप फंड भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं लेकिन उपयुक्त कंपनियों और कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन का चुनाव करना जरूरी है।

उनका यह भी कहना है कि किसी शेयर की अस्थिरता या जोखिम को मापने वाला मिड और स्मॉल कैप का बीटा प्रमुख सूचकांक निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम है, जो बताता है कि ये उतने अस्थिर नहीं हैं जितना माना जाता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मानदंडों के अनुसार, बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 100 कंपनियों को लार्जकैप, 101 से 250 कंपनियों को मिडकैप 251 से ऊपर की सूची वाली इकाइयों को स्मॉलकैप की श्रेणी में रखा जाता है। जहां लार्जकैप कंपनियों का बाजार पूंजीकरण लगभग 20,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक होता है, वहीं मिडकैप कंपनियों का लगभग 5,000 करोड़ रुपये से लेकर 20,000 रुपये के बीच और छोटी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,000 करोड़ रुपये से कम होता है। हाल में यह देखा गया है कि मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में काफी उतार-चढ़ाव आया है।

# मौसम की मांग से तेल की कीमतों में सुधार



नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में खाद्य तेल कीमतों में सुधार और सावन के मौसम की मांग बढ़ने से घरेलू तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ।

वहीं ऊंचे भाव पर डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग के कारण सोयाबीन तिलहन की कीमतें नुकसान के साथ बंद हुईं। बाजार सूत्रों ने कहा कि गत सप्ताह विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम में मजबूती दिखी। इसके अलावा सावन के मौसम में खाद्य तेलों की मांग कुछ बढ़ती है। इन सबकी वजह से समीक्षाधीन सप्ताह में अधिकांश खाद्य तेल-तिलहन में सुधार दिखा। सूत्रों ने कहा कि सावन के मौसम की मांग बढ़ने के साथ-साथ कच्ची घानी की बड़ी तेल मिलों की मांग होने के कारण भी सरसों तेल-तिलहन में मजबूती रही। सरकार के पास सरसों का जो स्टॉक है, उसे संभल-संभल के बेचना होगा, क्योंकि आगामी सरसों फसल आने में अभी सात-आठ माह का समय बचा है। सरसों की घट-बढ़ सरकार पर निर्भर करती है जिसके पास सरसों का स्टॉक है। उन्होंने कहा कि सरकार को सरसों की बिक्री स्टॉकिस्टों के बजाय तेल मिलों को करनी चाहिये क्योंकि स्टॉकिस्ट द्वारा इसका स्टॉक जमा करने और बाद में अपने लाभ के हिसाब से इसका इस्तेमाल करने का अंदेशा रहता है। सरकार उन पेराई मिलों को सरसों बेचे जो पेराई के बाद उसे बाजार में उतारने की गारंटी करें। सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन डीओसी का दाम महंगा होने की वजह से इसकी मांग कमजोर है। जबकि सोयाबीन में किसानों को लाभ तभी बढ़िया होता है।

## जून में भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद 11 माह के उच्चस्तर पर

नयी दिल्ली। इज़राइल-ईरान युद्ध के बीच रिफाइनरियों द्वारा भंडारण बढ़ाने के कारण जून में रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। विश्लेषकों ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

वैश्विक जिंस बाज़ार विश्लेषक कंपनी केप्लर के तेल जहाज की निगरानी पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई, 2024 के बाद से सर्वाधिक है। जून में भारत के कच्चे तेल के वैश्विक आयात में छह प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि रूस से आयात में मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जुलाई, 2024 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रूस से किए गए इन आयात में से आधे से अधिक की हिस्सेदारी भारत की तीन रिफाइनरियों की रही, जो जी7 प्लस देशों को भी शोधन वाले उत्पादों का निर्यात करती हैं। भारत अपनी ज़रूरत का 85 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है, जिसे रिफ़ाइनरियों में पेट्रोल और डीज़ल जैसे ईंधन में बदला जाता है। परंपरागत रूप से, पश्चिम एशिया इसका मुख्य स्रोत था, लेकिन पिछले लगभग तीन वर्षों से रूस इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

# तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। घटनाक्रमों से भरे आगामी सप्ताह में कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के परिणाम और मुद्रास्फीति के आंकड़े स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

इसके अलावा वैश्विक बाजार का रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार को दिशा मिलेगी। वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी अलमंड्ज ग्लोबल के वरिष्ठ इक्विटी शोध विश्लेषक सिमरनजीत सिंह भाटिया ने कहा, वैश्विक संकेतक घरेलू शेयर बाजार का रुख तय करते रहेंगे, लेकिन निवेशकों की निगाह भारत-अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के संभावित नतीजों पर रहेगी। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है, ऐसे में कुल मिलाकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। इस अनिश्चित माहौल में कारोबारी कोई बड़ा सकारात्मक दांव लगाने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अगले कुछ सप्ताह के दौरान निवेशकों की निगाह कंपनियों के पहली तिमाही की नतीजों पर रहेगी। एक विश्लेषक ने कहा कि पिछले सप्ताह बाजार में एक प्रतिशत से ज़्यादा की गिरावट दर्ज की गई, जिसकी मुख्य वजह वैश्विक स्तर पर शुल्क को लेकर बनी अनिश्चितता और तिमाही नतीजों के सीजन की निराशाजनक शुरुआत थी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 311.15 अंक या 1.22 प्रतिशत टूट गया। आगे देखें तो कंपनियों का तिमाही नतीजों का सत्र महत्वपूर्ण रहेगा। सप्ताह के दौरान एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी बड़ी कंपनियों के जून तिमाही के नतीजे आने हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर, बाजार भागीदारों की निगाह 14 जुलाई को आने वाले थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) मुद्रास्फीति और खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

## सावन में रेल रेस्ट्रो की सौगात, 30 मिनट में पायें स्वादिष्ट सात्विक भोजन

नई दिल्ली। सावन का पवित्र महीना कल यानी 11 जुलाई से शुरू हुई। ऐसे में सावन के दौरान व्रत रखने वाले और शुद्ध सात्विक भोजन का लुत्फ उठाने वालों के लिए आईआरसीटीसी के ऑथराइज्ड फूड डिलीवरी पार्टनर रेल रेस्ट्रो ने सावन स्पेशलः मानसून धमाका पेश किया है। अब रेल यात्री, रेल रेस्ट्रो के जरिए चलती ट्रेन में 30 मिनट के अंदर, देश के 450 रेलवे स्टेशनों पर भारत के टॉप-लेवल रेस्टोरेंट से लजीज और ताजा सात्विक भोजन मंगवा सकते हैं। कंपनी की यह पहल उन लाखों श्रद्धालुओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जो इस सावन के महीने में ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं। कंपनी, स्वच्छता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

# आयकर रिफंड में 2013-14 से 474 प्रतिशत की वृद्धि




नयी दिल्ली। आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो सकल कर संग्रह में 274 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

साथ ही, आयकर रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों की संख्या में भी 81 प्रतिशत की कमी आई है। यह 2013 में 93 दिनों से घटकर 2024 में केवल 17 दिन रह गई है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के अंतिम वर्ष 2013-14 तक, आयकर विभाग द्वारा जारी रिफंड 83,008 करोड़ रुपये था। जबकि, वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के 11वें वर्ष 2024-25 के अंत तक, आयकर रिफंड 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो इस अवधि के दौरान 474 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 2013-14 के 7.22 लाख करोड़ रुपये से 274 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 तक 27.03 लाख करोड़ रुपये हो गया। साल 2013 से दाखिल किए गए आयकर रिटर्न में 133 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2013 में कुल 3.8 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए थे, जो 2024 में बढ़कर 8.89 करोड़ हो गए हैं। सूत्रों ने कहा कि कर रिफंड में यह भारी वृद्धि और रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों में कमी कर प्रशासन में सुधार, विशेष रूप से डिजिटल बुनियादी ढांचे को अपनाने के कारण है।

## पेज एक का शेष

### देश के सबसे

में इस साल महाकुंभ का आयोजन हुआ था और इसमें करीब 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए थे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने पर बेहतर सफाई व्यवस्था की गई, जिसकी देश ही नहीं दुनिया में सराहना की गई। मुख्यमंत्री के शहरी क्षेत्र गोरखपुर को भी इस बार साफ शहरों की श्रेणी का मिनिस्ट्रीरियल अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। आगरा को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नोएडा को तीन से 10 लाख की आबादी की श्रेणी में सबसे साफ सुथरे शहर के रूप में स्थान देते हुए सम्मानित किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा जारी स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में अहमदाबाद देश का सबसे साफ शहर बना है। भोपाल ने भी पिछले साल के 5वें स्थान से दूसरे स्थान पर आया है। लखनऊ ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 44वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंचने में कामयाबी हासिल की है। बताया जा रहा है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत दिए जाने वाले पुरस्कार को लेने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा और प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात के साथ संबंधित शहरों के नगर आयुक्त और मेयर जाएंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ नगर निगम प्रेसिडेंशियल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान दिल्ली में राष्ट्रपति की ओर से प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाएगा। इस अवार्ड के लिए नगर निगम का चयन हुआ है। इसकी जानकारी केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय की ओर से नगर निगम को पोर्टल पर दी गई है। पुरस्कार कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में देश में बेहतर कार्य करने के लिए दिया जाता है। लखनऊ नगर निगम के अपर नगर आयुक्त डॉ अरविंद राव ने बताया अभी स्वच्छता रेटिंग जारी नहीं हुई है। यह 17 जुलाई को ही जारी होगी। लखनऊ नगर निगम को अभी तक स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रेसिडेंशियल अवार्ड मिलने की सूचना मिली है। उम्मीद है इस बार नगर निगम की रेटिंग अच्छी आएगी। इस बार शिवरी प्लांट पर जमा कूड़े का निस्तारण का बड़ा काम हुआ है। जिसकी सराहना भी केंद्रीय टीम ने निरीक्षण के दौरान की थी।

### पूर्व विदेश सचिव

के मामले में सरकारी वकील के रूप में काम कर चुके हैं। भाजपा ने उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में मुंबई उत्तर मध्य सीट से पार्टी उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा था। प्रधानमंत्री ने राजनयिक के रूप में श्रृंगला के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मोदी ने कहा, पिछले कई वर्षों में उन्होंने भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और जी-20 की हमारी अध्यक्षता में भी योगदान दिया है। मुझे खुशी है कि उन्हें राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। उनका अद्वितीय दृष्टिकोण संसदीय कार्यवाही को और समृद्ध बनाएगा। श्रृंगला ने अमेरिका और थाईलैंड में भारत के राजदूत और बांग्लादेश में उच्चायुक्त के रूप में कार्य किया है। भारतीय विदेश सेवा के 1984 बैच के अधिकारी श्रृंगला ने 2023 में भारत की जी20 अध्यक्षता के लिए मुख्य समन्वयक के रूप में भी कार्य किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि मीनाक्षी जैन को राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। मोदी ने कहा कि उन्होंने एक विद्वान, शोधकर्ता और इतिहासकार के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। शिक्षा, साहित्य, इतिहास और राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में उनके कार्यों ने अकादमिक विमर्श को महत्वपूर्ण रूप से समृद्ध किया है। संसदीय कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में व्याख्याता रहीं जैन पद्मश्री से सम्मानित हैं। उन्होंने भारतीय इतिहास, देश की सभ्यता और ब्रिटिश शासन के दौरान स्वदेशी शिक्षा और भाषाओं पर कई किताबें लिखी हैं। प्रधानमंत्री ने सदानंदन मास्टर की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन साहस और अन्याय के आगे न झुकने की भावना का प्रतीक है। मोदी ने कहा, हिंसा और धमकी राष्ट्र के विकास के प्रति उनके जज्बे को रोक नहीं सकी। एक शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी उनके प्रयास सराहनीय हैं।

### पीएम मोदी

और हमारे संविधान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। वह न केवल एक सफल वकील रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय के प्रयासों में भी सबसे आगे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने पूरे कानूनी करियर के दौरान निकम ने हमेशा संवैधानिक मूल्यों को मज़बूत करने और आम नागरिकों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह खुशी की बात है कि राष्ट्रपति ने उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। उनकी संसदीय पारी के लिए मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने श्रृंगला के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा, पिछले कई वर्षों में उन्होंने भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और जी-20 की हमारी अध्यक्षता में भी योगदान दिया है। मुझे खुशी है कि उन्हें राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। उनका अद्वितीय दृष्टिकोण संसदीय कार्यवाही को और समृद्ध बनाएगा।

### यूपी में

लोकतंत्र की नींव पड़ी, तब देश कई बड़ी-बड़ी समस्याओं से जूझ रहा था और उस समय शासन-प्रशासन की चुनौतियां और जिम्मेदारियां भी बहुत बड़ी थी। सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पहले दो- मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत और सम्पूर्णानन्द- के बाद गुप्त जब प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे तो पहले ही दिन उन्होंने मंत्रियों के वेतन और भत्ते को कम करने का कार्य किया ताकि सरकार के खर्च को कम किया जा सके। रक्षा मंत्री ने कहा, आज देश और प्रदेश में जो प्रशासनिक व्यवस्था काम कर रही है, उसकी नींव रखने में चंद्रभानु गुप्त जी जैसे लोगों का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा, चंद्रभानु जी ज़्यादा समय तक सत्ता में नहीं रहे। लेकिन जितने भी कम समय सत्ता में रहे, उन्होंने जनकल्याण के कामों को प्राथमिकता दी। वह हमेशा अपनी ईमानदारी के लिए जाने जाते थे। सिंह ने कहा कि गुप्त कामराज योजना से सहमत नहीं थे, लेकिन इसी के चलते उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा, आप कल्पना कर सकते हैं कि कैसे एक निर्वाचित नेता को कुछ लोगों की नापसंदगी के कारण पद छोड़ना पड़ा होगा। साल 1963 में (मद्रास के पूर्व मुख्यमंत्री) के. कामराज ने जवाहरलाल नेहरू को सुझाव दिया था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को संगठनात्मक कार्य करने के लिए मंत्री पद छोड़ देना चाहिए। इस सुझाव को कामराज योजना के नाम से जाना गया। इस योजना के तहत छह मुख्यमंत्रियों और छह केंद्रीय मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया। बाद में नौ अक्टूबर, 1963 को कामराज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए।

### भ्रष्टाचार मुक्त

को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू करने, सख्त नकल विरोधी कानून बनाने, लैंड जिहाद व लव जिहाद के विरुद्ध कार्रवाई तथा धर्मांतरण और दंगारोधी कानूनों के माध्यम से शासन व्यवस्था को मजबूती प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन कदमों ने यह प्रमाणित किया है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो किसी भी चुनौती का सामना सफलतापूर्वक किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छद्म वेशधारियों की मूल पहचान उजागर करने के लिए ह्लऑपरेशन कालनेमिह्व चलाया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा गया है, जिनमें कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि ऐसे तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लना खाऊँगा, ना खाने दूँगाह्व के मंत्र को अपनाते हुए राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी शासन व्यवस्था के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### ठाकुरगंज हादसे

पर प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध कार्रवाई हो। उन्होंने दोहराया कि उत्तर प्रदेश सरकार नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है, और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। सीएम की सख्ती के बाद नाले की समुचित कवरिंग न होने के लिए सफाई ठेकेदार अंकित कुमार की लापरवाही सामने आयी है। अधिशासी अभियंता की रिपोर्ट में लापरवाही सामने आने पर अंकित कुमार के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया और उनकी फर्म अनिका इंटरप्राइजेज को ब्लैकलिस्ट किया गया।

### ...मुस्लिम युवकों

जांच में छांगुर बाबा द्वारा इस्तेमाल किए गए कोडवर्ड भी सामने आए हैं। जैसे कि लड़कियों को 'प्रोजेक्ट' कहा जाता था। ब्रेनवॉश की प्रक्रिया को 'काजल करना' कहा जाता था। किसी लड़की को बाबा से मिलाने को 'दीदार कराना' कहा जाता था। इसी तरह धर्मांतरण को 'मिट्टी पलटना' कहा जाता था। इन कोड्स के जरिए बाबा और उसका गैंग आपस में बात करता था ताकि किसी को भनक न लगे। ईडी और एटीएस की पड़ताल में यह बात भी सामने आई है कि बाबा के पास विदेशों से करोड़ों की फंडिंग आई। जांच में अब तक 18 बैंक खातों की जानकारी मिली है। इनमें कुल 68 करोड़ रुपए जमा हुए। केवल तीन महीनों में ही 3 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। छांगुर बाबा की सबसे बड़ी राजदार नीतू वोहरा उर्फ नसरीन थी, जो खुद भी धर्म परिवर्तन कर इस साजिश का हिस्सा बनी। उसके खाते में अकेले चार महीनों में 14 करोड़ रुपए आए। उन्हें तुरंत निकाल भी लिया गया। वहीं, उसके पति नवीन वोहरा के खातों में भी 18 करोड़ रुपए की एंट्री मिली है। बाबा ने अपने नेटवर्क को कानूनी रूप देने के लिए चार अलग-अलग संस्था बना रखी थीं।

इन्हीं संस्थाओं के जरिए फंडिंग होती थी। इसकी आड़ में राष्ट्रविरोधी साजिश का खाका तैयार किया जा रहा था। इस पूरे मामले में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि विदेशों से आ रहे पैसे के जरिए भारत को तोड़ने की साजिश हो रही है। राज्य सरकार किसी भी कीमत पर इसे सफल नहीं होने देगी। फिलहाल छांगुर बाबा यूपी एटीएस की गिरफ्त में है।

### मालगाड़ी

हो गया। मालगाड़ी के कुछ मध्यवर्ती डिब्बों में लगभग साढ़े पांच बजे तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन को पार करते समय आग लग गई तथा कई अन्य डिब्बे (इंजन से तीसरे डिब्बे के बाद) पटरी से उतर गए। विज्ञप्ति के अनुसार, मालगाड़ी के 18 डिब्बे जलकर खाक हो गए। मालगाड़ी चेन्नई हार्बर से वालाजा रोड साइडिंग (वालाजाबाद) जा रही थी। आग लगने से आसमान में घना धुआं फैल गया। घटना के बाद दमकल की कई गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। राज्य के अल्पसंख्यक एवं प्रवासी तमिल कल्याण मंत्री एस एम नासर ने अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। आग और धुएं को देखते हुए घटनास्थल के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित आश्रयों में भेजा गया। रेल सेवाएं बाधित होने के कारण राज्य परिवहन निगमों ने 170 से अधिक विशेष बस सेवाएं संचालित कीं। रेलवे ने बताया, तीसरे डिब्बे में आग लगने की सूचना मिलते ही लोको पायलट ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और तिरुवल्लूर स्टेशन मास्टर ने एहतियात के तौर पर ओवरहेड बिजली आपूर्ति बंद कर दी। रेलवे ने कहा, हालांकि जब तक ट्रेन को पूरी तरह रोका गया, तब तक आग 19वें डिब्बे तक फैल चुकी थी।




# भारत को आखिरी दिन 135 रन की जरूरत

## लॉर्ड्स टेस्ट : बुमराह ने कार्स के बाद वोक्स को बोल्ड किया, सुंदर को 3 विकेट

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत को जीत के लिए 193 रन का टारगेट दिया। स्टंप्स तक भारतीय टीम ने 58 रन पर चार विकेट गंवा दिए हैं। यशस्वी जायसवाल शून्य, करुण नायर 14 रन, कप्तान शुभमन गिल 6 रन और आकाश दीप एक रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल नाबाद हैं। रविवार को मैच के चौथे दिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 2 रन से खेलना शुरू किया और 192 रन पर ऑलआउट हो गई। जो रूट ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 33, हैरी ब्रूक ने 23 और जैक क्रॉली ने 22 रन की पारियां खेलीं।

भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट झटके। नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप को एक-एक विकेट मिला। पहली पारी में भारत और इंग्लैंड की टीमें 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं। किसी को बढ़त नहीं मिली। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट में भारत को जीत के लिए 193 रन का टारगेट दिया है। इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 192 रन पर ऑलआउट हो गई। जो रूट ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 33, हैरी ब्रूक ने 23 और जैक क्रॉली ने 22 रन की पारियां खेलीं। भारत की ओर से



वॉशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट झटके। नीतीश कुमार रेड्?डी और आकाश दीप को एक-एक विकेट मिला। रविवार को मैच के चौथे दिन इंग्लिश टीम ने 2/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। पहली पारी में भारत और इंग्लैंड की टीमें 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं। किसी को बढ़त नहीं मिली। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट के चौथे दिन भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 185 रन बना लिए हैं। जोफ्रा आर्चर और शोएब बशीर नाबाद हैं। जसप्रीत बुमराह ने क्रिस वोक्स (10 रन) और ?ब्रायडन कार्स (एक रन) को बोल्ड कर दिया। वॉशिंगटन सुंदर ने बेन स्टोक्स (33 रन), जो रूट (40 रन) और जैमी स्मिथ (8 रन) के विकेट झटके। पहले सेशन में आकाश दीप ने हैरी ब्रूक (23 रन), नीतीश कुमार रेड्?डी ने जैक क्रॉली (22 रन) के विकेट झटके। सिराज ने बेन डकेट (12 रन) और ओली पोप (4 रन) को पवेलियन भेजा। इंग्लिश टीम ने दिन की शुरूआत 2/0 के स्कोर से की। पहली पारी में भारत और इंग्लैंड की टीमें 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं। किसी को बढ़त नहीं मिली। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने रविवार को यहां तीसरे टेस्ट के चौथे दिन खराब होती पिच पर शानदार गेंदबाजी की जिससे लंच तक इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 98 रन हो गया। ब्रेक तक इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स दो रन और जो रूट 17 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

चौथे दिन की शुरुआत में मैदान पर रोमांच बरकरार रहा। भारत के लिए सिराज ने दो जबकि नीतिश कुमार रेड्डी और आकाशदीप ने एक एक विकेट झटका। पिच की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए 250 से 300 रनों का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण होगा। सिराज विपक्षी बल्लेबाजों के साथ तीखी बहस में माहिर हैं और वह बेन डकेट (12) को पवेलियन छोर से आउट करने के बाद जोश में आ गए। उन्होंने स्टंप्स को निशाना बनाने के लिए अपनी लाइन एवं लेंथ में थोड़ा बदलाव किया और उन्हें ओली पोप के रूप में एक और विकेट मिल गया। गेंदबाजों को नर्सरी छोर से ज्यादा मदद मिल रही थी जिससे सिराज ने अच्छी गेंदबाजी की। सात ओवरों के अपने स्पैल में उन्होंने महज 11 रन देकर दो विकेट हासिल किए। जसप्रीत बुमराह ने सिराज के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की और जैक क्रॉली को एक बार फिर परेशान किया। क्रॉली शनिवार को उनके एक ओवर में आउट होने से बच गए थे।

## यूथ टेस्ट : भारत व-19 का सात विकेट पर 450 रन

शनिवार को इंग्लैंड के बेकनहैम में खेले जा रहे पहले यूथ टेस्ट मैच के पहले दिन भारत व-19 ने इंग्लैंड व-19 के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 450 रन पर 7 विकेट खो दिए। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरूआत में वैभव सूर्यवंशी केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे ने 115 गेंदों में 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली और विहान मल्होत्रा (67 रन, 99 गेंद) के साथ दूसरे विकेट के लिए 173 रनों की साझेदारी की। आयुष और विहान के आउट होने के बाद, अभिज्ञान कुंडू (90 रन, 95 गेंद) और राहुल कुमार (85 रन, 81 गेंद) ने पांचवें विकेट के लिए 179 रनों की साझेदारी की। दोनों एक ही ओवर के अंदर आउट हो गए। दिन के अंत में आर.एस. अम्ब्रीश (31 रन, नाबाद) ने पहले मोहम्मद एना के साथ 32 रन और फिर हेनिल पटेल (6 रन, नाबाद) के साथ 30 रन जोड़े। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स ग्रीन, जैक होम और आर्ची वॉन ने 2-2 विकेट लिए, जबकि राल्फी एल्बर्ट को 1 सफलता मिली।

# हरिकृष्णन ए रा भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर बने



नयी दिल्ली। हरिकृष्णन ए रा 2022 में चेन्नई में जब ग्रैंडमास्टर श्याम सुंदर मोहनराज की अकादमी से जुड़े तो उनके बारे में इस कोच ने जो सबसे पहली चीज देखी वह उनका गणना करने का कौशल था। चौबीस साल के हरिकृष्णन ने शुक्रवार को फ्रांस के ला प्लेन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और देश के 87वें ग्रैंडमास्टन बने जिससे मोहनराज की खुशी का ठिकाना नहीं रहा क्योंकि कुछ महीनों के भीतर उनकी अकादमी के दो खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर बने।

चेन्नई के हरिकृष्णन ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म कुछ साल पहले हासिल किया था और फिर स्पेन में आंदुजार ओपन में दूसरा नॉर्म हासिल किया। श्रीहरि एल आर भारत के 86वें ग्रैंडमास्टर थे और अब हरिकृष्णन ने यह उपलब्धि हासिल की है। मोहनराज ने उस समय को याद किया जब वह एक साल से अधिक समय तक कोई ग्रैंडमास्टर तैयार नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, दो महीने में ही अकादमी ने दो ग्रैंडमास्टर तैयार कर दिए हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से जिन ग्रैंडमास्टर्स को मैं लगातार प्रशिक्षित कर रहा हूं, उनकी वजह से यह बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा यह मेरे और हरिकृष्णन, दोनों के लिए बड़ी राहत की बात है क्योंकि उन्होंने लगातार दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म गंवा दिए थे। मोहनराज को वह समय याद है जब अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन चुके हरिकृष्णन ग्रैंडमास्टर बनने के लिए मार्गदर्शन लेने उनकी अकादमी में आए थे। उन्होंने कहा, वह मेरे पास 2022 में शायद अक्टूबर के अंत में आया। वह बहुत ही मजबूत अंतरराष्ट्रीय मास्टर था। उसी समय मेरी अकादमी में नियमित शिविर में अधिक अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स आने लगे थे।

हरिकृष्णन आने वाले शुरुआती लोगों में से एक थे। फिर धीरे-धीरे लगभग 10-15 उनके जैसे स्तर के और लोग भी जुड़ गए। मोहनराज ने कहा मैं कहूंगा कि उसकी सबसे बड़ी खूबी उसका गणना करने का कौशल है। लेकिन जब मैं उसे प्रशिक्षण दे रहा था तो मैंने सुनिश्चित किया कि वह डाइनैमिक्स में भी अच्छा हो। फिर धीरे-धीरे वह रणनीति में भी अच्छा हो गया। मोहनराज का मानना है कि हरिकृष्णन को अब 2550-2600 की रेटिंग का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने कहा, निकट भविष्य में मुझे उम्मीद है कि वह 2550 और 2600 रेटिंग को पार कर जाएगा।

## संक्षेप

### निशानेबाजी : राष्ट्रीय खेल 2027 के तहत मेघालय में ट्रायल शुरू

शिलांग। राष्ट्रीय खेल 2027 की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे मेघालय के निशानेबाजी संघ ने रविवार को कहा कि उसने राज्य से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं की पहचान के लिए ट्रायल्स की एक श्रृंखला शुरू की है। मेघालय को पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अधिकार मिला है। राष्ट्रीय खेलों के 39वें सत्र का मुख्य आयोजन शिलांग में होगा। इसमें देशभर के विभिन्न खेलों के शीर्ष एथलीट भाग लेंगे। अधिकारियों को उम्मीद है कि ट्रायल्स से मिले अनुभव उनके लिए काफी मददगार होगा। मेघालय निशानेबाजी संघ के अध्यक्ष जेएफ खारशीइंग ने कहा, हम इन खेलों में सिर्फ भाग ही नहीं लेना चाहते बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, हमारा रणनीतिक ध्यान कम उम्र से ही प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें निखारने पर है। प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचे में हमारे निरंतर निवेश के साथ हमारा लक्ष्य 39वें राष्ट्रीय खेलों में निशानेबाजी स्पर्धाओं में अपना दबदबा बनाना है। उन्होंने कहा कि ये ट्रायल्स एक चयन प्रक्रिया के साथ-साथ आयोजन स्थल को परखने में भी मददगार होगा। इससे निशानेबाजों को अपने कौशल को निखारने, प्रतिस्पर्धी वातावरण के अनुकूल होने और खेलों से पहले अनुभव प्राप्त करने में मदद मिलती है।

### मोनाको डायमंड लीग के दौरान साबले को मामूली चोट : कोच

नयी दिल्ली। अनुभवी भारतीय स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले को दो दिन पहले मोनाको डायमंड लीग के दौरान गिरने के कारण मामूली चोट लगी है लेकिन उनके लंबे समय के कोच अमरीश कुमार ने रविवार को कहा कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। एशियाई खेलों के चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी साबले शुक्रवार को पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा पूरी नहीं कर पाए क्योंकि दौड़ के शुरुआती दौर में ही पानी में कूदते समय वह गिर गए। दौड़ से बाहर निकलते समय उन्हें घुटने के पिछले हिस्से से अपनी जांघ के निचले हिस्से को पकड़े हुए देखा गया। पुणे स्थित सैन्य खेल संस्थान में कार्यरत कुमार ने पीटीआई को बताया, साबले को घुटने के आसपास मामूली चोट लगी है। वह आराम करेंगे और अधिक से अधिक एक या दो हफ्तों में ठीक हो जाएंगे। चिंता की कोई बात नहीं है। न्होंने कहा, वह (साबले) अपने आगे चल रहे धावक को बचाने की कोशिश कर रहे थे जो पानी की बाधा को पार कर गया। ऐसा करते हुए वह खुद गिर गया। दौड़ में इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। उसके आगे चल रहा एथलीट संतुलन खो बैठा और गिर गया जिससे साबले भी लड़खड़ा गए।

# आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने बीएफआई चुनावों में देरी के लिए समिति गठित की

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनावों में हो रही देरी के कारणों का पता लगाने और निष्पक्ष तथा समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक खाके की सिफारिश करने हेतु तीन सदस्यीय फेक्ट फाइंडिंग समिति का गठन किया है। शुक्रवार को गठित इस समिति की अध्यक्षता आईओए के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव करेंगे जबकि आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा और अधिवक्ता पायल काकरा इसके सदस्य हैं। आईओए के 11 जुलाई के कार्यालय आदेश में उषा ने कहा, बीएफआई की वर्तमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था और तब से नए चुनाव नहीं हुए हैं।

आदेश में कहा गया कि यह समिति बीएफआई की वर्तमान कानूनी और प्रशासनिक स्थिति की जांच करेगी और भारत में मुक्केबाजी के संचालन और कामकाज पर देरी के प्रभावों का आकलन करेगी। यह समिति विश्व मुक्केबाजी के साथ बातचीत सहित आवश्यक कार्वाई की सिफारिश करेगी और निष्पक्ष एवं समय पर चुनाव कराने के लिए एक स्पष्ट खाका सुझाएगी। समिति को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है जिससे कि विश्व मुक्केबाजी के समक्ष तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत की जा सके।

इस समिति का गठन खेल मंत्रालय द्वारा पांच जुलाई को लिखे गए एक पत्र के बाद हुआ है जिसमें उषा से अनुरोध किया गया था कि विश्व मुक्केबाजी के साथ परामर्श करके एक उपयुक्त व्यवस्था तैयार करें ताकि राष्ट्रीय खेल संहिता 2011 और बीएफआई के उपनियमों के अनुसार जल्द से जल्द चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें। उषा ने पिछले महीने लुसाने में विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट से भी मुलाकात की थी। बीएफआई के पूर्व पदाधिकारियों का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था।

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 225 रन पर समेटा

किंगस्टन (जमैका)। शमार जोसेफ की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 225 रन पर समेटने के बाद एक विकेट पर 16 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने एकमात्र विकेट केवलोन एंडरसन (03) का गंवाया जिन्हें अपना 100वां टेस्ट खेल रहे मिचेल स्टार्क ने बोल्ड किया। स्टार्क यह उपलब्धि हासिल करने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग आठ जबकि कप्तान रोस्टन चेज तीन रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 209 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इससे पहले शमार जोसेफ (33 रन पर चार विकेट), जस्टिन ग्रीव्स (56 रन पर तीन विकेट) और जेडन सील्स (59 उन पर तीन विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 70.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और सैम कोन्सटास (17) का विकेट गंवाकर लंच तक एक विकेट पर 50 रन बनाए। उन्हें ग्रीव्स ने पगबाधा किया। दूसरे सत्र में भी ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (23) और कैमरन ग्रीन (46) के विकेट गंवाकर स्कोर तीन विकेट पर 138 रन तक पहुंचाया।

# पोलैंड ने डेनमार्क को हराया, चैंपियनशिप में पहली जीत

एजेंसी



लुसर्ने (स्विट्जरलैंड)। नतालिया पेडिला ने एक गोल दागा जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे पोलैंड ने शनिवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप मैच में डेनमार्क को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की। पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहे पोलैंड के लिए स्पेन में जन्मीं पेडिला ने 13वें मिनट में प्रतियोगिता का पहला गोल दागा जबकि पांच मिनट बाद कप्तान पर्निले हार्डर ने स्कोर 2-0 कर दिया।

डेनमार्क के लिए जेनी थॉमसेन ने पहले हाफ में गोल दागा लेकिन पोलैंड की टीम मध्यांतर तक 2-1 से आगे थी। मार्टिना वियानकोवस्का ने 76वें मिनट में स्कोर 3-1 किया। सिग्ने ब्रून ने इसके बाद 83वें मिनट में डेनमार्क की ओर से एक और गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाईं। दोनों ही टीम पहले ही ग्रुप सी से नॉकआउट में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकीं थी। स्वीडन ने ग्रुप के एक अन्य मैच में जर्मनी को 4-1 से हराया।

**फीफा ने खिलाड़ियों के विश्राम मानकों पर सहमति बनने की घोषणा की**

ज्यूरिख। फीफा ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और खेल की नियामक संस्था के बीच खिलाड़ियों के लिए मैचों के बीच 72 घंटे के आराम की आवश्यकता के साथ प्रत्येक सत्र के अंत में कम से कम 21 दिनों की छुट्टी मिलने पर सहमति बन गयी है। फीफा और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों के बीच यह बातचीत पेरिस सेंट-जर्मेन और चेल्सी के बीच क्लब विश्व कप के फाइनल की पूर्व संध्या पर हुईं। यह टूर्नामेंट यूरोप के सत्र के खत्म होने के तुरंत बाद आयोजित किया जा रहा है।

खिलाड़ियों के संघ ने कहा था कि एक महीने तक चलने वाले क्लब विश्व कप से खिलाड़ियों के चोटिल होने और थकान का खतरा बढ़ गया है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और फुटबॉल की शासी निकाय के अन्य अधिकारियों ने न्यूयॉर्क में दुनिया भर के खिलाड़ियों के संघों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। फीफा ने इन चर्चाओं को प्रगतिशील करार देते हुए कहा कि खिलाड़ियों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। फीफा ने कहा इस बात पर सहमति बनी है कि मैचों के बीच कम से कम 72 घंटे का आराम होना चाहिए और खिलाड़ियों को प्रत्येक सत्र के अंत में कम से कम 21 दिनों की आराम अवधि या छुट्टी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा इस अवधि को प्रत्येक क्लब द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रबंधित किया जाना चाहिए और संबंधित खिलाड़ियों को भी उनके मैच कैलेंडर के आधार पर और लागू सामूहिक समझौतों को ध्यान में रखते हुए इसे प्रबंधित करना चाहिए।

# टी-20 : भारत ने इंग्लैंड को 3-2 से हराया




एजेंसी

बर्मिंघम। इंग्लैंड की सरजमीं पर पहली बार टी20 श्रृंखला जीत सुनिश्चित करने वाली भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान टीम के खिलाफ अंतिम गेंद पर पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने हालांकि श्रृंखला 3-2 से जीती। भारत ने शेफाली वर्मा की 75 रन की तेजतर्रार पारी से सात विकेट पर 167 रन बनाए लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर पांच विकेट शेष रहते 168 रन बनाकर मैच जीत लिया। टॉस हार बल्लेबाजी करने उतरे भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने एम आर्लोट (42 रन पर एक विकेट) पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन अंतिम गेंद पर लिन्से स्मिथ को कैच दे बैठीं। जेमिमा रोड्रिग्ज भी सिर्फ एक रन बनाकर लिन्से की गेंद पर बोल्ड हो गईं जिससे भारत का स्कोर दो विकेट पर 19 रन हो गया।

शेफाली और कप्तान हरमनप्रीत कौर (15) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 43 गेंद में 66 रन की साझेदारी की। ऑफ स्पिनर चार्ली डीन (23 रन पर तीन विकेट) ने हरमनप्रीत को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। हरलीन देओल भी सिर्फ चार रन बनाने के बाद सोफी एकलेस्टोन (28 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गईं। शेफाली ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सातवें ओवर में तेज गेंदबाज इसी वोंग पर तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बटोरे। शेफाली ने एकलेस्टोन पर कवर्स में चौका जड़कर सिर्फ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी20 में किसी भारतीय का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। माइया बूचियर ने 14वें ओवर में डीन की गेंद पर शेफाली का शानदार कैच लपककर भारत का स्कोर पांच विकेट पर 111 रन किया। शेफाली ने 41 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का मारा।

विकेटकीपर रिचा घोष ने इसके बाद 16 गेंद में 24 जबकि राधा यादव ने 14 गेंद में 14 रन की पारी खेली जिससे भारत ने अंतिम 41 गेंद में 56 रन जोड़े। लक्ष्य का

- महिला टी-20 : शेफाली के अर्धशतक के बावजूद हारा भारत, श्रृंखला 3-2 से जीती
- डब्ल्यूपीएल ने खिलाड़ियों की प्रगति में अहम भूमिका निभाई, टी20 श्रृंखला जीत के बाद मजूमदार ने कहा

पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों सोफिया डंक्ले (46 रन, 30 गेंद) और डेनियली वॉट हॉज (56 रन, 37 गेंद) ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 10.4 ओवर में 101 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई। भारत ने शतकीय साझेदारी के बाद डंक्ले और वॉट हॉज को जल्दी-जल्दी आउट करके वापसी का प्रयास किया लेकिन कप्तान टैमी ब्युमोंट (30) और बूचियर (16) ने मेजबान टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड को अंतिम ओवर में जीत के लिए छह रन की दरकार थी। अरुंधति रेड्डी (47 रन पर दो विकेट) ने ब्युमोंट और ऐमी जोन्स को आउट किया लेकिन एकलेस्टोन और पेज स्कोफील्ड ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। दोनों टीमों के बीच अब 16 जुलाई से साउथम्पटन में तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी। वहीं दूसरी ओर

भारतीय कोच अमोल मजूमदार ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार महिला टी20 श्रृंखला जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को देते हुए कहा कि इसने खिलाड़ियों की प्रगति में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय प्रतिस्पर्धी घरेलू सत्र को भी दिया। भारत शनिवार को पांचवां और अंतिम मैच हार गया लेकिन श्रृंखला 3-2 से अपने नाम कर ली। मजूमदार ने पांचवें टी20 में अंतिम गेंद पर भारत की पांच विकेट की हार के बाद कहा, डब्ल्यूपीएल खिलाड़ियों की प्रगति का एक अहम हिस्सा रहा है।

इसमें कोई शक नहीं है। लेकिन भारत में और भी टूर्नामेंट हैं जिन पर हमारी नजर है। बहुत सारे घरेलू खिलाड़ी खेल रहे हैं। उन्होंने कहा डब्ल्यूपीएल बीसीसीआई की पहल का एक हिस्सा मात्र है। इसलिए मुझे लगता है कि डब्ल्यूपीएल हमारे लिए एक सुखद अनुभव रहा है। लेकिन साथ ही ऐसे अन्य टूर्नामेंट भी हैं जो महत्वपूर्ण हैं। भारत की पदार्पण करने वाली बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने 10 विकेट लेकर श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने खेलने के दिनों में घरेलू स्तर पर सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे मजूमदार ने कहा कि वह डब्ल्यूपीएल की खोज रहीं। बीस वर्षीय चरणी को उनके अभूतपूर्व प्रदर्शन के लिए श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। हालांकि शनिवार को उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। मजूमदार ने कहा, मुझे लगता है, आप जानते हैं, डब्ल्यूपीएल से हमने उन्हें पहचाना और फिर मुझे लगता है कि उनकी प्रगति शानदार रही है। उन्होंने कहा, हम एक बाएं हाथ की स्पिनर की तलाश में थे और वह इस काम के लिए बिल्कुल सही बैठी हैं। मजूमदार ने कहा कि इस श्रृंखला में सबसे अहम बात भारत की गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण रहा जिसने पहले से ही मजबूत बल्लेबाजी क्रम का अच्छा साथ निभाया।



# रूस ने अमेरिका को दी चेतावनी

## रूस के विदेश मंत्री ने किम जोंग उन से मुलाकात की, अमेरिका के सहयोगियों को दी चेतावनी

एजेंसी

सियोल। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात की और अमेरिका, दक्षिण कोरिया तथा जापान को उत्तर कोरिया के खिलाफ सुरक्षा साझेदारी बनाने के सिलसिले में चेतावनी दी।

लावरोव रूस तथा उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सैन्य व अन्य सहयोग को और प्रगाढ़ करने के वास्ते बातचीत के लिए उत्तर कोरिया के दौरे पर हैं। उन्होंने शनिवार को उत्तर कोरिया के पूर्वी शहर वोनसान में देश के नेता किम जोंग उन से मुलाकात की और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान किम ने यूक्रेन के खिलाफ संघर्ष में रूस द्वारा उठाए गए सभी कदमों का बिना शर्त



समर्थन और प्रोत्साहन देने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार समिति कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने अपनी एक खबर में कहा कि किम ने कहा कि प्योंगयांग और मॉस्को गठबंधन के स्तर के अनुरूप सभी रणनीतिक मुद्दों पर समान विचार रखते हैं। केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव ने दोनों देशों से अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपने रणनीतिक एवं सामरिक सहयोग को और मजबूत करने तथा संयुक्त कार्वाई को तेज करने का आह्वान किया। हाल के वर्षों में रूस और उत्तर कोरिया के संबंध तेजी से मजबूत हुए हैं। उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में समर्थन देने के लिए सैनिकों और गोला-बारूद की आपूर्ति की है, जिसके बदले में उसे सैन्य और आर्थिक सहायता मिली है।

उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चो सोन हुई के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में लावरोव ने अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान पर उत्तर कोरिया के चारों ओर सैन्य जमावड़ा करने का आरोप लगाया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, लावरोव ने कहा, हम इन संबंधों का इस्तेमाल उत्तर कोरिया और निश्चित रूप से रूस सहित किसी के भी खिलाफ गठबंधन बनाने को लेकर चेतावनी देते हैं।

# स्वतंत्र विश्लेषण में उत्सर्जन नियंत्रण मानदंडों में ढील को लेकर सवाल खड़े किये गये थे

नयी दिल्ली। भारत द्वारा सल्फर डाइऑक्साइड **(एसओ2** ) उत्सर्जन नियंत्रण मानदंडों में महत्वपूर्ण ढील देने से पहले एक स्वतंत्र विश्लेषण ने चेतावनी दी थी कि इस कदम को उचित ठहराने के लिए उद्धृत किए जा रहे प्रमुख वैज्ञानिक अध्ययन विरोधाभासों से भरे हुए हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का जोखिम पैदा करते हैं। मानंदडों में ढील के जरिये बड़ी संख्या में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को छूट दी गई थी।

पिछले महीने जारी एक विश्लेषण में, ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) ने आरोप लगाया कि एनईईआरआई, एनआईएएस और आईआईटी दिल्ली जैसे संस्थानों द्वारा किए गए अध्ययनों का उपयोग देश भर के बिजली संयंत्रों द्वारा निष्क्रियता को उचित ठहराने के लिए चुनिंदा रूप से किया जा रहा है , जो प्रमुख वायु प्रदूषक एसओ2 उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) इकाइयों की स्थापना में देरी कर रहे हैं। भारत ने दिसंबर 2015 में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन संबंधी कड़े मानक तय किए थे, जिनका दो वर्षों के भीतर अनुपालन आवश्यक था। कई बार विस्तार के बाद भी, 92 प्रतिशत कोयला आधारित बिजली संयंत्रों ने अभी तक



सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए एफजीडी इकाइयां स्थापित नहीं की हैं। सल्फर डाइऑक्साइड एक प्रमुख वायु प्रदूषक है, जो सूक्ष्म कण पदार्थ पीएम2.5 में परिवर्तित हो जाता है और कई प्रकार की बीमारियों का कारण बनता है। ग्यारह जुलाई की अधिसूचना में, पर्यावरण मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 10 किलोमीटर के भीतर या दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में स्थित कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए एसओ2 अनुपालन की समय सीमा को दिसंबर 2024 से दिसंबर 2027 तक बढ़ा दिया है।

संक्षेप

### बांग्लादेश में व्यापारी हत्या मामले में सात गिरफ्तार

ढाका। बांग्लादेश में एक कबाड़ व्यापारी की हत्या के सिलसिले में अब तक कम से कम सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और रविवार को देशव्यापी तलाशी अभियान शुरू किया गया। गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने यह जानकारी दी। प्रथम एलो के अनुसार चौधरी ने कहा कि यह अभियान नौ जुलाई को मिटफोर्ड अस्पताल के पास लाल चंद उर्फ सोहाग की जघन्य हत्या के बाद कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा चुनाव पूर्व स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा मिटफोर्ड में हुई हत्या अत्यंत दुखद और बर्बर है। सभ्य समाज में ऐसी घटनाओं के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस की जासूसी शाखा (डीबी) ने शनिवार रात इस मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस घटना के बृहस्पतिवार को सामने आये वीडियो में व्यापारिक विवाद के बाद मिटफोर्ड अस्पताल के पास रजनी घोष लेन में कबाड़ विक्रेता की कंक्रीट के स्लैब से हमला करके हत्या करते हुए दिखाया गया। उसकी मौत की पुष्टि के बाद, हमलावर उसके शरीर पर नाचते रहे। पुलिस ने पहले इस घटना में कथित संलिप्तता के लिए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था।

# दिल्ली : अपहरण और लूट के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अपहरण और लूट के मामले में एक वर्ष से फरार मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान किसन मूरत (45) के रूप में हुई है, जो बाबा हरिदास नगर का निवासी है। पुलिस के अनुसार, वह अगस्त 2024 में नांगलोई में दर्ज मामले का मुख्य साजिशकर्ता था। एक अधिकारी ने बताया, इस मामले में उसके तीन सहयोगियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, मूरत पहले एक विद्युत वितरण कंपनी में तकनीशियन के रूप में संविदा पर काम करता था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक जौहरी दर्शन को लूटने की साजिश रची थी। उसने दर्शन को गिरवी रखे गए उसके सोने के गहने को फाइनेंस कंपनी से छुड़वाने में मदद करने का झांसा दिया। एक अधिकारी ने बताया, सोना छुड़वाने के बाद मूरत और उसके सहयोगियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर दर्शन को रोका और उसे एक कार में बिठा लिया, इसके बाद उसका सोना और नकदी छीन ली और फिर उसे सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए।

# एसओ 2 उत्सर्जन नियमों में छूट देने का सरकार का फैसला गलत

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार की ओर से लगभग 78 प्रतिशत कोयला आधारित संयंत्रों को प्रमुख प्रदूषण रोधी प्रणालियां लगाने से छूट दिए जाने पर रविवार को कहा कि पर्यावरण मंत्रालय की इस नीति के पीछे की दलील गलत आधार पर आधारित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता



मानकों (एनएएक्यूएस) में संशोधन के अभाव में सरकार की नीति बनाने की प्रक्रियौ त्रुटिपूर्ण रहेगी। केंद्र सरकार ने एक बार फिर कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों के लिए सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन मानदंडों का अनुपालन करने की समय सीमा बढ़ा दी है और अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्रों या दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों से दूर स्थित संयंत्रों को इससे पूरी तरह छूट दे दी है। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी सरकार ने पहले ही भारत को सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन में वैश्विक नेता बनाने का गौरव हासिल कर लिया है। अब हमें पता चला है कि पर्यावरण मंत्रालय ने भारत के 78-89ृताप विद्युत संयंत्रों को सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कटौती करने वाले फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी) सिस्टम लगाने से छूट दे दी है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि एफजीडी सिस्टम लगाने की समय सीमा पहले 2017 निर्धारित की गई थी, जिसे कई बार आगे बढ़ाया जा चुका है। रमेश ने कहा कि सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ2) जन स्वास्थ्य के लिए सीधा खतरा है और यह बादलों के बनने की प्रक्रिया भी प्रभावित करती है।

# अमित शाह ने राज्यसभा के लिए मनोनीत हस्तियों को दी बधाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा के लिए मनोनीत हुए चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों को रविवार को बधाई दी और कहा कि उनका व्यापक ज्ञान, अनुभव एवं कौशल संसद में राष्ट्रीय विमर्श को और समृद्ध बनाएगा। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला, 26I11 मुंबई आतंकवादी हमला मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, भाजपा की केरल इकाई के नेता सी सदानंदन मास्टर और दिल्ली में रहने वालीं इतिहासकार मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। शाह ने एक्स पर लिखा, प्रतिष्ठित इतिहासकार डॉ. मीनाक्षी जैन जी, पूर्व राजनयिक श्री हर्षवर्धन शृंगला जी, सामाजिक कार्यकर्ता श्री सी सदानंदन



मास्टर जी और वरिष्ठ अधिवक्ता श्री उज्ज्वल निकम जी को माननीय राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने पर हार्दिक बधाई। गृह मंत्री ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में अपने अनुकरणीय योगदान से इन प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने राष्ट्र का मान बढ़ाया है।

# निर्वाचन आयोग हमेशा मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा : सिब्बल

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग हमेशा से मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक असंवैधानिक कदम है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बहुसंख्यकवादी सरकारें सत्ता में बनी रहें। पूर्व कानून मंत्री ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में यह भी आरोप लगाया कि प्रत्येक निर्वाचन आयुक्त इस सरकार के साथ मिलीभगत करने में एक-दूसरे से आगे रहता है।

बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) के पास नागरिकता के मुद्दों पर फैसला करने का अधिकार नहीं है। निर्वाचन आयोग का कहना है कि 22 वर्षों के बाद हो रहे इस पुनरीक्षण से मतदाता सूची से अपात्र लोगों, डुप्लिकेट प्रविष्टियों को हटाया जाएगा तथा कानून के अनुसार मतदान के पात्र लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा। एसआईआर को लेकर



निर्वाचन आयोग पर विपक्ष के हमले के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा, जब से यह सरकार सत्ता में आई है, तब से यह (निर्वाचन आयोग) लंबे समय से सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के आचरण के बारे में जितना कम कहा जाए उतना ही बेहतर है। एसआईआर पर उन्होंने कहा, मेरे अनुसार यह पूरी तरह से असंवैधानिक प्रक्रिया है। आयोग के पास नागरिकता के मुद्दों पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं है और वह भी एक ब्लॉक स्तर के अधिकारी द्वारा। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा मैं कहता रहा हूं कि वे (भाजपा) किसी भी तरह चुनाव जीतने के लिए हरसंभव हथकंडा अपनाते हैं। दरअसल, विशेष गहन पुनरीक्षण की यह पूरी प्रक्रिया आने वाले समय में बहुसंख्यकवादी सरकारों को बनाए रखने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा यही मंशा है क्योंकि अगर आप गरीब लोगों, हाशिए पर पड़े लोगों, आदिवासियों के नाम हटा देंगे, तो आप यह सुनिश्चित कर देंगे कि बहुसंख्यकवादी पार्टी हमेशा जीते। इसलिए यह कवायद यही सुनिश्चित करने का एक और तरीका है तथा यह बहुत चिंताजनक है।

सिब्बल ने कहा कि उन्होंने हमेशा कहा है कि उन्हें निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं है, क्योंकि इस संस्था ने वह स्वतंत्रता प्रदर्शित नहीं की है जिसकी उससे अपेक्षा की जाती है। उच्चतम न्यायालय के अंतरिम आदेश पर सिब्बल ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि वह इस मामले में वकील हैं। उन्होंने कहा उम्मीद है कि अदालत ने जो कुछ भी कहा है, निर्वाचन आयोग उसे ध्यान में रखेगा ताकि यह विवाद आगे न बढ़े।

### उल्फा ने अपने शिविरों पर सेना के ड्रोन हमलों का दावा किया

गुवाहाटी। प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन उल्फा (आई) ने रविवार को दावा किया कि भारतीय सेना ने म्यांमा सीमा पर उसके शिविरों पर ड्रोन हमले किए हैं, हालांकि सशस्त्र बलों की ओर से इस घटनाक्रम की कोई पुष्टि नहीं की गई है। उल्फा (आई) ने एक बयान में कहा कि उसके कई शिविरों पर तड़के ड्रोन से हमले किए गए। प्रतिबंधित संगठन ने दावा किया कि हमलों में नयन असोम उर्फ नयन मेधी मारा गया, जो इसकी निचली परिषद का अध्यक्ष था, जबकि लगभग 19 अन्य घायल हो गए। संपर्क करने पर रक्षा प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ऐसी किसी घटना की कोई जानकारी नहीं है। लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा, भारतीय सेना के पास इस तरह के किसी ऑपरेशन की कोई जानकारी नहीं है। उल्फा (आई) ने बाद में एक अन्य बयान में दावा किया कि जब उसके मारे गए सदस्य का अंतिम संस्कार किया जा रहा था।

## इंटरटेनमेंट...

# राजकुमार की फिल्म 'मालिक' ने दो दिन में कमाये 9 करोड़

मुंबई। राजकुमार राव की फिल्म 'मालिक', शनाया कपूर-विक्रांत मैसी की 'आंखों की गुस्ताखियां' और हॉलीवुड की 'सुपरमैन' 11 जुलाई को एक साथ रिलीज हुईं। शुक्रवार से ही इन फिल्मों में कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। एनबीटी के अनुसार, सुपरमैन ने रिलीज के पहले दिन 7

**शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लड़खड़ाई**

करोड़ और दूसरे दिन 9.25 करोड़ कमाकर दो दिन में 16.25 करोड़ का कलेक्शन किया। दर्शकों को फिल्म पसंद आ रही है और यह पिछले हॉलीवुड रिलीज 'एफ1' और 'जुरासिक वर्ल्ड: रीबर्थ' को भी टक्कर दे रही है। सुपरमैन में डेविड कॉरेंसवेट, रेचल ब्रोसनाहन और निकोलस होल्ट जैसे हॉलीवुड स्टार नजर आए। वहीं,




'मालिक' ने पहले दिन 3.75 करोड़ की ओपनिंग ली थी और दूसरे दिन 5.25 करोड़ कमाए। दो दिन में इसका कुल कलेक्शन 9 करोड़ हो गया है। सीरियस रोल में लौटे राजकुमार राव की तारीफ हो रही है।

हालांकि, इस फिल्म का बजट ?54 करोड़ बताया जा रहा है। 'मालिक' में राजकुमार राव के साथ सयानी गुप्ता और विनीत कुमार सिंह ने भी अहम भूमिकाएं निभाईं। इसके मुकाबले 'आंखों की गुस्ताखियां' पूरी तरह बॉक्स ऑफिस पर लड़खड़ा गई है। शनाया कपूर और विक्रांत मैसी की फिल्म ने दूसरे दिन केवल 43 लाख कमाए। दो दिन में इसका कुल कलेक्शन 73 लाख ही रहा है। फिल्म में शनाया की एक्टिंग को कुछ तारीफ तो मिली, लेकिन केमिस्ट्री को लेकर आलोचना हुई।

### रियल स्टेट घोटाले में महेश बाबू को लीगल नोटिस

मुंबई। साउथ सुपरस्टार महेश बाबू को हाल ही में एक रियल स्टेट घोटाले से जुड़े मामले में लीगल नोटिस मिला है। आरोप हैं कि रियल स्टेट कंपनी ने महेश बाबू से फ्लैट्स का प्रमोशन करवाया था। एक्टर का नाम जुड़ने से कई लोगों ने भरोसा कर प्रॉपर्टी खरीदी, लेकिन बाद में सामने आया कि ऐसा कोई प्रोजेक्ट है ही नहीं। महेश बाबू को इस मामले में तीसरे प्रतिवादी के रूप में शामिल किया गया है। महेश बाबू को हैदराबाद की डॉक्टर की शिकायत के बाद तेलंगाना के रंगा रेड्डी डिस्ट्रिक्ट कंज्यूमर कमिशन द्वारा नोटिस भेजा गया है। महिला का आरोप है कि उन्होंने साई सूर्या डेवलपर्स से 34 लाख 80 हजार रुपए में प्रॉपर्टी खरीदी थी। इस प्रॉपर्टी के ब्रांड एंबेसेडर एक्टर महेश बाबू थे।

# साउथ के पॉपुलर विलेन कोटा श्रीनिवास का निधन

**मुंबई**। सन ऑफ सत्यमूर्ति, टेंपर, येवडू जैसी मशहूर फिल्मों में विलेन की भूमिका निभाने वाले साउथ के पॉपुलर विलेन कोटा श्रीनिवास का 13 जुलाई को निधन हो गया है। एक्टर की उम्र 83 साल थी।

उन्होंने 10 जुलाई को अपना 83वां जन्मदिन मनाया था। एक्टर लंबे समय से बीमार चल रहे थे। कोटा श्रीनिवास ने हैदराबाद के जुबली हिल स्थित बंगले में आज तड़के सुबह आखिरी सांसें लीं। कोटा श्रीनिवास ने तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और हिंदी भाषा में करीब 750 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया है। 2015 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित



किया गया था। साउथ सुपरस्टार चिरंजीवी ने कोटा श्रीनिवास के अंतिम दर्शन किए। चिरंजीवी ने कोटा श्रीनिवास के परिवार के सदस्यों को गले लगाकर संवेदना व्यक्त की।

# फिल्म : 'धड़क 2' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई**। धड़क 2 का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है और इसने इंटरनेट पर चर्चाएं शुरू कर दी हैं। वहीं आज फिल्म के ट्रेलर को लेकर आज अमिताभ बच्चन ने भी सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी राय जाहिर की है। 'धड़क 2' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज हो चुका है।

इसके ट्रेलर में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए। प्रशंसकों को यह ट्रेलर बेहद पसंद आया। वहीं आज अमिताभ बच्चन ने भी फिल्म के ट्रेलर को लेकर सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। आज एक्स हैंडल पर अमिताभ बच्चन ने फिल्म 'धड़क 2' का आधिकारिक ट्रेलर शेयर करते हुए इसकी तारीफ की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'टी 5440




- सभी को शुभकामनाएं। अमिताभ की इस पोस्ट पर 'धड़क 2' की निमार्ता मीनू अरोड़ा ने आभार जताते हुए लिखा।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com